...the name you can BANK upon!

Azadi Ka Amrit Mahotsav

pnb one #JustOneApp

**Share Department, Board & Coordination Division, HO Plot No.4 Sector 10, Dwarka, New Delhi-110075 Tel No. : 011-28044857, E-mail: hosd@pnb.co.in**

| **Scrip Code : PNB** | **Scrip Code : 532461** |
|---|---|
| National Stock Exchange of India Limited<br>"Exchange Plaza"<br>Bandra – Kurla Complex, Bandra (E)<br>Mumbai – 400 051 | BSE Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street,<br>Mumbai – 400 001 |

Date: 04.06.2025

Dear Sir(s),

**Reg.: Annual Report of the Bank for the year 2024-25**

Pursuant to Regulation 34 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed the Annual Report of the Bank for the year 2024-25.

The copy of Annual Report is also available on Bank's website at https://www.pnbindia.in/annual-reports.html

You are requested to take the above on record please.

Thanking you
Yours faithfully,

Bikramjit Shom

Digitally signed by Bikramjit Shom
DN: cn=Bikramjit Shom, c=IN, st=DELHI, o=Punjab National Bank, ou=HO Board, serialNumber=6f2651546fb6d9dcaa692694280f1d0198f3f1283652a85f10889a45fae593e8
Date: 2025.06.04 20:38:03 +05'30'

पंजाब नैशनल बैंक P.N.B. शेयर विभाग बोर्ड व समन्वय प्रभाग Board & Coord. Division Share Department H.O., New Delhi-110075 प्र.का., नई दिल्ली-110075

**(Bikramjit Shom)**
**Company Secretary**

Enclosed: As above

# वार्षिक रिपोर्ट
# ANNUAL REPORT

## 2024-25




पंजाब नैशनल बैंक
...भरोसे का प्रतीक !

punjab national bank
...the name you can BANK upon !

पीएनबी हॉफ मैराथन दिल्ली 2025 के दौरान श्री एम. नागराजू, आईएएस, सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग (भारत सरकार), श्री अशोक चंद्र, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री कल्याण कुमार, कार्यपालक निदेशक, श्री एम. परमशिवम, कार्यपालक निदेशक, श्री बिभु प्रसाद महापात्र, कार्यपालक निदेशक, श्री डी. सुरेंद्रन, कार्यपालक निदेशक और श्री राघवेंद्र कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी।

**Shri M. Nagaraju, IAS, Secretary, Department of Financial Services(GOI),Shri Ashok Chandra, MD & CEO, Shri Kalyan Kumar, ED, Shri M. Paramasivam,ED, Shri Bibhu Prasad Mahapatra, ED, Shri D. Surendran, ED and Shri Raghvendra Kumar, CVO during PNB Half Marathon Delhi 2025.**

बैंक के 131वें स्थापना दिवस के अवसर पर 34 नवीन उत्पादों को लॉन्च करते हुए श्री एम. नागराजू, आईएएस सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग (भारत सरकार), श्री अशोक चंद्र, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री कल्याण कुमार, कार्यपालक निदेशक, श्री एम. परमशिवम, कार्यपालक निदेशक और श्री डी. सुरेंद्रन, कार्यपालक निदेशक।

**Shri M. Nagaraju, IAS Secretary, Department of Financial Services(GOI), Shri Ashok Chandra, MD & CEO, Shri Kalyan Kumar, ED, Shri M. Paramasivam, ED and Shri D. Surendran, ED launching 34 innovative products on the occasion of Bank's $131^{st}$ Foundation Day.**

# अध्यक्ष का संदेश
# Chairman's Message

वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंजाब नैशनल बैंक ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें उल्लेखनीय कारोबार का विस्तार और बेहतर वित्तीय स्थिति शामिल है। बैंक के कारोबार में वार्षिक आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2024–25 के निवल लाभ में 102 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बैंक की लाभप्रदता उत्साहवर्धक रही है। बैंक ने अपनी आस्ति गुणवत्ता में भी सुधार किया तथा इसकी कुल अनर्जक आस्तियां (जीएनपीए) 3.95 प्रतिशत और निवल अनर्जक आस्तियां 0.40 प्रतिशत रही।

पिछले 130 वर्षों में, पंजाब नैशनल बैंक ने अर्थव्यवस्था के सभी खंडों और क्षेत्रों को ऋण प्रदान कर राष्ट्र निर्माण में एक अपरिहार्य भूमिका निभाई है। बैंक ने अपने विभिन्न नवीन उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन, नागरिकों को सशक्त बनाने, युवाओं की शिक्षा में सहायता करने, किसानों की आय में वृद्धि और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के माध्यम से कारोबार संवृद्धि को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा है। पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने वित्तीय समावेशन और उचित विकास की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम रहते हुए, बैंक रहित क्षेत्रों में तेजी से विस्तार किया है तथा आवश्यक ऋण प्रदान करने में एक प्रमुख सुविधाकर्ता की भूमिका निभाई है।

### समष्टि–आर्थिक परिदृश्य

विगत वित्तीय वर्ष 2024–25 पर विचार करते समय हम एक गतिशील और उभरते वैश्विक परिदृश्य की पृष्ठभूमि दृष्टिगत करते हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था को दो वर्तमान युद्धों से चुनौती मिली है, अनेक टैरिफ प्रतिबंधों और अत्यधिक अप्रत्याशित वातावरण के कारण व्यापार तनाव में वृद्धि हो रही है। वैश्विक आर्थिक गतिविधि 2024 में 3.3 प्रतिशत वास्तविक जीडीपी के विकास दर के साथ लचीली बनी हुई है, लेकिन 2025[1] में 2.8 प्रतिशत तक धीमी होने की संभावना है। भू–राजनीतिक बदलाव, प्रौद्योगिकी की उन्नति और दुनिया भर में आर्थिक नीतियों में हो रहा पुनर्मूल्यांकन हमारे समक्ष नवीन अवसरों तथा चुनौतियों को प्रस्तुत कर रहा है।

हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ विकास और आघात–सहनीयता के साथ अन्य वृहद अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। भारत सुदृढ़ घरेलू मांग, रणनीतिक सरकारी पहलों और जीवंत उद्यमशीलता की भावना से प्रेरित होकर स्थिरता का प्रतीक बन गया है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए एनएसओ के दूसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार अर्थव्यवस्था में लगभग 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना

1. आईएमएफ विश्व आर्थिक परिदृश्य, अप्रैल 2025 के अनुसार

Punjab National Bank has showcased robust performance in FY'2024-25, marked by significant business expansion and enhanced financial health. The Bank's Business grew by 14 per cent on yearly basis. The profitability of the Bank remained upbeat with Net Profit of FY'2024-25 grew by 102 per cent. The Bank also improved its asset quality with Gross Non Performing Asset (GNPA) at 3.95 per cent and Net Non-Performing Asset at 0.40 per cent.

Over the past 130 years, Punjab National Bank has played an indispensable role in nation building by providing credit to all the segments and sectors of the economy. Bank through its various innovative products and services has aimed to drive business growth through financial inclusion, empowering the citizens, supported education of youth, enhanced farmer's income and promoted entrepreneurship. Staying true to its commitment of financial inclusion and equitable development, Punjab National Bank (PNB) has expanded rapidly into previously unbanked regions and acted as a key facilitator in providing essential credit.

### Macro-Economic Scenario

As we reflect upon the past FY'2024-25, we do so against a backdrop of a dynamic and evolving global landscape. The global economy has been challenged by two ongoing wars, escalating trade tensions led by a slew of tariff impositions and a highly unpredictable environment. Global economic activity has remained resilient in 2024 with 3.3 per cent real GDP growth rate, but is expected to slow down to 2.8 per cent in 2025[1]. Geopolitical shifts, technological advancements, and the ongoing recalibration of economic policies worldwide continue to shape the opportunities and challenges before us.

The Indian Economy, however, has been, outperforming other large economies with a narrative of robust growth and increasing resilience. India stands as a beacon of stability, driven by strong domestic demand, strategic government initiatives, and a vibrant entrepreneurial spirit.

The economy is expected to grow at around 6.5 per cent as per the NSO Second advance estimates for FY'2024-25. The growth

1 As per IMF World Economic Outlook, April 2025

है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025–26 में भी भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास गति स्वस्थ रहने का अनुमान है तथा जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यद्यपि शुल्क (tariffs) लगाए जाने के कारण व्यापार अनिश्चितताओं जैसे वैश्विक कारकों से संभावित प्रतिकूल परिस्थितियां इस गति को थोड़ा धीमा कर सकती हैं, लेकिन आधारभूत गति मजबूत बनी हुई है।

रबी की अच्छी फसल की संभावनाओं और इस वर्ष सामान्य से बेहतर मानसून[2] के अनुमान के कारण कृषि क्षेत्र में सुधार से विकास को बल मिलेगा। भारत में औद्योगिक गतिविधि में भी सुधार की संभावनाएं है। सेवा क्षेत्र आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण घटक बना रहेगा। मांग पक्ष के प्रमुख कारणों में, केंद्रीय बजट 2025–26 में घोषित कर राहत उपायों, मुद्रास्फीति में कमी और आरबीआई द्वारा अपेक्षित दरों में कटौती से घरेलू खपत में तेजी रहने की संभावना है। खपत में तेजी, उच्च क्षमता उपयोग स्तर, कम ब्याज दरों और बैंकों और कंपनियों के सुदृढ़ तुलन पत्र की सहायता से कंपनियों के फिक्स्ड कैपिटल निवेश में भी सुधार की संभावना है। पूंजीगत व्यय और लचीली सेवाओं के निर्यात पर सरकार द्वारा निरंतर जोर दिए जाने से भारत की आर्थिक गति में और तेजी आएगी।

भारत में बैंकिंग क्षेत्र इस प्रगति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो वित्तीय समावेशन, प्रदान करके आर्थिक गतिविधियों में सहायता देकर, राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों की दिशा में संसाधनों को निर्देशित करता है। इस आशाजनक लेकिन प्रतिस्पर्धी माहौल में आपके बैंक ने प्रगति और मूल्य सृजन की अपनी यात्रा जारी रखी है।

### बैंकिंग परिदृश्य

भारत की मजबूत घरेलू मांग और सकारात्मक विकास दर बैंकिंग क्षेत्र के लिए ऋण विस्तार और विकास में महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। हालांकि, पिछले वित्त वर्ष 2024–25 में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण वृद्धि पिछले वर्षों[3] की तुलना में धीमी रही, लेकिन फिर भी दोहरे अंकों (double digit) में मजबूत बनी रही।

वित्त वर्ष 2025–26 में आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती के चक्र की शुरुआत से ऋण वृद्धि को बढ़ावा मिलने की संभावना है। बढ़ते सरकारी और निजी पूंजीगत व्यय में वृद्धि से कॉरपोरेट ऋण की मांग में भी वृद्धि हो सकती है। सख्त नियमों के कारण गैर–जमानती ऋण में कटौती होने की उम्मीद है।

बैंकों में जमा संग्रहण के लिए प्रतिस्पर्धा जारी रहेगी, विशेष रूप से कम लागत वाली चालू खाता बचत खातों (CASA) के जमा हेतु।

अग्रतर, बैंकों को अपने निवल ब्याज मार्जिन (NIM) पर दबाव देखने को मिल सकता है क्योंकि आरबीआई अपनी दरों में ढील देने की प्रक्रिया जारी रखेगा। बाहरी बेंचमार्क से जुड़े बैंकों के अग्रिमों को तुरंत कम दर पर पुनर्मूल्यांकित किया जाएगा, जबकि जमाराशियों को कुछ समय बाद कम दर पर पुनर्मूल्यांकित किया जाएगा क्योंकि अधिकांश जमाराशियां सावधि जमाराशियां हैं और परिपक्व होने पर ही उनका पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा।

बैंकिंग क्षेत्र के लिए आस्ति गुणवत्ता आशाजनक बनी हुई है, जिसमें सकल अनर्जक आस्तियां (GNPA) 12 साल के निचले स्तर पर 2.51 प्रतिशत

2. भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 15.04.2025 को जारी पूर्वानुमान के अनुसार
3. दिनांक 21.03.25 तक एससीबी ऋण वृद्धि दर – 11.0% जबकि वित्त वर्ष 23 में यह 16.1% और वित्त वर्ष 24 में 14.1% थी, जैसा कि आरबीआई के आंकड़ों में बताया गया है।

momentum of Indian economy is anticipated to remain healthy in FY'2025-26 as well with a projected GDP growth of 6.5 per cent as per RBI estimates. While potential headwinds from global factors, such as trade uncertainties due to imposition of tariffs may moderate this pace slightly, the underlying momentum remains strong.

The growth will be supported by improvement in agriculture sector due to healthy rabi crop prospects and projected above normal monsoon[2] this year. Industrial activity in India is also expected to recover. The service sector will continue to be vital component of economic growth. Among the key drivers on demand side, household consumption is expected to remain upbeat aided by the tax relief measures announced in the Union Budget 2025-26, cooling inflation and anticipated rate cuts by RBI. Fixed Capital Investment by corporates is also expected to recover supported by surge in consumption, higher capacity utilization levels, lower interest rates and healthy balance sheets of banks and corporates. Government's continued emphasis on capital expenditure and resilient services exports will further aid India's economic momentum.

The banking sector in India is a critical pillar of this progress, facilitating financial inclusion, supporting economic activity, and channelling resources towards national development goals. It is within this promising yet competitive environment that Your Bank has continued its journey of progress and value creation.

### Banking Scenario

India's strong domestic demand and positive growth trajectory present significant opportunities for credit expansion and growth for the banking sector. However, credit growth of SCBs' in the past FY'2024-25 moderated compared to the previous years[3] but still remained robust in double digits.

The commencement of a rate-cut cycle by RBI is expected to drive credit growth in FY'2025-26. Rising government and private capex may also lead to increased demand for corporate credit. Unsecured lending is expected to be curtailed due to tighter regulations.

Banks will continue to face competition for deposit accretion, especially for low-cost current account savings account (CASA) deposits.

Going forward, Banks are likely to witness pressure on their Net Interest Margins (NIM) as RBI continues with its rate easing cycle. The advances of the Banks linked to External Benchmark will be immediately repriced at lower rate while the Deposits will be repriced at lower rate with a lag as most of the Deposits are Term Deposits and will be repriced only when it will mature.

Asset quality remains a bright spot for the banking sector, with gross non-performing assets (GNPA) at a 12-year low of 2.51 per

2 As per India Meteorological Department forecast released on 15.04.2025
3 SCBs Credit growth rate as on 21.03.25 – 11.0% as compared to 16.1% in FY'23 and 14.1% in FY'24 as per RBI's data.

और निवल अनर्जक आस्तियां (NNPA) 31 दिसंबर 2024[4] में 0.57 प्रतिशत पर हैं। हालाँकि, वैयक्तिक ऋण, क्रेडिट कार्ड और माइक्रोफाइनेंस सहित गैर–जमानती खुदरा ऋणों में दबाव उभर रहा है। इसके विपरीत, प्रतिभूत ऋण, जैसे कि मार्टगेज और वाहन वित्त, अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जो बैंकिंग प्रणाली पर ऋण चूक के समग्र प्रभाव को सीमित करने में सहायता करता है।

बैंकिंग क्षेत्र में तीव्र डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एक लक्षित प्रवृत्ति है। बैंक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और परिष्कृत डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसी तकनीकों का परिचालन दक्षता बढ़ाने, जोखिम प्रबंधन में सुधार करने और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए तेजी से लाभ उठा रहे हैं। यद्यपि, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन से कार्यकुशलता और ग्राहक सुविधा बढ़ती है, लेकिन इससे जोखिम, विशेषकर साइबर सुरक्षा संबंधी संकट भी पैदा होते हैं। यह डिजिटल चैनलों की परिष्कृत निगरानी और उभरते दबाव बिंदुओं के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को शामिल करने के लिए उन्नत, दूरदर्शी जोखिम प्रबंधन ढांचे की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

वर्ष 2025 में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की आघात सहन करने की क्षमता आर्थिक चुनौतियों से निपटने तथा तकनीकी नवाचारों को अपनाने की इसकी क्षमता पर निर्भर करेगा।

## आपके बैंक में विकास

### ग्राहक केन्द्रितता

हमारी रणनीति के केंद्र में ग्राहक केंद्रितता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता निहित है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हमारी सफलता आंतरिक रूप से ग्राहकों की संतुष्टि और समृद्धि से जुड़ी हुई है। वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान, जमाराशियों का संग्रहण एक विशेष चुनौती थी जिसका सामना पूरे बैंकिंग उद्योग ने किया। इस चुनौती से पार पाने के लिए, आपके बैंक ने विभिन्न पहलें की और नए उत्पादों और कार्यों को प्रारंभ किया।

आपके बैंक ने ऋण उत्पादों के नए वेरिएंट को पुनः डिजाइन और लॉन्च किया है और ग्राहकों को अधिकाधिक लाभ के साथ ऋण तक सुगम एवं त्वरित एक्सेस प्रदान करने हेतु ऋण देने की प्रक्रिया को भी डिजिटल किया है। हमारी अर्थव्यवस्था के विकास के इंजन माने जाने वाले कृषि और एमएसएमई क्षेत्र ऋण वितरण के लिए बैंक ने पहले से मौजूद शाखाओं को 1,000 समर्पित कृषि गहन शाखाओं और 1,000 एमएसएमई गहन शाखाओं सहित ग्राहक अधिग्रहण केंद्रों के रूप में नामित किया है।

### डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन

सभी चैनलों पर निर्बाध, सुरक्षित और सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक में निवेश करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैंक एक व्यापक और एकीकृत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो हमारे ग्राहकों तथा कर्मचारियों दोनों को सशक्त बनाता है।

गत वर्षों में, बैंक ने पंजाब नैशनल बैंक को डिजिटल फर्स्ट बैंक बनाने के लिए कई डिजिटल उत्पाद और प्रक्रियाओं का प्रारंभ किया है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024–25 में, बैंक ने परिचालन दक्षता में सुधार और ग्राहक अनुभव में सुधार हेतु अपनी जनरेटिव AI पहलों में पर्याप्त प्रगति की है।

[4] आरबीआई पीयर समूह की रिपोर्ट के अनुसार – 31 दिसंबर 2024

cent and net non-performing assets (NNPA) at 0.57 per cent as on 31st December 2024[4]. However, stress is emerging in unsecured retail loans, including personal loans, credit cards, and microfinance. Conversely, secured loans, such as mortgages and vehicle finance, continue to perform well, that helps limit the overall impact of delinquencies on the banking system.

Rapid Digital Transformation is a defining trend throughout the Banking sector. Banks are increasingly leveraging technologies like Artificial Intelligence (AI), Machine Learning (ML), the Unified Payments Interface (UPI), and sophisticated digital platforms to enhance operational efficiency, improve risk management, and deliver superior customer experiences. Though, digital transformation drives efficiency and customer convenience, it also creates avenues for risk, particularly cybersecurity threats. This underscores the need for enhanced, forward-looking risk management frameworks to encompass sophisticated monitoring of digital channels and early warning systems for emerging stress points.

The Indian banking sector's resilience in 2025 will depend on its ability to navigate economic challenges and embrace technological innovations.

## Developments at your Bank

### Customer Centricity

At the heart of our strategy lies an unwavering commitment to customer centricity. We firmly believe that our success is intrinsically linked to the satisfaction and prosperity of customers. During the FY'2024-25, deposit mobilization was a particular challenge that entire banking industry faced. To overcome this challenge, your Bank undertook various initiatives and introduction of new products and functionalities.

Your Bank has redesigned and launched new variants of loan products and has also digitized the process of loaning to provide easy and quick access to credit with maximum benefits to customers. The Bank has designated already existing branches as 1,000 dedicated Agriculture Intensive Branches and 1,000 MSME Intensive Branches along with Customer Acquisition Centers to deliver credit to these sectors that are considered engines of development of our economy.

### Digital Transformation

Investing in cutting-edge technology to offer seamless, secure, and convenient banking experiences across all channels is our top most priority. Bank remains committed in creating a comprehensive and integrated digital ecosystem that empowers both our customers & employees.

In the past years, bank has launched numerous digital products and process to make Punjab National Bank Digital First Bank. Over the last FY'2024-25, the bank has made substantial progress in its generative AI initiatives to improve operational efficiency and enhance customer experience.

[4] As per RBI's Peer Group Report – 31 December 2024

## मानव संसाधन रूपांतरण

पंजाब नैशनल बैंक में, हम अपने कर्मचारियों के कल्याण को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयास करते हैं तथा उनके सतत ज्ञानार्जन तथा निपुण बनाने हेतु निवेश करते हैं।

बैंक ने प्रोजेक्ट उड़ान के अंतर्गत एचआर रूपांतरण गतिविधियों के दो साल सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए हैं। वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान, प्रोजेक्ट उड़ान के अंतर्गत, बैंक ने एचआर पारिस्थितिकी को बदलने में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है, जिससे कार्मिकों को भविष्य के लिए तैयार किया गया है जो सक्रिय, कुशल और बैंक के रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप है। हमने प्रत्येक जॉब फैमिली के लिए बेसिक से लेकर एडवांस लेवल ग्रूमिंग प्लान, कौशल मूल्यांकन, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन, लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम, 360 डिग्री फीडबैक, सक्सेशन प्लानिंग और एडवांस लर्निंग इंस्टीट्यूट्स में अपग्रेडेड इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी पहलों के माध्यम से क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसने हमारे कार्मिकों को आधारकुशल बनाने और सही प्रतिभाओं को सही भूमिकाओं में स्थापित करने में आश्चर्यजनक प्रभाव दिखाया है। आगे बढ़ते हुए, हमारा ध्यान इन रूपांतरणकारी बदलावों को और अधिक सुदृढ़ करने पर होगा, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हम बैंक के लिए विश्व स्तरीय प्रतिभा पूल का निर्माण जारी रखें।

## जोखिम प्रबंधन पहलें

तेजी से विकसित हो रहे वर्तमान वित्तीय परिदृश्य में, प्रभावी जोखिम प्रबंधन केवल एक सुरक्षा उपाय ही नहीं, अतः एक प्रतिस्पर्धी बढ़त बन गया है। बैंकों को जटिल नए नियमों से लेकर बढ़ते साइबर संकटों तक, अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस उथल–पुथल के मध्य, सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन न केवल वित्तीय स्थिरता की सुरक्षा हेतु किंतु विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए भी महत्वपूर्ण है। आपका बैंक सदैव ही उद्योग में सर्वोत्तम जोखिम प्रबंधन प्रथाओं को तेजी से अपनाने वाला रहा है।

बैंक परिचालन जोखिम और जोखिम संस्कृति पर जागरूकता बढ़ाने हेतु अनिवार्य प्रशिक्षण सत्र और ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रदान करता है। बैंक एक मजबूत साइबर सुरक्षा ढांचे को प्राथमिकता देता है और अपने साइबर सुरक्षा घटकों को अपग्रेड करता रहता है। जलवायु जोखिम को कम करने के लिए, बैंक ने जलवायु संबंधी वित्तीय प्रकटीकरण पर टास्क फोर्स और एक समर्पित धारणीयता कक्ष को सम्मिलित करते हुए एक विशिष्ट जलवायु जोखिम प्रबंधन नीति स्थापित की है। आपके बैंक ने PCAF (कार्बन अकाउंटिंग फाइनेंशियल्स के लिए साझेदारी) हस्ताक्षरकर्ता बनकर तथा वित्तपोषित उत्सर्जन के प्रकटीकरण से संबंधित अपनी प्रतिबद्धताओं को साकार किया है।

## वित्तीय समावेशन और विकास

भारत में सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक होने के नाते, आपका बैंक वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में अपनी अपरिहार्य भूमिका को स्वीकारता है। बैंक पूरे भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने हेतु निरंतर प्रयासरत है, विशेषतः दूरदराज के इलाकों और बैंक–रहित क्षेत्रों में।

आपका बैंक अपनी शाखाओं और कारोबार प्रतिनिधियों के सशक्त नेटवर्क का लाभ उठाकर वित्तीय समावेशन के लिए सरकारी पहलों तथा योजनाओं का समर्थन कर रहा है। बैंक किसानों, महिलाओं, ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार उद्यम और जॉब शुरू करने हेतु कौशल उन्नयन के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण भी प्रदान करता है। यह वित्तीय शिक्षा और ग्राहक अधिकारों पर विभिन्न सेमिनार/कार्यक्रम/शिविर भी आयोजित करता है।

## HR Transformation

At Punjab National Bank, we continuously strive to enhance the welfare of our employees and invest in their constant learning and grooming.

Bank has successfully completed two years of HR Transformation activities under Project UDAAN. During FY'2024-25, under Project UDAAN, the bank has achieved significant position in transforming HR ecosystem, ensuring a future-ready workforce that is agile, skilled, and aligned with the bank's strategic goals. We focused on Capability Building through initiatives like basic to Advance level Grooming plan for each job family, Skill Assessment, Psychometric Assessment, Leadership Development Program, 360 Degree Feedback, Succession Planning and upgraded infrastructure in Advanced Learning Institutes that have shown tremendous impact in upskilling our workforce and placing the right talent in the right roles. Going ahead, our focus will be on further embedding these transformational changes, ensuring that we continue to build a world-class talent pool for the Bank.

## Risk Management Initiatives

In today's fast-evolving financial landscape, effective risk management has become more than just a safeguard, it's a competitive advantage. Banks face unprecedented challenges, from complex new regulations to rising cyber threats. Amid this turmoil, robust risk management is crucial not only for safeguarding financial stability but also for capitalising on growth opportunities. Your Bank has always remained a quick adopter of best risk management practices in the industry.

Bank provides mandatory training sessions and online questionnaire for increasing awareness on operational risk and risk culture. The Bank prioritizes a strong cybersecurity framework and keeps upgrading its cybersecurity components. For mitigating Climate risk, Bank has established a dedicated Climate Risk Management Policy incorporating Task force on Climate related Financial Disclosures and a dedicated Sustainability Cell. Your Bank has also become PCAF (Partnership for Carbon Accounting Financials) signatory and honoured its commitments related to disclosing of financed emissions.

## Financial Inclusion and Development

Being one of the largest PSB in India, Your Bank acknowledges the inevitable role it needs to play to enhance financial Inclusion. Bank continuously strives to expand its presence across India particularly in remote areas and unbanked regions.

Your Bank continues to support government initiatives and schemes for financial inclusion by leveraging its strong network of Branches and Business Correspondents. The Bank also provides free residential training to farmers, women, rural youth, for skill up-gradation to undertake self-employment ventures and Jobs. It also conducts various seminars/ programs/Camps on Financial Education and Customer Rights.

## भावी राह

### विकसित भारत में योगदान

आपका बैंक 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ भारत के महत्वाकांक्षी विजन विकसित भारत—एक विकसित राष्ट्र में परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएनबी में हम अपनी भूमिका को पारंपरिक वित्तीय मध्यस्थता से आगे बढ़कर इस राष्ट्रीय प्रयास में एक रणनीतिक साझेदार के रूप में विकसित होते हुए देख रहे हैं। निम्नलिखित व्यावसायिक रणनीतियां हैं जिनका उद्देश्य इस राष्ट्रीय लक्ष्य में संपूर्ण योगदान देना है।

हम अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं तथा ग्राहक यात्राओं को सक्रिय रूप से पुनः सृजित कर रहे हैं ताकि गतिरोध बिंदुओं को खत्म कर सके तथा जटिलता को कम करके बैंकिंग इंटरैक्शन को सरल, तेज और अधिक सुविधाजनक बनाया जा सके। इसमें कागजी कार्रवाई को कम करने और जहाँ भी संभव हो वर्कफ्लो को डिजिटल बनाने जैसी पहल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, हम ग्राहक व्यवहार और उनकी पसंद का गहन विश्लेषण करने तथा अपने ग्राहकों को एक उच्च वैयक्तिक अनुभव प्रदान करने हेतु एआई एवं डेटा एनालिटिक्स की शक्तियों का उपयोग करेंगे।

हम एमएसएमई क्षेत्र पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे चूंकि हम इसे विकास और रोजगार का इंजन मानते हैं। इसमें जरूरतों के अनुसार वित्तपोषण समाधान प्रदान करना, बाजार पहुंच में सुधार के लिए ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाना, आपूर्ति श्रृंखला वित्त की शुरुआत करना और इन महत्वपूर्ण उद्यमों का औपचारिक वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करना सम्मिलित है। हम महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं और कृषि, विनिर्माण, सेवा, निर्माण जैसे प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में पूंजी निवेश जारी रखेंगे।

हम हरित वित्तपोषण बढ़ाएंगे, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को सहायता देंगे, जलवायु—अनुकूल बुनियादी ढांचे को वित्तपोषित करेंगे तथा हमारे द्वारा वित्तपोषित सभी उद्योगों में धारणीय प्रथाओं को प्रोत्साहित करेंगे, क्योंकि पर्यावरणीय धारणीयता भारत के विकास का एक अभिन्न अंग होगी।

हम सक्रिय रूप से उभरते स्टार्टअप इकोसिस्टम का समर्थन करेंगे और समर्पित मेंटरशिप कार्यक्रमों, इनक्यूबेशन समर्थन और प्रारंभिक चरण के उद्यमों के लिए डिजाइन किए गए लक्षित वित्तीय उत्पादों के माध्यम से युवा उद्यमिता को प्रोत्साहित करेंगे ताकि भारत के महत्वाकांक्षी उद्यमियों को पंख दिए जा सकें।

हम जन धन—आधार —मोबाइल (JAM) त्रिमूर्ति, UPI और अकाउंट एग्रीगेटर ढांचे सहित भारत के विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI) का लाभ उठाकर वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाएंगे। ये शक्तिशाली उपकरण हमें पहले से वंचित रही आबादी और दूरदराज के भौगोलिक क्षेत्रों तक कुशलतापूर्वक और किफायती तरीके से अपनी पहुंच का विस्तार करने में सक्षम बनाएंगे, जिससे सभी नागरिकों के लिए आवश्यक बैंकिंग सेवाएं सुलभ होंगी। हम सरकारी पहलों में अपनी सक्रिय भागीदारी बनाना जारी रखेंगे।

आगे बढ़ते हुए, हम निर्बाध और सुरक्षित प्लेटफॉर्म प्रदान करके डिजिटल साल्यूशंस को अपनाने की गति को और तेज करेंगे। बैंक का लक्ष्य एक डिजिटल रूप से परिचालित बैंक के रूप में विकसित होना है जो उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ पूर्णतः अनुकूल हो, साथ ही ग्राहक—प्रथम दृष्टिकोण को बनाए रखे।

## Going Forward

### Contribution to Viksit Bharat

Your Bank is committed to contributing significantly to India's inspiring vision of Viksit Bharat- the transformation into a developed nation by 2047 with $30 trillion economy. At PNB, we see our role evolving beyond that of traditional financial intermediary to a strategic partner in this national endeavour. Following are the business strategies that we aim at to impact fully contribute in this national goal.

We are actively reimagining our internal processes and customer journeys to eliminate friction points, reduce complexity, and make banking interactions simpler, faster, and more convenient. This includes initiatives like reducing paperwork and digitizing workflows wherever feasible. Further, we will harness the power of AI and data analytics to gain deeper insights in customer behaviour and preferences and to provide a hyper personalized experience to our customers.

We will intensify our focus on the MSME sector, recognizing it as the engine of growth and employment. This includes providing tailored financing solutions, leveraging digital platforms like the Open Network for Digital Commerce (ONDC) to improve market access, initiating supply chain finance, and to ensure formal financial inclusion of these vital enterprises. We will continue to channel capital towards critical infrastructure development projects and key economic sectors like agriculture, manufacturing, services, construction.

We will increase green financing, support renewable energy projects, fund climate-resilient infrastructure and encourage sustainable practices across all industries we finance as environmental sustainability will be an integral part of India's development.

We will actively support the burgeoning start up ecosystem and encourage youth entrepreneurship through dedicated mentorship programs, incubation support, and targeted financial products designed for early-stage ventures so as to give wings to India's aspirational entrepreneurs.

We will drive Financial Inclusion by leveraging India's world-class Digital Public Infrastructure (DPI), including the Jan Dhan-Aadhaar-Mobile (JAM) trinity, UPI, and the Account Aggregator framework. These powerful tools will enable us to expand our reach efficiently and affordably to previously underserved populations and remote geographies, making essential banking services accessible to all citizens. We will continue our active participation in government initiatives.

Going forward, we will further accelerate the pace of adoption of digital solutions by offering seamless and secure platforms. The bank's goal is to evolve into a digitally driven bank that fully aligns with industry's best practices, all while maintaining a customer-first approach.

## सतत् और लाभप्रद विकास की प्राप्ति

हमारा रणनीतिक उद्देश्य है – सतत् और लाभप्रद ढंग से विकास करना, जो आपको, अर्थात् हमारे हितधारकों को, निरंतर और संवर्धित मूल्य प्रदान करे। इस संतुलित विकास की प्राप्ति हेतु हमारी रणनीति में विवेकपूर्ण ऋण वृद्धि, एनआईएम को बढ़ाने के लिए हमारी आस्तियों और देयताओं का सक्रिय प्रबंधन, CASA जमाराशि के आधार को बढ़ाना, विविध शुल्क आय स्त्रोत सृजित करना, प्रौद्योगिकी और आटोमेशन का लाभ उठाकर परिचालन दक्षता प्राप्त करना तथा एक सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन ढांचा स्थापित करना शामिल है।

## सत्यनिष्ठा और नैतिकता

विश्वास वह आधारशिला है जिस पर संपूर्ण बैंकिंग प्रणाली निर्मित है, और यह आपके बैंक के सिद्धांतों और परिचालन का आधार है। हम अपने कामकाज के हर पहलू में व्यावसायिक नैतिकता, ईमानदारी, पारदर्शिता और कॉरपोरेट प्रशासन के सर्वोच्च  मानकों को बनाए रखने के लिए स्पष्ट रूप से प्रतिबद्ध हैं। यह प्रतिबद्धता एक सुदृढ़ प्रशासनिक ढांचे, नैतिकता और अनुपालन संस्कृति के निर्माण के माध्यम से प्रकट होती है जो बैंक के सभी स्तरों में व्याप्त है और हमारे सभी हितधारकों – जिसमें ग्राहक, शेयरधारक, कर्मचारी, विनियामक और समाज शामिल हैं – के साथ खुला और पारदर्शी संपर्क बनाए रखते हैं।

## निष्कर्ष

हम अपने सभी हितधारकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। हम अपने शेयरधारकों के लिए, सतत्, लाभप्रद विकास और दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने का वचन देते हैं। हम अपने ग्राहकों के लिए, असाधारण अनुभव और उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान प्रदान करने का वचन देते हैं। हम अपने कर्मचारियों के लिए, विकास और प्रगति के लिए एक गतिशील वातावरण प्रदान करते हैं। हम राष्ट्र और समाज  के लिए, एक जिम्मेदार कॉरपोरेट नागरिक बनने हेतु प्रतिबद्ध हैं, जो सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास में सकारात्मक योगदान देता है।

मैं अपने ग्राहकों और शेयरधारकों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जो हम पर अपना अनमोल विश्वास बनाए रखते हैं। मैं पीएनबी परिवार के प्रत्येक सदस्य का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिनके समर्पण और कड़ी मेहनत से पंजाब नैशनल बैंक लगातार नई ऊँचाइयों को छू रहा है। मैं भारत सरकार, आरबीआई और अन्य विनियामकों को उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए अपना हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करना चाहता हूं।

भावी राह के लिए निरंतर समर्पण, सहयोग और नवाचार की आवश्यकता है। हमें विश्वास है कि हम मिलकर हमारे सामने आने वाले अवसरों का लाभ उठाएंगे तथा चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करेंगे।

**(के. जी. अनंतकृष्णन)**
चेयरमैन

## Achieving Sustainable and Profitable Growth

Our strategic objective is - to pursue growth in a sustainable and profitable manner that delivers consistent and enhanced value to you, our stakeholders. Our strategy for achieving this balance involves prudent credit growth, active management of our assets and liabilities to optimize NIM, growing CASA deposits base, generate diverse fee income streams, achieving operational efficiency by leveraging technology and automation and establishing a robust risk management framework.

## Integrity and Ethics

Trust is the cornerstone upon which the entire banking system is built, and it forms the bedrock of Your Bank's philosophy and operations. We are unequivocally committed to upholding the highest standards of business ethics, integrity, transparency, and corporate governance in every aspect of our functioning. This commitment is manifested through a robust governance framework, building ethics and compliance culture that permeates all levels of the Bank and maintaining open and transparent communication with all our stakeholders – including customers, shareholders, employees, regulators, and the community.

## Conclusion

We reaffirm our commitment to all our stakeholders. To our shareholders, we pledge to deliver sustainable, profitable growth and long-term value. To our customers, we promise exceptional experiences and solutions tailored to their needs. To our employees, we offer a dynamic environment for growth and development and to the community and the nation, we commit to being a responsible corporate citizen, contributing positively to societal well-being and economic development.

I extend my heartfelt gratitude to our customers and shareholders who continue to place their valuable trust in us. I also extend my gratitude to each and every member of PNB Parivar with whose dedication and hard work, Punjab National Bank continues to achieve new heights. I also would like to express my sincere thanks to the Government of India, RBI and other regulators for their continuous support and guidance.

The path ahead requires continued dedication, collaboration, and innovation. We are confident that, together, we will successfully navigate the opportunities and challenges that lie before us.

**Shri K.G. Ananthakrishnan**
Chairman

# प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के डेस्क से
# From the Managing Director and CEO's Desk

**प्रिय सम्मानित हितधारकों,**

आपके बैंक ने अपनी गौरवशाली और ऐतिहासिक यात्रा के 130 वर्ष पूरे कर लिए हैं। बैंक ने कई कीर्तिमान स्थापित किए तथा देश में अग्रणी बैंकों में से एक बना रहा। वित्तीय वर्ष 2024–25 भी सभी हितधारकों के लिए उपलब्धियों और मूल्य सृजन से परिपूर्ण रहा।

निदेशक मंडल और प्रबंधन टीम की ओर से, मुझे वित्त वर्ष 2024–25 के लिए बैंक की वार्षिक रिपोर्ट साझा करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह वार्षिक रिपोर्ट पीएनबी की अटूट प्रतिबद्धता, दृढ़ समर्थन और बैंक द्वारा वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान प्राप्त किए गए महत्वपूर्ण कीर्तिमानों को उद्घाटित करती हैं

## वैश्विक अर्थव्यवस्था

**वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी** की वृद्धि धीमी रहने की संभावना है, तथा विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भिन्नताएं होने की अपेक्षा है। वैश्विक आर्थिक वृद्धि के परिदृश्य में बदलाव होने की संभावना है, जिसमें **कैलेंडर वर्ष 2025 में 2.8 प्रतिशत और कैलेंडर वर्ष 2026 में 3.0 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।** कारोबार तनाव में तेजी से वृद्धि और नीति अनिश्चितता के उच्च स्तर का वैश्विक आर्थिक गतिविधि पर प्रभाव पड़ने की आशंका है। यह अनुमान लगाया गया है कि कैलेंडर वर्ष 2025 में वैश्विक कारोबार वृद्धि घटकर 1.7 प्रतिशत रह सकती है।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वैश्विक मुद्रास्फीति **2025 में 4.3 प्रतिशत और 2026 में 3.6 प्रतिशत** की गिरावट होने की उम्मीद है। यह भी अनुमान है कि विकसित अर्थव्यवस्थाएँ उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अपने मुद्रास्फीति लक्ष्यों को शीघ्र प्राप्त कर लेंगी। हालाँकि, कारोबार संरक्षणवाद और भूराजनैतिक संघर्ष जैसे कारणों से जोखिम उभर रहे हैं।

## भारतीय अर्थव्यवस्था

भारत एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने की ओर अग्रसर है, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) का अनुमान है कि अगले दो वर्षों में भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के विश्व आर्थिक परिदृश्य[1] (World Economic Outlook) के अनुसार, वैश्विक और क्षेत्रीय समकक्षों पर मजबूत बढ़त बनाते हुए भारत की अर्थव्यवस्था में 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत वृद्धि होने का अनुमान है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों मेन

1. डेटा स्रोत: 22 अप्रैल 2025 को जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य

**Dear valued stakeholders**

Your Bank completed its 130 years of existence which has been glorious and eventful. The Bank achieved several milestones and remained one of the leading banks in the country. The FY 2024-25 was yet another year which was full of achievements and value creation for all the stakeholders.

On behalf of the Board of Directors and the Management Team, I am pleased to share Annual Report of the Bank for FY 2024-25. The Annual Report brings out PNB's unwavering commitment, steadfast support and achievement of significant milestones which the Bank accomplished during FY 2024-25.

## Global Economy

**Global GDP growth** is expected to remain muted with expectations of significant divergences across regions. The outlook for global economic growth has been adjusted downward, with forecast at **2.8 per cent growth in Calendar Year 2025** and **3.0 per cent in Calendar Year 2026.** The swift escalation of trade tensions and high levels of policy uncertainty are expected to have an impact on global economic activity. It is projected that global trade growth may dip to 1.7 per cent in Calendar Year 2025.

As per data released by International Monetary Fund (IMF) global headline inflation is expected to decline to **4.3 percent in 2025** and **to 3.6 percent in 2026.** It is also anticipated that advanced economies will be potentially reaching their inflation targets sooner than emerging markets and developing economies. However, there are risks emerging from several factors such as trade protectionism and ongoing geopolitical tensions.

## Indian Economy

India is poised to lead the global economy once again, with the International Monetary Fund (IMF) projecting it to remain the fastest growing major economy over the next two years. According to the **IMF's World Economic Outlook[1],** India's economy is expected to grow by **6.2 per cent in 2025** and **6.3 per cent in 2026,** maintaining a solid lead over global and regional peers. The IMF projects steady expansion for the Indian economy, supported by firm private

1 Data source: World Economic Outlook Released on 22nd April,2025

स्थिर निजी खपत की सहायता से भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए संतुलित विस्तार का अनुमान लगाया है। आरबीआई ने अप्रैल 2025 में आयोजित अपनी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में वित्त वर्ष 2025–26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो वैश्विक आर्थिक गतिविधि के प्रमुख चालक के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करता है।

## बैंकिंग उद्योग

वित्त वर्ष **2024–25** में भारत का बैंकिंग उद्योग **मजबूत वित्तीय विकास, स्थिर लाभप्रदता और बेहतर आस्ति गुणवत्ता**[2] का प्रदर्शन करते हुए आघात सक्षम बना रहा। वित्त वर्ष 2024–25 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने रु.1.78 लाख करोड़ के स्तर पर पहुंचकर निवल लाभ में 26 प्रतिशत की वृद्धि की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की।

भारत में बैंकों ने **जमा और अग्रिम दोनों में दोहरे अंकों की वृद्धि** हासिल की, हालांकि ऋण विस्तार ने जमा की तुलना में थोड़ी वृद्धि की है। हालांकि, वर्ष के दौरान इनमें अंतर कम हुआ है, जो अधिक संतुलित वित्तीय वातावरण को दर्शाता है।

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) ने वित्त वर्ष **2024–25** में अपनी आस्ति गुणवत्ता में सुधार जारी रखा, जो **सकल एनपीए (जीएनपीए) अनुपात और निवल एनपीए (एनएनपीए)** अनुपात दोनों में गिरावट का सूचक है। **स्लिपेज अनुपात** में भी लगातार कमी देखी गई है, जो बेहतर ऋण प्रबंधन और ऋण अनुशासन के संकेत है। इसके अतिरिक्त, बैंक पूर्ण रूप से **पूंजीकृत और वित्तीय रूप से सशक्त** बना रहा, जिससे इस क्षेत्र में स्थिरता मजबूत हुई।

यह कार्यनिष्पादन नीति और शासन सुधारों के प्रभाव को रेखांकित करता है, जिसमें बेहतर ऋण अनुशासन, दबावग्रस्त आस्तियों का बेहतर समाधान, उत्तरदायीपूर्ण ऋण प्रदान करना, वित्तीय समावेशन और तेजी से प्रौद्योगिकी को अपनाना शामिल है।

## वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान आपके बैंक का कार्य प्रदर्शन

### कारोबार

31 मार्च, 2025 को, बैंक का **वैश्विक कारोबार** बढ़कर रु.26.83 लाख करोड़ हो गया, जिसमें वैश्विक अग्रिम रु.11.16 लाख करोड़ और वैश्विक जमा रु.15.67 लाख करोड़ रहा। 31 मार्च, 2025 को कुल कासा (CASA) जमा रु.5.74 लाख करोड़ रहा, जबकि 31 मार्च, 2024 को यह रु.5.52 लाख करोड़ था। बैंक की चालू जमा राशि रु.75,114 करोड़ थी, जबकि बचत जमा रु.4.98 लाख करोड़ थी। 31 मार्च, 2025 को कासा का हिस्सा 37.95 प्रतिशत था।

### आधारभूत बिंदु

वित्त वर्ष 2024–25 में **कुल आय** रु.1,38,070 करोड़ रही, जो 14.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। बैंक की **ब्याज आय** रु.1,21,761 करोड़ रुपये रही, जो 13.9 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। इससे वित्त वर्ष 2024–25 में **निवल ब्याज आय (एनआईआई)** में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि होकर रु.42,782 करोड़ तक पहुंचने में सहयोग किया, जबकि वित्त वर्ष 2023–24 में यह रु.40,083 करोड़ था। अन्य आय 21.9 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए रु.16,309 करोड़ रही।

बैंक की लाभप्रदता में निरंतर वृद्धि हुई है, बैंक का परिचालन लाभ वित्त वर्ष 2023–24 में रु.24,931 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2024–25 में रु.26,831 करोड़ रहा जो 7.6 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। बैंक के **निवल लाभ**

1. डेट स्रोत – 28 मई 2025 को जारी आरबीआई वार्षिक रिपोर्ट 2024–25

consumption, particularly in rural areas. The RBI in its Monetary Policy Committee (MPC) meeting held in April 2025 has projected India's GDP growth at 6.5 per cent for FY 2025-26, reinforcing its role as a key driver of global economic activity.

## Banking Industry

India's banking industry remained resilient in **FY 2024-25,** showcasing **strong financial growth, steady profitability,** and **improved asset quality[2].** Public Sector Banks (PSBs) demonstrated remarkable growth with a 26 per cent growth in net profit to reach the level of Rs.1.78 Lakh Crore in FY 2024-25.

The Banks in India experienced **double-digit growth** in **both i.e., Deposits and Advances,** although credit expansion slightly outpaced deposit growth. However, the gap narrowed over the year, reflecting a more balanced financial environment.

Scheduled Commercial Banks (SCBs) continued to enhance their asset quality in **FY 2024-25,** marked by a decline in both the **gross NPA (GNPA) ratio** and **net NPA (NNPA) ratio.** The **slippage ratio** also saw a steady reduction, indicating improved loan management and credit discipline. Additionally, banks remained **well-capitalized** and **financially strong,** reinforcing stability in the sector.

This performance highlights the impact of policy and governance reforms, including enhanced credit discipline, improved resolution of stressed assets, responsible lending, financial inclusion, and rapid technology adoption.

## Performance of your Bank during FY 2024-25

### Business

As on 31st March 2025, the Bank's **Global Business** grew to Rs.26.83 Lakh Crore with Global Advances at Rs.11.16 Lakh Crore and Global Deposit at Rs.15.67 Lakh Crore. Overall CASA Deposits as on 31st March, 2025 stood at Rs.5.74 Lakh Crore as against Rs. 5.52 Lakh Crore as on 31st March, 2024. Current Deposits of the Bank was at Rs. 75,114 Crore while Savings Deposits was at Rs. 4.98 Lakh Crore. The Domestic CASA Share was at 37.95 per cent as on 31st March, 2025.

### Bottom Line

**Total Income** was at Rs.1,38,070 Crore in FY 2024-25 registering year on year growth of 14.8 per cent. **Interest Income** of the Bank was at Rs.1,21,761 Crore in FY 2024-25 showing the growth of 13.9 per cent. This also facilitated in growth of **Net Interest Income (NII)** by 6.7 per cent to reach Rs. 42,782 Crore for FY 2024-25 vis-à-vis Rs. 40,083 Crore in FY 2023-24. Other Income was at Rs. 16,309 Crore showing the growth of 21.9 per cent.

There has been consistent growth in Profitability of the Bank with **Operating Profit** at Rs. 26,831 Crore in FY 2024-25 vis-à-vis Rs. 24,931 Crore in FY 2023-24 showing the growth of 7.6 per cent. **Net Profit** of the Bank also showed the growth of 101.7 per cent with Net Profit

2 Data source: RBI Annual Report 2024-25 released on 28th May, 2025

में भी 101.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वित्त वर्ष 2023–24 में रु.8245 करोड़ की तुलना में वित्त वर्ष 2024–25 में यह रु.16,630 करोड़ रहा।

### अनुपात

**इक्विटी पर प्रतिफल और आस्तियों पर प्रतिफल** जैसे महत्वपूर्ण वित्तीय अनुपातों में भी सुधार दिखा जो वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान 19.33 प्रतिशत (वित्त वर्ष 2023–24 में 11.66 प्रतिशत) और वित्त वर्ष 2024–25 में 0.97 प्रतिशत (वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 0.54 प्रतिशत) रहा। वित्त वर्ष 2024–25 में **घरेलू और वैश्विक निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम)** क्रमशः 3.08 प्रतिशत और 2.93 प्रतिशत पर सुदृढ़ रहा।

बैंक ने उत्पादकता मानदंडों जैसे **प्रति कर्मचारी कारोबार और प्रति शाखा कारोबार** के क्षेत्र में भी बेहतर प्रदर्शन किया है जो वित्त वर्ष 2024–25 में क्रमशः रु.26.86 करोड़ और रु.253.55 करोड़ रहा। वित्त वर्ष 2023–24 में **प्रति कर्मचारी निवल लाभ** रु.8.61 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2024–25 में रु.17.29 लाख हो गया, जबकि **प्रति शाखा निवल लाभ** भी वित्त वर्ष 2023–24 में रु.81.33 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2024–25 में रु.163.19 लाख हो गया।

### रिटेल, कृषि और एमएसएमई (रैम) खंड पर विशेष ध्यान

वित्त वर्ष 2024–25 में, बैंक ने उच्च प्रतिफल एवं कम जोखिम वाले आरएएम (रैम) खंड पर अपना ध्यान केंद्रित रखा। रिटेल, कृषि और एमएसएमई क्षेत्र बैंक के ऋण वृद्धि में प्रमुख योगदानकर्ता बने रहे। 31 मार्च, 2025 तक **रैम अग्रिम** रु.5.20 लाख करोड़ की तुलना में रु.6.03 लाख करोड़ रहा, जो 15.9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है, 31 मार्च, 2025 तक **घरेलू अग्रिमों में रैम की हिस्सेदारी** 56.5 प्रतिशत रही, जबकि 31 मार्च 2024 तक यह 55.2 प्रतिशत थी।

**रिटेल अग्रिम** में 16.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 31 मार्च 2024 तक रु.2.23 लाख करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2025 तक रु.2.59 लाख करोड़ तक पहुंच गया।

**कृषि अग्रिम** में 14.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 31 मार्च, 2024 तक रु.1.58 लाख करोड़ की तुलना में रु.1.81 लाख करोड़ तक पहुंच गया।

**एमएसएमई अग्रिम** में 16.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 31 मार्च 2024 तक रु.1.39 लाख करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2025 तक रु.1.63 लाख करोड़ हो गया।

रैम के तीनों सेगमेंट में दोहरे अंकों में वृद्धि देखी गई। यह वृद्धि नए और नवीकृत उत्पादों को प्रस्तुत करके रैम पोर्टफोलियो को बेहतर बनाने की दिशा में की गई विभिन्न पहलों और विशेष अभियानों तथा सुदृढ़ साझेदारी जैसी उपयुक्त रणनीतियों को अपनाने के कारण हुई।

### आस्ति गुणवत्ता में सुधार

वर्ष के दौरान, बैंक ने आस्ति गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयास जारी रखे। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप एनपीए में क्रमिक आधार पर पूर्ण और प्रतिशत की दृष्टि से कमी आई है। सकल एनपीए 31 मार्च, 2024 को रु.56,343 करोड़ के स्तर से घटकर 31 मार्च, 2025 को रु.44,082 करोड़ हो गया, निवल एनपीए 31 मार्च, 2024 को रु.6799 करोड़ के स्तर से घटकर 31 मार्च, 2025 को रु.4291 करोड़ हो गया।

at Rs. 16,630 Crore in FY 2024-25 as compared to Rs. 8,245 Crore in FY 2023-24.

### Ratios

The important financial ratios such as **Return on Equity** and **Return on Assets** also showed the improvement which stood at 19.33 per cent during FY 2024-25 (11.66 per cent in FY 2023-24) and 0.97 per cent in FY 2024-25 (0.54 per cent during FY 2023-24) respectively. The **Domestic** and **Global Net Interest Margin (NIM)** was robust at 3.08 per cent and 2.93 per cent respectively in FY 2024-25.

The Bank has also displayed better performance with respect to productivity parameters such as **Business per Employee** and **Business per Branch** which increased to Rs.26.86 Crore and Rs.253.55 Crore in FY 2024-25 respectively. **Net Profit per employee** doubled from Rs.8.61 Lakh in FY 2023-24 to Rs.17.29 Lakh in FY 2024-25 while **Net Profit per Branch** also improved from Rs.81.33 Lakh in FY 2023-24 to Rs.163.19 Lakh in FY 2024-25.

### Focus on Retail, Agriculture and MSME (RAM) Segment

In FY 2024-25, the Bank retained it's focus on high yielding and low risk RAM Segment. Retail, Agriculture and MSME Segment remained the key contributor towards credit growth of the Bank. **RAM Advances** as on 31st March, 2025 stood at Rs. 6.03 Lakh Crore vis-à-vis Rs. 5.20 Lakh Crore as on 31st March, 2024 showing year on year growth of 15.9 per cent with **RAM share to Domestic Advances** at 56.5 per cent as on 31st March, 2025 as against 55.2 per cent as on 31st March, 2024.

**Retail Advances** showed a year on year growth of 16.5 per cent to reach Rs. 2.59 Lakh Crore as on 31st March, 2025 vis-à-vis Rs. 2.23 Lakh Crore as on 31st March, 2024.

**Agriculture Advances** registered growth of 14.2 per cent to reach Rs.1.81 Lakh Crore as against Rs.1.58 Lakh Crore as on 31st March, 2024.

**MSME Advances** showed the growth of 16.8 per cent and was Rs.1.63 Lakh Crore as on 31st March, 2025 as against Rs.1.39 Lakh Crore as on 31st March, 2024.

All the three segments of RAM showed growth in double digit. This growth was on account of various initiatives taken towards improving the **RAM Portfolio** via. introducing newer and revamped products and also adopting suitable strategies such as focused campaigns and strengthened partnerships.

### Improving Asset Quality

During the year, the Bank continued to make consistent efforts towards improving the asset quality. These efforts resulted in declining NPAs both in absolute and percentage terms. Gross NPA reduced to Rs. 44,082 Crore as on 31st March, 2025 from the level of Rs. 56,343 Crore as on 31st March, 2024. Net NPA declined to Rs. 4,291 Crore as on 31st March, 2025 from the level of Rs. 6,799 Crore as on 31st March, 2024.

**सकल एनपीए अनुपात** में भी 178 बीपीएस का सुधार हुआ है, जो 31 मार्च 2024 के 5.73 प्रतिशत की तुलना में 31 मार्च 2025 को 3.95 प्रतिशत पर स्थिर रहा, **निवल एनपीए अनुपात** भी 31 मार्च 2024 में 33 बीपीएस सुधर गया जो 31 मार्च 2025 को 0.40 प्रतिशत रहा।

**प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) (टीडब्ल्यूओ सहित)** 31 मार्च 2024 को 95.39 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च 2025 को 96.82 प्रतिशत हो गया, जो 143 बीपीएस का सुधार दर्शाता है।

वसूली में सुधार एवं स्लिपेज को रोकने पर लगातार ध्यान देने से, निवल वसूली शुद्ध वसूली से अधिक रही, जिससे बैंक को आस्ति गुणवत्ता में सुधार करने में अपने प्रदर्शन को बनाए रखने में मदद मिली।

## लचीली (resilient) पूंजी के माध्यम से विकास में सहयोग

A total of 16,80,324 complaints were received during the FY 2024-25, out of which 5,40,494 complaints were resolved within T+1 days of its receipt. As such, these have not been treated as complaints in terms of RBI guidelines.

Therefore, the total number of reported complaints received during the FY 2024-25 is 11,39,830. The details of complaints received and disposed during FY 2024-25 is as follows:

| Particular | Count* |
|---|---|
| Number of complaints pending at beginning of the Year | 32,351 |
| Number of complaints received during the Year | 11,39,830 |
| Number of complaints disposed during the Year | 11,43,326 |
| Number of complaints pending at the end of the Year | 28,855 |

** Excluding complaints which were resolved within T+1 days of its receipt.*

**Initiatives undertaken during the year for improvement in customer service**

1. Chat with live agent facility introduced to provide latest information about new/existing service of the Bank.

2. The reward and motivation programme for customer experience has been developed to track performance on customer service experience and to reward eligible branch to foster better customer service at the field level.

3. To facilitate Divyangjan Customers, facility of booking time slot was introduced in advance through contact center for availing services in the branch.

4. Functionality for capturing **Customer's feedback through Branch** has been developed and it has been integrated with single Digital Platform called Customer Feedback Portal. This new QR Code based functionality enables Branches to capture walk in Customer's feedback who come to the branch premises to avail any of the Bank's services.

5. **Hybrid-Squad** comprising of bank staff has been set up in contact centers for providing better customer service.

## XII. IMPLEMENTATION OF OFFICIAL LANGUAGE

Punjab National Bank has been a leader in implementing Hindi as the official language. The Bank remains dedicated to complying with directives from the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, Government of India, as well as guidelines from the Committee of Parliament on Official Language and the Department of Financial Services, Ministry of Finance. It has successfully achieved most of the targets outlined in the annual program for the Financial Year 2024-25 issued by the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, Government of India.

यह सूचित करना अत्यंत गर्व की बात है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान बैंक की गृह पत्रिका **'पीएनबी प्रतिभा'** के लिए **'राजभाषा कीर्ति'** पुरस्कार के अंतर्गत **प्रथम पुरस्कार** और बैंकिंग श्रेणी के अंतर्गत **द्वितीय पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है। इसके अतिरिक्त बैंक के विभिन्न अंचल और मंडल कार्यालयों को गृह मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय से **22 राजभाषा पुरस्कार** प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त, बैंक के विभिन्न कार्यालयों/कर्मचारियों ने विभिन्न सरकारी संस्थानों से कई पुरस्कार जीते हैं।

**1. हिंदी के उत्तरोत्तर प्रयोग के लिए वार्षिक कार्यक्रम की मदों के कार्यान्वयन हेतु की गई कार्रवाई और प्रगति**

क. बैंक के पास राजभाषा कार्यान्वयन के लिए एक सुव्यवस्थित तंत्र है, जो प्रधान कार्यालय में स्थापित राजभाषा विभाग की देखरेख में अच्छी तरह से कार्य कर रहा है। सभी अंचल कार्यालयों, मंडल कार्यालयों और प्रशिक्षण केंद्रों में राजभाषा विभाग स्थापित है, जो अपने कार्यालयों, अधीनस्थ कार्यालयों और शाखाओं में बैंक के निदेशक मंडल द्वारा विधिवत अनुमोदित राजभाषा नीति को लागू करते हैं।

ख. गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम, बैंक की राजभाषा नीति और बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित राजभाषा निगमित कार्ययोजना में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए गहन निगरानी की गई।

ग. बैंक में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए लाला लाजपत राय शील्ड योजना, अन्य प्रोत्साहन योजनाओं और राजभाषा प्रतियोगिताओं के अंतर्गत विजेता कार्यालयों/कर्मचारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

घ. बैंक की त्रैमासिक आंतरिक पत्रिका **'पीएनबी प्रतिभा'** तथा अंचल कार्यालयों एवं मण्डल कार्यालयों की अर्धवार्षिक हिंदी पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित की जाती हैं। विभिन्न स्तरों पर स्थापित राजभाषा पुस्तकालयों में हिंदी पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं।

ङ. अखिल भारतीय स्तर पर अंतर बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता, अगस्त 2024 में **"डिजिटल बैंकिंग"** विषय पर आयोजित की गई।

च. वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान बैंक द्वारा मौलिक हिंदी पुस्तक लेखन योजना (कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए) के अंतर्गत कुल 11 हिंदी पुस्तकें पुरस्कृत की गईं।

**2. राजभाषा समितियां एवं उनकी बैठकें**

क. प्रधान कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता में तिमाही आधार पर आयोजित की गईं।

It is immensely a matter of pride to inform that during the FY 2024-25 the Bank has been awarded the 1st prize under the **"Rajbhasha Kirti"** award for Bank's in-house magazine **"PNB Pratibha"** and 2nd prize under Banking category. Further **22 Rajbhasha awards** were received by various Zonal and Circle offices of the Bank from the Regional Implementation Office of the Ministry of Home Affairs. Moreover, various offices/staff members of the Bank have won many awards from various Govt. Institutes.

**1. Actions taken for and progress made in implementation of the Annual Program for Progressive Use of Hindi**

a. The Bank has a well-organized mechanism for implementation of the Official Language, which is functioning well under the supervision of the Official Language Department established at the Head Office. Official Language Department is established in all the Zonal Offices, Circle Offices and Training Centres, which implement the official language policy duly approved by the Board of Directors of the Bank in their offices, subordinate offices and branches.

b. Intensive monitoring was done to achieve the targets prescribed in the Annual Programme of Department of Official Language, Ministry of Home Affairs. Official Language (OL) Policy of the Bank and Rajbhasha Corporate Action Plan are in place.

c. Awards were given to winner offices/employees under Lala Lajpat Rai Shield Scheme, other incentive schemes and Rajbhasha competitions to increase its use in the Bank.

d. The Bank's quarterly in-house magazine **"PNB Pratibha"** and half yearly Hindi magazines of Zonal Offices & Circle offices are published regularly. Hindi books were made available in Rajbhasha Libraries established at various level.

e. All India level Inter Bank Hindi Essay Competition was organized on the subject **"Digital banking"** in August 2024.

f. A total of 11 Hindi books were awarded by the Bank under the Original Hindi Book Writing Scheme (for working and retired staff) during the FY 2024-25.

**2. Official Language Committees and their meetings**

a. The meetings of the Official Language Implementation Committee of the Head Office were held quarterly under the chairmanship of the Managing Director and Chief Executive Officer.

ख. पीएनबी ने देश भर में 28 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के संयोजक का दायित्व कुशलतापूर्वक निर्वहन किया है। इन समितियों की अर्धवार्षिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित की गईं तथा वर्ष के दौरान हिंदी प्रतियोगिताएं, हिंदी कार्यशालाएं, हिंदी संगोष्ठियां आदि आयोजित किए गए।

ग. बैंक के सभी कार्यालयों द्वारा राजभाषा समितियों की त्रैमासिक बैठकें आयोजित की गईं।

**3. बाह्य निरीक्षण/राजभाषा संगोष्ठी/सम्मेलन**

क. प्रधान कार्यालय द्वारा दिल्ली में कार्यपालक निदेशक, श्री कल्याण कुमार की अध्यक्षता में तथा श्रीमती अंशुली आर्य, आईएएस, सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की उपस्थिति में बैंक के राजभाषा अधिकारियों का तीन दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं समीक्षा बैठक (19 से 21 मार्च 2025) आयोजित की गई। राजभाषा निरीक्षण एवं वार्षिक समीक्षा बैठकों के माध्यम से सभी कार्यालयों की गहन निगरानी की गई।

ख. प्रधान कार्यालय द्वारा 20 मार्च 2025 को 'राजभाषा हिंदी एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता' विषय पर राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्नत अध्ययन संस्थान (एएलआई) में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में श्री विजेंद्र सिंह चौहान, एसोसिएट प्रोफेसर, जाकिर हुसैन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय उपस्थित थे।

ग. संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप–समिति द्वारा अंचल कार्यालय, हैदराबाद, अंचल कार्यालय, जयपुर और मंडल कार्यालय, मुंबई पश्चिमी के निरीक्षण के दौरान राजभाषा में बैंक के कार्य की सराहना की गई।

घ. बैंक में राजभाषा (हिंदी) दिवस (4 अक्तूबर 2024) एवं राजभाषा (हिंदी) माह (14 सितंबर से 13 अक्तूबर 2024) उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रधान कार्यालय में आयोजित मुख्य राजभाषा समारोह में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा कार्यपालक निदेशकों द्वारा विजेताओं को लाला लाजपत राय शील्ड प्रदान की गई।

**4. सूचना प्रौद्योगिकी में हिंदी के प्रयोग में हुई प्रगति**

क. बैंक की वेबसाइट पूर्णतः द्विभाषी है तथा डिफॉल्ट रूप से हिंदी में खुलती है।

ख. एटीएम में हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषाओं की सुविधा उपलब्ध है।

b. PNB has efficiently discharged the responsibility of convener of 28 Town Official Language Implementation Committees across the country. Half yearly meetings of these committees were organized and Hindi competitions, Hindi workshops, Hindi seminars etc. were organized during the year.

c. Quarterly meetings of official language committees were organized by all the offices of the Bank.

**3. External Inspection/Official Language Seminar/ Conference**

a. A three-day All India Official Language Conference (19th-21st March, 2025) and Review Meeting of the Official Language Officers of the Bank was organized in Delhi by the Head Office under the chairmanship of Executive Director and in the presence of Mrs. Anshuli Arya, IAS, Secretary, Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, Government of India. Intensive monitoring of all offices was done through official language inspection and annual review meetings.

b. Rajbhasha Seminar was organized on 20th March, 2025 by the Head Office on the topic "Official Language Hindi and Artificial Intelligence". Shri Vijender Singh Chauhan, Associate Professor, Zakir Husain College, Delhi University was present as the chief speaker in the seminar in Advanced Learning Institute (ALI).

c. The Bank's work in Official Language was appreciated by the Third Sub-Committee of the Parliamentary Official Language Committee during the inspections of Zonal Office Hyderabad, Zonal Office Jaipur and Circle Office Mumbai Western.

d. Rajbhasha (Hindi) Day (4th October 2024) and Rajbhasha (Hindi) Month (14th September to 13th October 2024) were celebrated enthusiastically in the Bank. Lala Lajpat Rai Shield was given to the winners by Managing Director and Chief Executive Officer and Executive Directors in the main official language function organized at Head Office.

**4. Progress made in the use of Hindi in Information Technology**

a. The website of the Bank is completely bilingual and it opens in Hindi by default.

b. Facility of Hindi and regional languages are available in ATM.

ग. ग्राहकों को उनकी पसंदीदा भाषा (हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषा) में एसएमएस अलर्ट भेजे जाते हैं।

घ. प्रधान कार्यालय की सभी शाखाओं, मंडलों, अंचलों तथा प्रभागों की ऑनलाइन हिंदी रिपोर्टिंग **'राजभाषा वेब पोर्टल'** पर की गई।

ङ. लिंग्वाफाई सॉफ्टवेयर के अद्यतन संस्करण के माध्यम से फिनेकल तथा एचआरएमएस का द्विभाषीकरण किया गया। इसके साथ ही सभी कंप्यूटरों पर काम करने के लिए द्विभाषी सुविधा उपलब्ध है।

च. मोबाइल बैंकिंग ऐप 'पीएनबी वन' को हिंदी और विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में नए रूप में क्रियान्वित किया गया।

छ. इंटरनेट बैंकिंग हिंदी के साथ–साथ क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध है।

ज. बैंकिंग विषय पर दैनिक हिंदी पॉडकास्ट जारी किया जा रहा है।

झ. बैंक के ई–लर्निंग पोर्टल पीएनबी यूनिव पर कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन हिंदी पाठ्यक्रम शुरू किए गए, जिसके आधार पर कर्मचारियों को कार्य निष्पादन मूल्यांकन फॉर्म (पीएएफ) में अंक दिए जाते हैं।

ञ. ग्राहकों के लिए व्हाट्सएप बैंकिंग का हिंदी संस्करण उपलब्ध है।

**5. हिंदी के प्रयोग के संबंध में विशेष कार्य एवं कार्यक्रम**

क. बैंक ने 28 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नरकास) के प्रमुखों के लिए 02 अगस्त 2024 को एक सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें हमारा बैंक संयोजक है। यह सम्मेलन प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अध्यक्षता एवं सचिव, श्रीमती अंशुली आर्य, गृह मंत्रालय की गरिमामयी उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

ख. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारत मंडपम, नई दिल्ली में 14–15 सितंबर 2024 को आयोजित हिंदी दिवस एवं अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में बैंक का स्टॉल लगाया गया। स्टॉल पर एक मिनी कियोस्क के माध्यम से प्रतिभागियों के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका उद्घाटन प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा किया गया।

ग. विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों (महाप्रबंधकों एवं मुख्य महाप्रबंधकों) के लिए 'राजभाषा हिंदी एवं ई–टूल्स' विषय पर एक केंद्रीकृत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

c. SMS alerts have been sent to customers in their preferred language (Hindi and regional language).

d. Online Hindi reporting of all the Branches, Circles, Zones and Divisions of the Hea**d Office was done on the** 'Rajbhasha web portal'.

e. Bilingualization of Finacle and HRMS was done through Linguify software updated version. Along with it, bilingual facility is available to work on all computers.

f. Mobile banking app 'PNB ONE' was implemented in the new revamped look in Hindi and various regional languages.

g. Internet Banking is available in Hindi as well as in regional languages.

h. A daily Hindi podcast is being released on Banking subject.

i. Online Hindi courses were introduced for the employees on the Bank's e-learning portal PNB Univ. based on which the employees are given marks in Performance Appraisal Form (PAF).

j. Hindi version of WhatsApp Banking is available for the customers.

**5. Special work and programmes regarding the use of Hindi**

a. The Bank organized a conference on 2nd August, 2024 for the Heads of 28 Nagar Rajbhasha Karyanvayan Samiti (NARAKAS) in which the Bank is convener. This conference was successfully completed under the Chairmanship of the Managing Director and Chief Executive Officer and the dignified presence of Secretary, Smt. Anshuli Arya, Ministry of Home Affairs.

b. The Bank's stall was set up at Hindi Diwas and All India Official Language Conference organized by Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, Government of India at Bharat Mandapam, New Delhi on 14-15th September 2024. A quiz competition was organized for the participants through a mini kiosk at the stall, which was inaugurated by the Managing Director and Chief Executive Officer.

c. On the occasion of World Hindi Day, a centralized workshop was organized on the topic of "Official Language Hindi and e-Tools" for the senior officials of the Bank (General Managers and Chief General Managers).

घ. राजभाषा अधिकारियों के लिए **'राजभाषा में नवीनतम तकनीकी दिशा–निर्देश एवं ई–टूल्स'** विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से संयुक्त निदेशक–राजभाषा श्री राजेश श्रीवास्तव ने **'कंठस्थ–2.0'** के संबंध में विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया तथा वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार श्री केवल कृष्ण ने राजभाषा रिपोर्टिंग के संबंध में विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया।

ङ. बैंक में राजभाषा कार्यान्वयन को डिजिटल बनाने के लिए मोबाइल ऐप **'पीएनबी आरंभ'** के राजभाषा मॉड्यूल का शुभारंभ किया गया।

च. कंप्यूटर एवं अनुवाद टूल कंठस्थ 2.0 पर हिंदी में कार्य करने के लिए हिंदी प्रशिक्षण, हिंदी कार्यशालाओं, यूनिकोड प्रशिक्षण एवं डेस्क प्रशिक्षण के माध्यम से प्रधान कार्यालय, अंचल कार्यालयों, मंडल कार्यालयों एवं प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा स्टाफ सदस्यों को प्रदान किया गया।

**6. परिपत्रों/प्रपत्रों/अन्य दस्तावेजों की द्विभाषी स्थिति**

क. वर्ष के दौरान, प्रधान कार्यालय के प्रभागों द्वारा जारी परिपत्रों को द्विभाषी रूप में बैंक के पोर्टल पर अपलोड किया गया।

ख. ग्राहकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रपत्र हिंदी/द्विभाषी और 11 क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध हैं।

ग. हिंदी में कार्य को सुविधाजनक बनाने के लिए, विभिन्न विभागों से संबंधित दैनिक पत्रों/कार्यालय नोटों का **"मानक प्रारूप"** बैंक के ई–पोर्टल पर उपलब्ध है।

घ. बैंक की योजनाओं और उत्पादों से संबंधित प्रचार और प्रोत्साहन अभियानों में हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं का उपयोग किया गया।

## XIII. पीएनबी की सहायक कंपनियां और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

### 1. घरेलू समनुषंगियां

क. **पीएनबी गिल्ट्स लिमिटेडः** वित्त वर्ष 2024–25 में बॉन्ड बाजार का प्रदर्शन काफी उतार–चढ़ाव वाला रहा और वैश्विक तथा घरेलू कारकों के संयोजन से प्रभावित रहा। वैश्विक स्तर पर, यू.एस. ट्रेजरी प्रतिफलों में एफएमओसी नीतिगत निर्णयों, मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं और अमेरिकी राष्ट्रपति की नीतियों के बारे में अनिश्चितता के कारण उतार–चढ़ाव का अनुभव हुआ। इन प्रतिफलों में पूरे वर्ष वृद्धि और तीव्र गिरावट दोनों देखी गई। उल्लेखनीय रूप से, **यू.एस. फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी)** और **यूरोपीय सेंट्रल बैंक (ईसीबी)** दोनों ने नीतिगत दरों में कटौती की पहल की, जो मौद्रिक

d. A workshop was organized for Official Language Officers on the topic **"Latest technical guidelines and e-tools in Official Language"**. On this occasion, Joint Director-Official Language from Ministry of Home Affairs, Department of Official Language, Mr. Rajesh Srivastava provided special guidance regarding **"Kanthastha-2.0"** and Senior Technical Advisor Mr. Kewal Krishna provided special guidance regarding Official Language Reporting.

e. Rajbhasha module of Mobile app **"PNB Arambh"** was launched to digitalize the official language implementation in the Bank.

f. Hindi Training for work in Hindi on Computer and Translation Tool Kanthasth 2.0 was imparted to staff members through Hindi workshops, Unicode Training and Desk Training by Head Office, Zonal Offices, Circle Offices and Training Centres.

**6. Bilingual status of circulars/forms/other documents**

a. During the year, circulars issued by the divisions of the Head Office were uploaded on Bank's Portal in bilingual form.

b. The forms used by customers are also available in Hindi/bilingual and 11 regional languages.

c. To facilitate the work in Hindi, **"Standard Draft"** of daily letters/office notes related to various departments is available on the e-portal of the Bank.

d. Hindi and regional languages were used in publicity and promotional campaigns related to the Bank's schemes and products.

## XIII. PNB'S SUBSIDIARIES AND REGIONAL RURAL BANKS

### 1. DOMESTIC SUBSIDIARIES

a. **PNB Gilts Ltd.:** The bond market's performance in FY-2025 was marked by considerable volatility and influenced by a combination of global and domestic factors. Globally, U.S. Treasury yields experienced fluctuations driven by FOMC policy decisions, inflation concerns, and uncertainty surrounding the US President's policies. These yields saw both increases and sharp declines throughout the year. Notably, both the US FOMC and the European Central Bank initiated policy rate cuts, signaling a broader trend of

नीति में ढील के व्यापक रुझान का संकेत है। घरेलू स्तर पर, भारतीय बॉन्ड बाजार में आम तौर पर प्रतिफलों में गिरावट देखी गई। इसका श्रेय आरबीआई द्वारा सरकार को अधिशेष लाभांश अंतरित करने, विदेशी खरीद में रुचि बढ़ाने और राजकोषीय विवेक की अपेक्षाओं जैसे कारकों को दिया गया। मौद्रिक नीति में आरबीआई की सक्रिय भूमिका, जिसमें सीआरआर और रेपो दर में कटौती और ओपन मार्केट ऑपरेशन और फॉरेक्स स्वैप के माध्यम से तरलता प्रबंधन शामिल है, ने बॉन्ड प्रतिफलों को काफी प्रभावित किया। इसके अतिरिक्त, घरेलू आर्थिक वृद्धि के बारे में चिंता, क्योंकि वित्त वर्ष 2024–25 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि घटकर 5.56 प्रतिशत रह गई, जो अपेक्षा से कम थी, जिसके कारण नीतिगत ढील और प्रतिफल पर दबाव में कमी आई। कुल मिलाकर, भारतीय 10–वर्षीय बेंचमार्क बॉन्ड के प्रतिफल ने सामान्य रूप से नीचे की ओर प्रक्षेपवक्र प्रदर्शित किया, हालांकि अंतरिम अस्थिरता के साथ, 31 मार्च, 2024 को 7.06% से बढ़कर अंततः 31 मार्च, 2025 तक 6.58 प्रतिशत की सीमा में स्थिर हो गया।

पीएनबी गिल्ट्स लिमिटेड ने प्राथमिक और द्वितीयक बाजार दोनों में आरबीआई द्वारा अनिवार्य प्राथमिक डीलर के रूप में अपने सभी दायित्वों को पूरा करना जारी रखा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान ₹310.95 करोड़ का कर–पूर्व लाभ (पीबीटी) दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान पीबीटी ₹99 करोड़ था। वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान कर पश्चात लाभ (पीएटी) ₹233 करोड़ रहा, जबकि वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान यह रुपये 69 करोड़ था। 31 मार्च, 2025 तक पूंजी से जोखिम भारित आस्ति अनुपात (सीआरएआर) 42.68 प्रतिशत के साथ पूंजी पर्याप्तता मजबूत बनी हुई है जो प्राथमिक डीलरों (पीडी) के लिए नियामक न्यूनतम 15 प्रतिशत से काफी अधिक है।

ख. **पीएनबी इन्वेस्टमेंट सर्विसेज लिमिटेड (पीएनबीआईएसएल):** यह कंपनी अपने परिचालन के पहले वर्ष से ही लाभ कमाने वाली कंपनी है। 31 मार्च 2025 को कंपनी ने ₹10.20 करोड़ की परिचालन (शुल्क आधारित) आय और ₹13.72 करोड़ की कुल आय दर्ज की, जबकि 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए शुल्क आधारित आय ₹8.17 करोड़ और कुल आय ₹11.38 करोड़ थी। 31 मार्च, 2025 को समाप्त अवधि के दौरान कर से पहले का लाभ 31 मार्च, 2024 को ₹5.46 करोड़ की तुलना में ₹7.86 करोड़ था।

कंपनी तीन क्षेत्रों में काम करती है, अर्थात् कॉर्पोरेट सलाहकार, मर्चेंट बैंकिंग और प्रतिभूति ट्रस्टी कॉर्पोरेट एडवाइजरी वर्टिकल में, वर्ष के दौरान पीएनबीआईएसएल

monetary policy easing. Domestically, the Indian bond market generally witnessed declining yields. This was attributed to factors such as the RBI's transfer of surplus dividends to the government, increased foreign buying interest, and expectations of fiscal prudence. The RBI's active role in monetary policy, including repo rate cuts and liquidity management through Open Market Operations and forex swaps, significantly impacted bond yields. Furthermore, concerns about domestic economic growth, highlighted by lower-than-expected GDP figures, contributed to expectations of policy easing and downward pressure on yields. Overall, the Indian 10-year benchmark bond yield demonstrated a general downward trajectory, albeit with interim volatility, moving from 7.06 per cent as on 31st March 2024 and eventually settling at 6.58 per cent as on 31st March 2025.

PNB Gilts Ltd. continued to fulfill all its obligations as a Primary Dealer mandated by RBI both in Primary and Secondary market. The Company posted a Profit Before Tax (PBT) of Rs. 310.95 Crore during FY 2024-25 vis-à-vis PBT of Rs. 99 Crore during FY 2023-24. Profit after Tax (PAT) amounted to Rs. 233 Crore during FY 2024-25 as against Rs. 69 Crore during FY 2023-24. Capital Adequacy remains strong with its Capital to Risk Weighted Assets Ratio (CRAR) at 42.68 per cent as on 31st March, 2025 well above the regulatory minimum of 15 per cent for Primary Dealers (PDs).

b. **PNB Investment Services Limited (PNBISL):** During the year ended as on 31st March, 2025, the Company registered operational (fee-based) income of Rs.10.20 Crore and total income of Rs.13.72 Crore as against a fee- based income of Rs.8.17 Crore and total income of Rs.11.38 Crore for the year ended as on 31st March, 2024. Profit before Tax during the period ended as on 31st March, 2025 was Rs.7.86 Crore as against Rs.5.46 Crore as on 31st March, 2024.

The Company operates in three verticals, namely Corporate Advisory, Merchant Banking and Security Trustee. In the Corporate Advisory Vertical, during the year PNBISL advised many

ने कई प्रमुख व्यावसायिक समूहों और कॉर्पोरेट ग्राहकों को ऋण सिंडिकेशन, ऋण समाधान और अन्य कॉर्पोरेट सलाहकार कार्यों सहित विभिन्न लेनदेन पर सलाह दी। इन–हाउस विशेषज्ञता और चुनिंदा क्षेत्रों की गहरी समझ के साथ, पीएनबीआईएसएल ने अपने ग्राहकों को विश्वसनीय तकनीकी–आर्थिक व्यवहार्यता (TEV) और एलआईई (ऋणदाता स्वतंत्र इंजीनियर सेवाएँ) रिपोर्ट तैयार की और वितरित की।

कॉर्पोरेट एडवाइजरी वर्टिकल में, वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान, कंपनी मुख्य रूप से चार ऋण सिंडिकेशन असाइनमेंट पूरे करने में सक्षम रही। कंपनी ने यूपी स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटीज (UPSIDA) के लगभग 70 असाइनमेंट और लगभग 30 TEV/LIE असाइनमेंट भी पूरे किए हैं। वित्त वर्ष 2024–25 कंपनी के ऋण समाधान (स्विस चैलेंज) अभ्यास के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष था और कंपनी ने 4 महत्वपूर्ण ऋण समाधान को पूरा किया। अब पहले से ही मौजूद साख के साथ कंपनी का मानना है कि वित्त वर्ष 2025–26 में कारोबार में अवश्य वृद्धि होगी।

मर्चेंट बैंकिंग वर्टिकल में, वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान, कंपनी लगभग सभी ईसीएम उत्पाद वर्टिकल यानी आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (आईपीओ), योग्य संस्थागत नियुक्ति (क्यूआईपी) और ओपन ऑफर असाइनमेंट में नियामक प्राधिकरणों को समय पर दस्तावेज दाखिल करने के रूप में बाजारों में अपनी ताकत दिखाने में सक्षम है। आगे बढ़ते हुए कंपनी ने अनुभवी उम्मीदवारों को काम पर रखकर अपनी मर्चेंट बैंकिंग टीम को मजबूत किया है और उसके पास अच्छी पाइपलाइन है। मर्चेंट बैंकिंग वर्टिकल निरंतर विकास और सफलता के लिए तैयार है।

वित्त वर्ष 2024–25 में ट्रस्टीशिप खंड में वृद्धि देखी गई। ट्रस्टीशिप डिवीजन नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है, क्योंकि इसमें मजबूत ग्राहक संबंध, रणनीतिक बाजार स्थिति और गुणवत्तापूर्ण सेवा वितरण पर अधिक ध्यान दिया गया है। कंपनी का मानना है कि ट्रस्टीशिप सेगमेंट के तहत कारोबार विकास, ग्राहक विविधीकरण और मूल्यवर्धित पेशकशों के विस्तार पर निरंतर ध्यान देने के माध्यम से इसे और मजबूत किया जाएगा।

भविष्य की ओर देखते हुए, कंपनी क्रेडिट मूल्यांकन, ऋण सिंडिकेशन, टीईवी परामर्श, मर्चेंट बैंकिंग और सुरक्षा ट्रस्टीशिप सहित विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता को मजबूत करने के लिए समर्पित है। इन पहलों का उद्देश्य मूल बैंक और सभी हितधारकों को प्रदान किए जाने वाले मूल्य को बढ़ाना है।

marquees business groups and corporate clients on various transactions, including debt syndication, debt resolution and other corporate advisory assignments. With in-house expertise and deep understanding of select sectors, PNBISL prepared and delivered credible Techno-Economic Viability (TEV) & LIE (Lenders Independent Engineer services) reports to its clients.

In Corporate Advisory Vertical, during FY 2024-25, the Company was able to complete majorly four Debt Syndication assignments. The Company has also completed around 70 assignments of U P State Industrial Development Authorities (UPSIDA) and around 30 TEV/LIE assignments. FY 2024-25 was a significant year for the Debt Resolution (Swiss Challenge) practice of the Company and the Company undertook and completed 4 significant Debt Resolution. Now with the credentials already being in place, the Company believes the business may see an uptrend in FY 2025-26.

In Merchant Banking Vertical, during FY 2024-25, the Company has been able to showcase its strengths to the markets in the form of timely filing of documents to regulatory authorities in nearly all the ECM product verticals i.e., Initial Public Offers (IPOs), Qualified Institutional Placement (QIP) and Open Offer assignments. Going forward the Company has strengthened its Merchant banking team by hiring the experienced candidates and has good pipeline in hand. Merchant Banking Vertical is poised for continued growth and success.

Growth seen in trusteeship segment in FY 2024-25. The Trusteeship Division remains well-positioned to capitalize on new opportunities, given the foundation of strong client relationships, strategic market positioning, and an increased focus on quality service delivery. The Company believes that it will be further strengthened through continued focus on business development, client diversification, and expanding value-added offerings under the Trusteeship segment.

Looking ahead, the Company is dedicated to strengthening its expertise across various business verticals, including credit appraisal, debt syndication, TEV consultancy, merchant banking, and security trusteeship. These initiatives aim to enhance the value offered to the parent bank and all stakeholders.

ग. **पीएनबी कार्ड्स एंड सर्विसेज लिमिटेड (पीएनबीसीएसएल):** पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी पीएनबीसीएसएल का गठन 16 मार्च 2021 को 7 दिसंबर 2020 की RBI की मंजूरी के बाद किया गया था। शुरुआत में पीएनबी के क्रेडिट कार्ड कारोबार के लिए गैर–वित्तीय सहायता सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए, PNBCSL को अपनी सेवाओं का विस्तार करने के लिए 13 जनवरी 2023 को RBI की और मंजूरी मिली। इनमें अब सोर्सिंग, मार्केटिंग, प्रचार, प्रचार, विज्ञापन और जमाराशि की मांग और खुदरा ऋण उत्पाद शामिल हैं।

पीएनबीसीएसएल ने ₹1,200 करोड़ से अधिक के आवास ऋण, ₹600 करोड़ से अधिक के वाहन ऋण उपलब्ध कराए हैं, 90,000 से अधिक क्रेडिट कार्ड, तथा 50,000 से अधिक कासा खातों का प्रबंध 1,000 से अधिक कर्मचारियों के साथ 100 से अधिक स्थानों पर परिचालन करते हुए, किया है।

पीएनबीसीएसएल ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए ₹3.68 करोड़ का कर के बाद निवल लाभ प्राप्त करके अपनी लाभप्रदता ट्राजेक्टरी को बनाए रखा, इसमें 63.6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई, जो बैंक की सफलता में इसके निरंतर योगदान को दर्शाता है। जो बैंक की सफलता में इसके निरंतर योगदान को दर्शाता है।

पीएनबीसीएसएल उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने तथा व्यापक ग्राहक आधार की सेवा के लिये अपनी पहुंच का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 2. अंतरराष्ट्रीय

घ. **पीएनबी इंटरनेशनल लिमिटेड (पीएनबीआईएल):** पंजाब नैशनल बैंक (इंटरनेशनल) लिमिटेड को 13 अप्रैल 2006 को यू.के. में शामिल किया गया था एवं इंग्लैंड और वेल्स में कंपनी हाउस के साथ पंजीकृत किया गया था। बैंक को यूके में बैंकिंग कारोबार संचालित करने के लिए प्रूडेंशियल रेगुलेशन अथॉरिटी ('PRA') द्वारा अधिकृत है और वित्तीय आचरण प्राधिकरण ('FCA') द्वारा विनियमित है।

कुल जमा राशि 31 मार्च 2024 को ₹6664 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2025 को ₹7688 करोड़ हो गई जो वर्ष–दर–वर्ष 15.37% की वृद्धि को दर्शाता है। 31 मार्च, 2024 तक कुल अग्रिम राशि ₹7726 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2025 तक ₹8333 करोड़ हो गई है जो वर्ष–दर–वर्ष 7.86% की वृद्धि को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2024–25 में, पीएनबीआईएल ने भारतीय सामान्य रूप से स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (आईजीएएपी) के अनुसार ₹196.96 करोड़ और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (आईएफआरएस) के अनुसार ₹ 3.49 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

c. **PNB Cards and Services Limited (PNBCSL):** PNBCSL, a wholly-owned subsidiary of Punjab National Bank (PNB), was incorporated on 16th March, 2021 following RBI approval on 7th December, 2020. Initially focused on non-financial support services for PNB's credit card business, PNBCSL received further RBI approval on 13th January, 2023 to expand its services. These now include sourcing, marketing, promoting, publicizing, advertising, and soliciting deposits and retail products.

Operating across 100+ locations with a workforce exceeding 1,000+ employees, PNBCSL has facilitated housing loans worth over Rs. 1,200 Crore, vehicle loans exceeding Rs. 600 Crore, issued more than 90,000 credit cards, and sourced over 50,000 CASA accounts.

PNBCSL maintained its profitability trajectory, achieving a net profit after tax of Rs. 3.68 Crore for FY 2024-25, showing YoY growth of 63.6 per cent, demonstrating its continued contribution to the Bank's success.

PNBCSL remains committed to offering high-quality services and expanding its reach to serve a broader customer base.

## 2. INTERNATIONAL

d. **PNB International Limited (PNBIL):** Punjab National Bank (International) Limited was incorporated in the UK on 13th April, 2006 and registered with the Companies House in England & Wales. The Bank is authorized by the Prudential Regulation Authority ('PRA') and regulated by Financial Conduct Authority ('FCA') to conduct banking Business in UK.

The total deposits increased from Rs.6,664 Crore as on 31st March, 2024 to Rs.7,688 Crore as on 31st March, 2025, showing YoY growth of 15.37 per cent. Total advance increased from Rs. 7,726 Crore as on 31st March, 2024 to Rs. 8,333 Crore as on 31st March 2025, showing YoY growth of 7.86 per cent. In the FY 2024-25, PNBIL recorded a Net Profit of Rs.196.96 Crore as per Indian Generally Accepted Accounting Principles (IGAAP) and Rs. 3.49 Crore as per International Financial Reporting Standards (IFRS).

पीएनबीआईएल का मुख्य व्यवसाय विशेषतः यू.के. में रहने वाले भारतीय समुदाय के ग्राहकों के विभिन्न वर्गों को वाणिज्यिक और रिटेल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। इसमें रिटेल और कॉर्पोरेट ग्राहक दोनों से जमा स्वीकार करनाय रिटेल, एसएमई और कॉर्पोरेट ग्राहकों को ऋण देनाय तथा मुद्रा प्रेषण जैसी लेनदेन बैंकिंग सेवाएं शामिल है।

जमा उत्पादों में प्राथमिक रूप से चालू, बचत, सावधि जमा और व्यक्तिगत बचत खाते शामिल हैं। इनमें से कुछ उत्पाद जैसे ISAs (व्यक्तिगत बचत खाते) और सावधि जमा भी यू. के. में व्यापक ग्राहकों द्वारा लाभ उठाया जा रहा है। उधार उत्पादों में रियल एस्टेट उधार शामिल है, जैसे कि आवासीय, वाणिज्यिक विकास ऋण और होटल तथा आतिथ्य, एसएमई को ऋण और एसबीएलसी द्वारा समर्थित सावधि ऋण शामिल हैं।

ङ. **ड्रुक पीएनबी बैंक लिमिटेड (डीपीएनबीएल):** ड्रुक पीएनबी बैंक लिमिटेड, भूटान, बैंकिंग कंपनी जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय थिम्पू, भूटान में है। इसने 27 जनवरी 2010 को अपना परिचालन शुरू किया। जनवरी, 2010 में, भूटान में देश के चौथे वाणिज्यिक बैंक के रूप में इसकी स्थापना की गई, जिसमें बैंकिंग क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और संयुक्त उद्यम दोनों शामिल हैं । वर्तमान में, बैंक की देश भर में 9 शाखाएँ और 30 एटीएम हैं।

डीपीएनबीएल की कुल जमाराशि 31 मार्च 2024 को ₹2590 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2025 को ₹2828 करोड़ हो गई। वर्ष–दर–वर्ष 9.18% की वृद्धि।

डीपीएनबीएल का कुल अग्रिम 31 मार्च 2024 को ₹1914 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2025 को ₹1914 करोड़ हो गया। वर्ष–दर–वर्ष 9.87% की वृद्धि।

लाभ 31 मार्च, 2024 को ₹49 करोड़ से घटकर 31 मार्च, 2025 को ₹30.41 करोड़ रह गया। 31 मार्च, 2025 तक बैंक की चुकता पूंजी ₹168 करोड़ है।

3. **क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी):** 31 मार्च, 2025 तक बैंक द्वारा प्रायोजित 9 आरआरबी हैं, जैसे दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक (डीबीजीबी), पटना; सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक (एसएचजीबी), रोहतक; हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक (एचपीजीबी); मंडी; पंजाब ग्रामीण बैंक (पीजीबी), कपूरथलाय प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक (पीयूपीजीबी), मोरादाबाद; असम ग्रामीण विकास बैंक (एजीवीबी), गुवाहाटी; बंगीय ग्रामीण विकास बैंक (बीजीवीबी), बेरहामपुर; त्रिपुरा ग्रामीण बैंक (टीजीबी), अगरतला और मणिपुर ग्रामीण बैंक (एमआरबी), इंफाल।

PNBIL's main business is to provide commercial and retail banking services to different segments of customers, with a focus on the Indian community within the UK. Its offerings include accepting deposits from both retail and corporate clients; lending to retail, SMEs and corporate clients; and transaction banking services such as currency remittances.

The deposit products primarily include current, savings, term deposits and Individual Savings Accounts. Some of these products such as ISAs (Individual Savings Accounts) and Fixed deposits are also being availed by a wider audience in the UK. The lending products includes real estate lending i.e., Buy to Let Residential, Commercial, Development Loans and Hotels & Hospitalities, lending to SME and Term loans backed by SBLC.

e. **Druk PNB Bank Ltd (DPNBL):** Druk PNB Bank Ltd, Bhutan, Banking Company having its corporate office at Thimphu, Bhutan. It started its operation on 27th January, 2010, in Bhutan as the country's fourth commercial Bank, with a component of both Foreign Direct Investment (FDI) and joint venture in the Banking Sector. Presently, the Bank has 9 branches and 30 ATMs spread across the country.

Total Deposits of DPNBL increased from Rs. 2,590 Crore as on 31st March, 2024 to Rs.2828 Crore as on 31st March, 2025 i.e. YoY increase of 9.18%.

Total Advances of DPNBL increased from Rs. 1,914 Crore as on 31st March, 2024 to Rs. 2,103 Crore as on 31st March, 2025 i.e. YoY increase of 9.87%.

Profit decreased from Rs.49 Crore as on 31st March, 2024 to Rs.30.41 Crore as on 31st March, 2025. Paid up capital of the Bank as on 31st March, 2025 is Rs.168 Crore.

3. **REGIONAL RURAL BANKS (RRBs):** As on 31st March, 2025, there are 9 RRBs sponsored by the bank namely Dakshin Bihar Gramin Bank (DBGB), Patna; Sarva Haryana Gramin Bank (SHGB), Rohtak; Himachal Pradesh Gramin Bank (HPGB); Mandi; Punjab Gramin Bank (PGB), Kapurthala; Prathama UP Gramin Bank (PUPGB), Moradabad; Assam Gramin Vikas Bank (AGVB), Guwahati; Bangiya Gramin Vikas Bank (BGVB), Berhampore; Tripura Gramin Bank (TGB), Agartala and Manipur Rural Bank (MRB), Imphal.

ये 9 आरआरबी 9 राज्यों अर्थात् बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, मणिपुर और त्रिपुरा में 4709 शाखाओं के नेटवर्क के साथ 162 जिलों को कवर करते हुए काम कर रहे हैं।

क. 31 मार्च 2025 तक प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का कुल कारोबार ₹2,44,946 करोड़ दर्ज की गई, जो वर्ष–दर–वर्ष 9.52 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

ख. 31 मार्च 2025 तक आरआरबी की जमा राशि ₹1,52,499 करोड़ है। सकल जमाराशि में 8.06 प्रतिशत की वर्ष–दर–वर्ष वृद्धि दर्ज की गई।

ग. 31 मार्च 2025 तक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का अग्रिम 12.04 प्रतिशत की वर्ष–दर–वर्ष वृद्धि के साथ ₹92,447 करोड़ हो गया।

घ. आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार आरआरबी के लिए **9 प्रतिशत की सीआरएआर** की नियामक आवश्यकता को पूरा करना अनिवार्य है। डीबीजीबी को छोड़कर सभी आरआरबी ने वनियामक आवश्यकता से अधिक सीआरएआर प्राप्त किया है। टीजीबी (24.50 प्रतिशत), पीजीबी (15.86 प्रतिशत), एसएचजीबी (15.31 प्रतिशत), पीयूपीजीबी (13.06 प्रतिशत), बीजीवीबी (11.78 प्रतिशत) और एमआरबी (10.01 प्रतिशत), एचपीजीबी (9.09 प्रतिशत) और एजीवीबी (9.54 प्रतिशत)। डीबीजीबी का सीआरएआर विनियामक आवश्यकता (2.99 प्रतिशत) से कम है।

ङ. प्रायोजित आरआरबी ₹1131 करोड़ के लाभ में हैं। 31 मार्च, 2025 तक आरआरबी का समेकित परिचालन लाभ ₹2630 करोड़ रहा।

च. आरआरबी ने 31 मार्च, 2025 तक **प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई)/मुद्रा** के अंतर्गत संचयी रूप से ₹3021 करोड़ रुपये वितरित किए हैं, जिससे वितरण के लिए निर्धारित ₹3,600 करोड़ के लक्षित बजट का 83.93 प्रतिशत प्राप्त हुआ है।

## XIV. पुरस्कार और प्रशंसा

बैंक के प्रयासों को विभिन्न मंचों पर सराहा गया हैं। वित्त वर्ष 2024–25 के लिए विभिन्न क्षेत्रों में की गई पहलों के लिए बैंक को निम्नलिखित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है

1. EASE 6.0 के अंतर्गत, पीएनबी को दो थीम में विजेता घोषित किया गया– **शीर्ष प्रदर्शन करने वाले बैंक की श्रेणी में प्रथम उपविजेता।**

   क तकनीक और डेटा संचालित क्षमता निर्माण

   ख डिजिटल और एनालिटिक्स संचालित कारोबार सुधार

2. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के आईटी और एमआईएस विभागों के सीजीएम/जीएम के आईबीए ट्रांसयूनियन सिबिल वार्षिक

These nine RRBs are operating in nine states namely Bihar, Haryana, Himachal Pradesh, Punjab, Uttar Pradesh, West Bengal, Assam, Manipur and Tripura covering 162 districts with a network of 4709 branches.

a. **Total Business** of sponsored RRBs as on 31st March, 2025 is Rs.2,44,946 Crore registering a YoY growth of 9.52 per cent.

b. **Deposits** of RRBs are at Rs.1,52,499 Crore as on 31st March, 2025. Aggregate Deposits registered a YoY growth of 8.06 per cent.

c. **Advances** of the RRBs as on 31st March, 2025 stood at Rs. 92,447 Crore with a YoY growth of 12.04 per cent.

d. As per RBI guidelines it is mandatory for RRBs to meet the regulatory requirement of **CRAR of 9 per cent.** The RRBs except DBGB attained CRAR over and above the regulatory requirement TGB (24.50 per cent), PGB (15.86 per cent), SHGB (15.31 per cent), PUPGB (13.06 per cent), BGVB (11.78 per cent) and MRB (10.01 per cent) HPGB (9.09 per cent) and AGVB (9.54 per cent). CRAR of DBGB is below the regulatory requirement at (2.99 per cent).

e. The sponsored RRBs are in profit of Rs.1131 Crore. Consolidated Operating profit of RRBs stood at Rs.2630 Crore as on 31st March, 2025.

f. The RRBs have cumulatively disbursed Rs.3021 Crore under Pradhan Mantri Mudra Yojana (PMMY)/MUDRA as on 31st March, 2025, achieving 83.93 per cent of targeted budget of Rs.3,600 Crore for disbursement.

.

## XIV. AWARDS AND ACCOLADES

The Bank's efforts have been recognized at various platforms. The Bank has been conferred with the following for initiatives taken in various fields for FY 2024-25:

1. Under EASE 6.0, PNB was declared winner in two themes along-with **First runner-up in the category of Top Performing Bank.**

   a. Tech and Data driven capability building

   b. Digital and Analytics driven business improvement

2. **Data Quality Award "PSU Best DQI-FY'25"** in Consumer Segment from Credit Information

सम्मेलन के दौरान क्रेडिट सूचना कंपनी ट्रांसयूनियन सिबिल (टीयू सिबिल) से उपभोक्ता खंड में **डेटा गुणवत्ता पुरस्कार 'पीएसयू सर्वश्रेष्ठ डीक्यूआई–वित्त वर्ष 25'**।

3. भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) द्वारा वर्ष 2023–24 के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की श्रेणी में **वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित सिल्वर शील्ड**।

4. **CIMSME बैंकिंग उत्कृष्टता पुरस्कार:**

   क. सर्वश्रेष्ठ बैंक (विजेता)

   ख. सर्वश्रेष्ठ एमएसएमई अनुकूल बैंक (उपविजेता)

5. **IBEX इंडिया 2025** में 2 प्रविष्टियाँ – I) आरंभ और II) पीएनबी वन बिज.

6. भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा 20 वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन, एक्सपो और प्रशस्ति पत्र 2024 में निम्नलिखित 2 श्रेणियों के तहत **आईबीए बैंकिंग प्रौद्योगिकी पुरस्कार**।

   क. सर्वश्रेष्ठ आईटी जोखिम प्रबंधन (विशेष उल्लेख)

   ख. सर्वश्रेष्ठ फिनटेक और डीपीआई अपनाना (विशेष उल्लेख)

7. 100वें स्कॉच शिखर सम्मेलन के दौरान बीएफएसआई श्रेणी के अंतर्गत **'एटीएम की विश्लेषणात्मक मॉडल आधारित व्युत्पन्न नकदी प्रतिधारण सीमा'** के लिए स्कॉच पुरस्कार।

8. दीन दयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा **एसएचजी लिंकेज 2023–24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन**।

9. सोसाइटी ऑफ ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएचआरएम) द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (पीएसई) श्रेणी के अंतर्गत समावेश, इक्विटी और विविधता के क्षेत्र में **एसएचआरएम एचआर उत्कृष्टता पुरस्कार के साथ प्रथम रनर अप पुरस्कार**।

10. **उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार** – कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा कृषि अवसंरचना निधि के अंतर्गत रैपिड अभियान के तहत दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला बैंक।

11. न्यूज18 द्वारा परियोजना पलाश के अंतर्गत बैंक की हरित पहल के लिए **ग्रीन रिबन चौंपियंस पुरस्कार**।

12. पेमेंट काउंसिल ऑफ इंडिया, एनपीसीआई और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल (एफसीसी) द्वारा ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 के दौरान आधार के माध्यम से पीएनबी वन ऑनबोर्डिंग के लिए ग्रीन बैंकिंग इनिशिएटिव ऑफ द ईयर की श्रेणी में **ग्लोबल फिनटेक अवार्ड्स 2024 (प्रथम पुरस्कार)**।

13. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार ने महात्मा मंदिर, गांधी नगर में वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन एवं एक्सपो (चौथा रीइनवेस्ट) का आयोजन किया, जिसमें बैंक को नवीकरणीय स्रोतों से 200 गीगावाट ऊर्जा उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य में योगदान के लिए मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया गया।

Company TransUnion CIBIL (TU CIBIL) during IBA TransUnion CIBIL Annual Conference of CGMs/GMs of IT and MIS Departments of Public Sector Banks.

3. **Prestigious Silver Shield for Excellence in Financial Reporting** in the category of Public Sector Banks for the Year 2023-24 by the Institute of Chartered Accountants of India (ICAI).

4. **CIMSME Banking Excellence Awards** for:

   a. Best Bank for implementing Government Schemes (Winner)

   b. Best MSME Friendly Bank (Runner Up)

5. **IBEX India 2025** for 2 entries- I) AARAMBH and II) PNB ONE Biz.

6. **IBA Banking Technology Awards** under the following 2 categories at 20th Annual Banking Technology Conference, Expo and Citation 2024 by Indian Banks' Association (IBA).

   a. Best IT Risk Management (Special Mention)

   b. Best Fintech and DPI Adoption (Special Mention)

7. **SKOCH award for 'Analytical Model Based Derived Cash Retention Limit of ATMs'** under BFSI category during 100th SKOCH Summit.

8. **Outstanding Performance in SHG Linkage 2023-24** by Deen Dayal Antyodaya Yojana, National Rural Livelihood Mission, Ministry of Rural Development, government of India.

9. **1st Runner up award with SHRM HR Excellence Awards** in the field of Inclusion, Equity & Diversity under Public Sector Enterprise (PSE) Category by Society of Human Resource Management (SHRM).

10. **Award of Excellence for Outstanding Performance-** 2nd Best Performing Bank under RAPID campaign under Agriculture Infrastructure fund by Ministry of Agriculture and Farmer Welfare.

11. **Green Ribbon Champions award** for Bank's green initiatives under project PALASH by News18.

12. **Global Fintech Awards 2024 (First prize)** in the category of Green Banking Initiative of the Year for its PNB ONE onboarding through Aadhaar during Global Fintech Fest 2024 by Payment Council of India, NPCI and Fintech Convergence Council (FCC).

13. The Ministry of New and Renewable Energy, Govt. of India has organized Global Renewable Energy Investors Meet and Expo (4th REINVEST) at Mahatma Mandir, Gandhi Nagar wherein the Bank was felicitated by the Ministry for contribution to the ambitious 200 GW Energy Generation from Renewable Sources.

14. **राजभाषा कीर्ति पुरस्कार वर्ष 2023–24 के लिए (प्रथम पुरस्कार)** पीएनबी प्रतिभा पत्रिका के लिए तथा हमारे बैंक के लिए समग्र रूप से **द्वितीय पुरस्कार**। यह पुरस्कार राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिया गया तथा तत्कालीन एमडी एवं सीईओ द्वारा गृह मंत्री श्री अमित शाह से प्राप्त किया गया।
15. भारतीय चौंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित द्वितीय आईसीसी इमर्जिंग एशिया बैंकिंग कॉन्क्लेव और अवार्ड्स में भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (बड़े) की श्रेणी में निम्नलिखित दो श्रेणियों में विजेता।
    - ✓ आस्ति गुणवत्ता पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
    - ✓ लाभप्रदता पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
16. निम्नलिखित श्रेणी में **इंफोसिस फिनेकल इनोवेशन अवार्ड्स 2024**:
    - क. पारिस्थितिकी तंत्र–आधारित नवाचार – प्लैटिनम विजेता
        - ✓ कृषि तत्काल ऋण
    - ख. चैनल इनोवेशन – स्वर्ण विजेता
        - ✓ लॉकर समझौते का डिजिटल निष्पादन
    - ग . ग्राहक सहभागिता को अधिकतम करना – स्वर्ण विजेता
        - ✓ आधार–आधारित मोबाइल ऑनबोर्डिंग
17. **पीएसई अवार्ड 2024** – एंटरप्राइज एप्लीकेशन श्रेणी–एक्सप्रेस कंप्यूटर–द इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप।
18. **ट्रांसयूनियन सिबिल पुरस्कार**:
    - ए. सर्वश्रेष्ठ डेटा गुणवत्ता–पीएसबी उपभोक्ता पुरस्कार 2023–24
    - बी. सर्वश्रेष्ठ डेटा गुणवत्ता–पीएसबी वाणिज्यिक पुरस्कार 2023–24
    - सी. TUCIBIL सर्वश्रेष्ठ डेटा गुणवत्ता पुरस्कार 2023–24
19. वित्त वर्ष 2023–24 के लिए मिशन अपग्रेड अभियान के अंतर्गत बैंक को उपलब्धि पुरस्कार।

## XV. बैंक की भावी कारोबार योजना

वित्तीय वर्ष 2025–26 में बैंक एक परिवर्तनकारी यात्रा पर निकल रहा है, इसलिए वह और अधिक उड़ान भरने और अभूतपूर्व उपलब्धियाँ हासिल करने की आकांक्षा रखता है। विकास और लाभप्रदता पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करके, बैंक खुदरा, कृषि और एमएसएमई (आरएएम) अग्रिमों को प्राथमिकता देना जारी रखेगा, अपने सीएएसए पोर्टफोलियो को बढ़ाएगा एवं स्थायी व्यावसायिक विकास सुनिश्चित करेगा।

**बैंक अपने उत्पादों की पेशकश में विविधता** लाकर, नए बाजारों की खोज करके और अप्रयुक्त ग्राहक खंडों तक पहुँच बनाकर अपने क्षितिज का विस्तार करने पर अपना ध्यान केंद्रित रखेगा। परिचालन दक्षता मुख्य फोकस बनी रहेगी, जिससे निर्बाध सेवा वितरण संभव हो सकेगा।

14. **Rajbhasha Kirti Puruskar for 2023-24 (First Prize)** for PNB Pratibha Magazine and 2nd Prize overall for our Bank. The award by given away by Department of Official Language, Ministry of Home Affairs, Government of India and received by the MD & CEO from Shri Amit Shah, Minister of Home Affairs.
15. Winner in the following two categories amongst Indian Public Sector Banks (Large) category in 2nd ICC Emerging Asia Banking Conclave & Awards organized by Indian Chamber of Commerce.
    - a. Best Performance on Asset Quality
    - b. Best Performance on Profitability
16. **Infosys Finacle Innovation Awards 2024 in following category:**
    - a. Ecosystem-led Innovation – Platinum Winner
        - ✓ Krishi Tatkal Rinn
    - b. Channel Innovation – Gold Winner
        - ✓ Digital Execution of Locker Agreement
    - c. Maximizing Customer Engagement – Gold Winner
        - ✓ AADHAR-based Mobile Onboarding
17. **PSE Award 2024 -** Enterprise Applications Category-Express Computer-The Indian Express Group.
18. **TransUnion CIBIL Award:**
    - a. Best Data Quality-PSB Consumer Award 2023-24
    - b. Best Data Quality-PSB Commercial Award 2023-24
    - c. TUCIBIL Best Data Quality Award 2023-24
19. Award of achievement to Bank under **Mission Upgrade Campaign** for the FY 2023-24.

## XV. FUTURE BUSINESS PLAN OF THE BANK

As the Bank embarks on a transformative journey in the Financial Year 2025-26, it aspires to soar higher and achieve unprecedented milestones. Guided by a strategic focus on growth and profitability, the Bank will continue to prioritize Retail, Agriculture & MSME (RAM) Advances, enhancing its CASA portfolio and ensuring sustainable business growth.

The Bank will keep its focus on expanding its horizons by **diversifying its product offerings,** exploring new markets, and tapping into untapped customer segments. Operational efficiency will remain a core focus, enabling seamless service delivery.

**अपने डिजिटल परिवर्तन को गति देते हुए**, बैंक अपने सभी ग्राहकों को वैयक्तिकृत और निर्बाध ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए एआई–संचालित उपकरणों सहित अत्याधुनिक तकनीकों का लाभ उठाएगा।

**ग्राहक–केंद्रितता** बैंक के दृष्टिकोण का केंद्र बनी रहेगी। अभिनव उत्पादों और सेवाओं को पेश करके, आंतरिक प्रक्रियाओं को मजबूत करके और कर्मचारी प्रशिक्षण में निवेश करके, बैंक ग्राहकों की अपेक्षाओं को पार करने का निरंतर प्रयास करेगा।

**कर्मचारी विकास** इस यात्रा का एक और महत्वपूर्ण स्तंभ होगा। बैंक अपने कर्मचारियों के समग्र विकास में निवेश करेगा, **पीएनबी उड़ान** परियोजना जैसी पहलों के माध्यम से स्व–संचालित उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देगा।

**वित्त वर्ष 2025–26 विकास और परिवर्तन का वर्ष होगा।** इन रणनीतिक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके, बैंक ग्राहकों, कर्मचारियों और हितधारकों को समान रूप से मूल्य प्रदान करते हुए एक अग्रणी वित्तीय संस्थान के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए तैयार है।

## XVI. निदेशक मंडल में परिवर्तन

1. **डॉ. रेखा जैन** ने 11.09.2024 को अपना कार्यकाल पूरा किया।
2. **श्री अम्बरीश ओझा**, शेयरधारक निदेशक, को 12.09.2024 से बैंक के शेयरधारक निदेशक के रूप में निर्वाचित माना गया।
3. **श्री पंकज जोशी** ने अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक ने 20.12.2024 को अपना कार्यकाल पूरा कर लिया।
4. **श्री संजीव कुमार सिंघल** ने अंशकालिक गैर–सरकारी निदेशक ने 20.12.2024 को अपना कार्यकाल पूरा कर लिया।
5. **श्री अतुल कुमार गोयल**, एमडी और सीईओ, ने 31.12.2024 को सेवानिवृत्ति प्राप्त कर अपना कार्यकाल पूरा कर लिया।
6. **श्री बिनोद कुमार**, कार्यपालक निदेशक, ने इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में नियुक्ति के बाद 16.01.2025 को पदमुक्त हुये।
7. **श्री अशोक चंद्र** को 16.01.2025 से बैंक का एमडी और सीईओ नियुक्त किया गया।
8. **श्री डी. सुरेन्द्रन** को 24.03.2025 से बैंक का कार्यपालक निदेशक नियुक्त किया गया।

## XVII. सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट

सचिवीय लेखा परीक्षक ने रिपोर्ट में (i) सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 17(1)(ए) के अंतर्गत महिला निदेशक, कामगार कर्मचारी निदेशक, कर्मचारी निदेशक जो कामगार नहीं है, बैंक के बोर्ड में बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3) (ई), (एफ), (जी) और (एच) के अंतर्गत सीए निदेशक अर्थात निदेशकों की रिक्तियों के संबंध में और

**Accelerating its digital transformation,** the Bank will leverage cutting-edge technologies, including AI-powered tools, to offer personalized and seamless online and mobile banking experiences to all our customers.

**Customer-centricity** will remain at the heart of the Bank's approach. By introducing innovative products and services, strengthening internal processes, and investing in employee training, the Bank will consistently strive to exceed customer expectations.

पिछले वित्त वर्ष 2024–25 में ऋण वृद्धि पिछले तीन वर्षों में सबसे कमजोर रही है क्योंकि अर्थव्यवस्था की विकास की गति धीमी हो गई है, चलनिधि की कमी थी और बैंकों ने अपने उच्च ऋण जमा अनुपात को कम करने का प्रयास किया। वित्त वर्ष 2025 की पहली तीन तिमाहियों में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की ऋण वृद्धि क्रमिक रूप से धीमी हो गई है। यद्यपि ऋण वृद्धि सितम्बर 2024 में 12.6 प्रतिशत से घटकर दिसम्बर 2024 में 11.8 प्रतिशत हो गई, तथापि सभी जनसंख्या समूहों (अर्थात् ग्रामीण, अर्ध–शहरी, शहरी और बैंकों की महानगरीय शाखाएँ) में दोहरे अंक की वृद्धि बनी रही, यद्यपि सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र दोनों के बैंकों में कुछ नरमी देखी गई।

विकास में कमी मुख्य रूप से व्यक्तिगत ऋणों के कारण हुई, विशेष रूप से आवास, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और क्रेडिट कार्ड में, कृषि और उद्योग क्षेत्रों को दिए जाने वाले ऋण की वृद्धि में भी कुछ कमी दर्ज की गई। आस्ति गुणवत्ता संबंधी चिंताओं और प्रतिभूति रहित व्यक्तिगत ऋणों पर जोखिम भार में वृद्धि के कारण दिसंबर 2023 में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के बाद, व्यक्तिगत ऋण वृद्धि क्रमिक गिरावट पर रही है – सितंबर 2024 में लगभग आधी होकर 15.2 प्रतिशत और दिसंबर 2024 में 13.7 प्रतिशत हो जाएगी। आगे चलकर, यह उम्मीद की जा रही है कि सिस्टम क्रेडिट ग्रोथ 12–13 प्रतिशत के दायरे में रहेगी। वित्त वर्ष 2025.26 में बैंकिंग सिस्टम के लिए जमा वृद्धि 10–11 प्रतिशत के दायरे में रहने की उम्मीद है।

वर्ष 2026 में भारत की मौद्रिक नीति का परिदृश्य मुद्रास्फीति संबंधी दबावों से निपटने के बजाय विकास को बढ़ावा देने पर केन्द्रित होने की उम्मीद है। भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापी गई खुदरा मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2024–25 में उल्लेखनीय रूप से गिरकर 4.6 प्रतिशत हो गई है, जो 2018–19 के बाद से सबसे कम है। इसके अलावा, मार्च 2025 के लिए वार्षिक मुद्रास्फीति दर घटकर 3.34 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त 2019 के बाद सबसे कम मासिक मुद्रास्फीति दर है। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति की प्रभावशीलता को उजागर करता है, जिसने मूल्य स्थिरता के साथ आर्थिक विस्तार को सफलतापूर्वक संतुलित किया है।

वित्त वर्ष 26 के लिए अपनी पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति बैठक में, आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने लगातार दूसरी बार रेपो दर में 25 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती की। रेपो दर अब 6.00 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय बैंक ने भी अपना रुख 'तटस्थ' से बदलकर 'समायोज्य' कर दिया है, जो मांग को मजबूत करने और अर्थव्यवस्था के समग्र विकास की ओर जोर से बढ़ने का संकेत देता है। परिणामस्वरूप, विभिन्न साधनों में ब्याज दरें और प्रतिफल कम होने लगे हैं। इसके साथ ही नकदी आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कमी, परिवर्तनीय दर रेपो (वीआरआर) नीलामी की आवृत्ति में वृद्धि, खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) खरीद, 56–दिवसीय वीआरआर नीलामी और यूएसडी/आईएनआर स्वैप सहित तरलता को आसान बनाने के लिए कई उपायों से भविष्य में ऋण विस्तार के लिए अनुकूल वातावरण विकसित होने की उम्मीद है। इसके अलावा, अमेरिकी शेयरों के काफी अधिक मूल्यांकित होने के कारण, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) अब अन्य बाजारों की तलाश कर रहे हैं, भारत अपने स्थिर मैक्रो पर्यावरण के कारण सबसे आकर्षक निवेश स्थलों में से एक है, जो संभावित रूप से एफपीआई को आगे चलकर आकर्षित कर सकता है, जिससे तरलता में और आसानी होगी।

## IV. Outlook

Credit growth in the past FY 2024-25 has been lowest in the last three years as growth of the economy slowed down, liquidity was scarce and banks tried to moderate their high credit deposit ratios. Credit growth of Scheduled Commercial Banks (SCBs) has decelerated sequentially in the first three quarters of FY 2024-25. Though credit growth moderated to 11.8 per cent in December 2024 from 12.6 per cent in quarter ending September 2024, all the population groups in rural, semi-urban, urban and metropolitan areas of the country maintained double digit growth.

The moderation in credit growth was largely on account of personal loans, specifically in housing, consumer durables and credit card; credit to agriculture and industry sectors also recorded some tempering in the growth. After rising by over 30 per cent in December 2023, personal loan growth has been on sequential downtrend almost halving to 15.2 per cent YoY in September 2024 and further to 13.7 per cent YoY in December 2024, due to asset quality concerns and increase in risk weights on unsecured personal loans.

Going forward, it is expected that the system credit growth will remain in the range of 12-13 per cent. Deposit growth for the banking system is expected to be in the range of 9-11 per cent in FY 2025-26.

India's monetary policy landscape in 2026 is expected to shift focus from navigating inflationary pressures to bolstering growth. Retail inflation in India, measured by the Consumer Price Index (CPI), fell to a remarkable 4.6 per cent in the fiscal year 2024-25, the lowest in 6 years. Further, the YoY inflation rate for April 2025 dropped to 3.16 per cent, marking the lowest monthly inflation rate since July 2019. This highlights the effectiveness of the Reserve Bank of India's (RBI) monetary policy, which has successfully balanced economic expansion with price stability.

In its first Bi-monthly Monetary Policy meeting for FY26, the Monetary Policy Committee (MPC) of the RBI reduced the repo rate by 25 basis points (bps) for the second time in a row. The Repo rate now stands at 6.0 per cent. The Central Bank also changed its stance from 'Neutral' to 'Accommodative' indicating increasing thrust towards strengthening demand and overall growth of the economy. Consequently, interest rates and yields across various instruments have started to ease. This coupled with a series of measures to ease liquidity, including a reduction in the Cash Reserve Ratio (CRR), increased frequency of Variable Rate Repo (VRR) auctions, Open Market Operations (OMO) purchases, 56-day VRR auctions and USD/INR swaps are expected to foster a conducive environment for credit expansion going forward.

कॉर्पोरेट क्षेत्र में, विशेष रूप से बुनियादी ढांचे और विनिर्माण में निवेश में वृद्धि से व्यवसाय ऋण की मांग में वृद्धि होने की संभावना है। हाल के वर्षों में अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करने वाले बैंकों से ऋण देने में आक्रामक बने रहने की उम्मीद है, क्योंकि सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास और व्यापार करने में आसानी पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है।

वित्त वर्ष 2026 में सभी बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी रहने की उम्मीद है और कुछ बैंकों द्वारा उच्च ऋण मांग को पूरा करने के लिए पूंजी जुटाने की उम्मीद है। बैंकों के शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) पर वित्त वर्ष 26 में शुरुआत में असर पड़ने की उम्मीद है क्योंकि रेपो दर में कटौती से सबसे पहले उधार दरों में कमी आएगी और उसके बाद जमा दरों में कमी आएगी।

आस्ति गुणवत्ता के संबंध में, ऋण देने की पद्धति की सूक्ष्मता से निगरानी करना, मजबूत जोखिम अंकन मानकों को अपनाना, सख्त जोखिम मूल्यांकन प्रोटोकॉल का पालन करना महत्वपूर्ण रहेगा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा ग्रामीण क्रेडिट स्कोर फ्रेमवर्क विकसित करने से, ग्रामीण क्षेत्रों में उधारकर्ताओं की ऋण पात्रता का बेहतर मूल्यांकन हो सकेगा, जिससे विशेषतरू ग्रामीण महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों के लिए संभावित रूप से ऋण देने के अवसर और वित्तीय समावेशन में वृद्धि होगी। डेटा–संचालित ऋण मॉडल के कारण माइक्रोक्रेडिट में एनपीए कम होने की भी संभावना है। बैंक इसका लाभ उठाकर अप्रयुक्त उधारकर्ताओं तक पहुँच सकते हैं तथा समावेशी विकास में योगदान दे सकते हैं।

जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था लगातार भू–राजनीतिक संकटों का सामना कर रही है, भारतीय अर्थव्यवस्था अपने बड़े घरेलू बाजार और विदेशी व्यापार पर सीमित निर्भरता के कारण अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित बनी हुई है। जबकि सख्त व्यापार नीतियों से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में परिवर्तन की संभावना है, भारत को लंबे समय में लाभ होगा क्योंकि यह सबसे आकर्षक निवेश स्थलों में से एक है, जो बैंकिंग उद्योग के लिए भी अच्छा संकेत है।

## V. खंड–वार या उत्पाद–वार प्रदर्शन

बैंक के प्रमुख कारोबारी क्षेत्रों के प्रदर्शन का विश्लेषण निम्नानुसार है:

### 1. संसाधन जुटाना

31 मार्च, 2025 के अनुसार कुल जमा राशि ₹ 15.66 लाख करोड़ थी। **कासा जमा राशि** 31 मार्च, 2025 के अनुसार ₹ 5,74, लाख करोड़ थी, जबकि 31 मार्च, 2024 तक यह ₹ 5,52,499 लाख करोड़ थी।

i. 31 मार्च 2025 के अनुसार चालू जमाराशि ₹ 74,763 करोड़ थी।

ii. 31 मार्च, 2025 के अनुसार बचत जमाराशि ₹ 4,97,857 करोड़ थी।

मार्च 2025 के समापन तक कुल जमा राशि में कासा जमाराशि की हिस्सेदारी 37.91 प्रतिशत थी।

In the corporate sector, an uptick in investment, especially in infrastructure and manufacturing, will likely push demand for business loans. Banks, having strengthened their balance sheets in recent years, are expected to remain aggressive in lending, being aided by the government's continued focus on infrastructural growth and ease of doing business.

All the banks are expected to remain well capitalized in FY 2025-26 and some banks are expected to raise capital to meet the high credit demand. Banks' net interest margins (NIM) are expected to come under pressure initially in FY 2025-26 as repo rate cuts will first bring down lending rates with a lagged reduction in deposit rates.

On the asset quality front, keeping a close watch over lending practices, adopting robust underwriting standards, adhering to stricter risk assessment protocols will remain important. With the banks developing a Grameen Credit Score Framework, it will allow for a better assessment of the creditworthiness of borrowers in rural areas, potentially increasing lending opportunities and financial inclusion, especially for rural women and Self-help Groups. It is also expected to lower NPAs in microcredit due to data-driven lending models. Banks can capitalize on it to reach untapped borrowers and contribute to inclusive growth.

While the global economy is reeling from persistent geo-political shocks, the Indian economy remains relatively more insulated due to its large domestic market and limited reliance on foreign trade. While stringent trade policies are likely to shift global supply chains, India stands to benefit in the long run being one the most attractive investment destinations which also augurs well for the banking industry.

## V. Segment-wise or Product-wise Performance

The performance of major business segments of the Bank is analyzed below:

### 1. Resource Mobilization

As on 31st March, 2025, Total Deposits stood at Rs.15.67 Lakh Crore. CASA Deposits was at Rs. 5.74 Lakh Crore as on 31st March, 2025 as against Rs. 5.52 Lakh Crore as on 31st March, 2024.

a. Current Deposits was at Rs. 75,114 Crore as on 31st March, 2025.

b. Savings Deposits was at Rs. 4,98,429 Crore as on 31st March, 2025.

The share of CASA deposit to Total deposit stood at 37.95 per cent as at end of March 2025.

**2. वित्त वर्ष 2024–25 में जमा जुटाने की पहलः**

बढ़ती प्रतिस्पर्धा के वर्तमान बैंकिंग परिदृश्य में, खुदरा बैंकिंग उत्पाद बैंक के कारोबार वृद्धि को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। इसे देखते हुए बैंक ने वित्त वर्ष 2024–25 में विभिन्न पहल की हैं:

**ए. "पीएनबी पलाश ग्रीन डिपॉजिट" का आरंभ**

सतत प्रथाओं को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए, बैंक ने 'पीएनबी पलाश ग्रीन डिपॉजिट' का आरंभ किया है। यह ब्याज–धारित सावधि जमा राशि जन सामान्य से एकत्रित धन को हरित वित्त पहलों से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश करने में सक्षम बनाती है।

यह योजना पर्यावरण के अनुकूल तथा सतत परियोजनाओं के वित्तपोषण की बढ़ती आवश्यकताओं का सहयोग करने, वैश्विक जलवायु संबंधी चिंताओं को संबोधित करने और हरित निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए आरंभ की गई थी।

**बी. स्टार्ट–अप व्यवसायों के लिए पीएनबी "स्टार्ट–अप" चालू खाता योजना का शुभारंभ**

भारत 'स्टार्ट–अप इंडिया' जैसी सरकारी पहलों, निधिकरण तक पहुंच और प्रौद्योगिकी–प्रेमी युवा उद्यमियों के उदय जैसे कारकों के कारण नवाचार और उद्यमिता का केंद्र बन गया है। इस योजना का उद्देश्य बैंकिंग बाधाओं को कम करके और विकास और नवाचार की ओर उनकी यात्रा को सहयोग प्रदान करके स्टार्ट–अप के लिए अनुकूल कारोबारी वातावरण को बढ़ावा देना है।

भारत में तेजी से बढ़ते स्टार्ट–अप इकोसिस्टम को पहचानते हुए, बैंक ने अनुकूल शर्तों पर अनुरूप बैंकिंग सेवाओं के साथ उभरते उद्यमियों की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए ष्पीएनबी स्टार्ट–अप चालू खाताष् का आरंभ किया है।

**सी. नए ग्राहक संबंध प्रबंधन (सीआरएम) समाधान का शुभारंभ**

आज के प्रतिस्पर्धी बैंकिंग वातावरण में, ग्राहक संतुष्टि और उन्हें बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीआरएम समाधान विस्तृत ग्राहक अंतर्दृष्टि तक सहज पहुँच प्रदान करने, मजबूत संबंधों तथा व्यक्तिगत सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए पेश किया गया था। बैंक ने प्रतिधारण, अधिग्रहण और लाभप्रदता को बढ़ाकर अपने ग्राहकों के लिए बैंकिंग अनुभव को बढ़ाने के लिए एक उन्नत सीआरएम समाधान आरंभ किया है।

**डी. सीआरएम समाधान में लीड प्रबंधन मॉड्यूल का शुभारंभ**

नए सीआरएम समाधान के हिस्से के रूप में, बैंक ने लीड मैनेजमेंट मॉड्यूल आरंभ किया है, जो लीड को ट्रैक करने और प्रबंधित करने के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करके कि प्रत्येक संभावित लीड को एकीकृत प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जाता है बिक्री और ग्राहक अधिग्रहण प्रक्रियाओं को बेहतर बनाना है। यह मॉड्यूल लीड जनरेशन और ट्रैकिंग के लिए कई चैनलों को एकीकृत करके लीड हैंडलिंग को सरल बनाता है।

**2. Deposit Mobilisation Initiatives in FY 2024-25:**

In the current banking scenario of mounting competition, Retail banking products play a major role in enhancing the business growth of the Bank. In view of this Bank has taken various initiatives in FY 24-2025:

**a. Introduction of "PNB Palaash Green Deposit"**

To promote sustainable practices and contribute to environmental preservation, Bank has introduced the "PNB Palaash Green Deposit." This interest-bearing term deposit enables funds collected from the public to be invested in projects aligned with green finance initiatives.

The scheme was launched to support the growing need for financing eco-friendly and sustainable projects, addressing global climate concerns and encouraging green investments.

**b. Introduction of PNB "Start-Up" Current Account Scheme for Start-Up Businesses**

India has become a hub for innovation and entrepreneurship due to government initiatives like "Start-up India," easy access to funding and the rise of technology-savvy young entrepreneurs. This scheme aims to foster a conducive business environment for start-ups by reducing banking hurdles and supporting their journey towards growth and innovation.

Recognizing the booming start-up ecosystem in India, Bank has introduced the "PNB Start-Up Current Account" to cater to the needs of budding entrepreneurs with tailored banking services on favorable terms.

**c. Introduction of New Customer Relationship Management (CRM) Solution**

In today's competitive banking environment, customer satisfaction and retention are pivotal. The CRM solution was introduced to provide seamless access to detailed customer insights, fostering stronger relationships and personalized services. Bank has rolled out an advanced CRM solution to elevate the banking experience for its customers by enhancing retention, acquisition and profitability.

**d. Introduction of Lead Management Module in CRM Solution**

As part of the new CRM solution, bank has launched the Lead Management module to provide a systematic approach to tracking and managing leads with an aim to improve sales and customer acquisition processes by ensuring every potential lead is effectively managed through a unified platform. This module simplifies lead handling by integrating multiple channels for lead generation and tracking.

3. **ग्राहक सहभागिता**

बैंक ने ग्राहक संबंधों को मजबूत करने तथा संतुष्टि बढ़ाने के उद्देश्य से एक ग्राहक सहभागिता कार्यक्रम लागू किया है। इस पहल के अंतर्गत, ग्राहकों को नए खोले गए खाते के सक्रियण पर एक व्यक्तिगत स्वागत संदेश प्राप्त होता है, साथ ही पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उत्पादों और प्रभारों का विवरण भी साझा किया जाता है। इसके अतिरिक्त, गैर–लेन–देन करने वाले ग्राहकों को खाता उपयोग शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

सुधार के क्षेत्रों की पहचान के लिए खाता खोलने के अनुभव पर ग्राहकों की प्रतिक्रिया को सक्रिय रूप से एकत्रित किया जाता है। ये सभी उपाय ग्राहक–केंद्रितता, खाता गतिविधि में वृद्धि और विश्वास–आधारित, पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध को बढ़ावा देने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

4. **ऋण परिनियोजन और वितरण**

31 मार्च, 2025 तक बैंक का सकल वैश्विक अग्रिम 11.17 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

स्वीकृतियों का एक बड़ा हिस्सा बाह्य रेटिंग 'ए' और उससे ऊपर वाली रेटिंग के नए कॉर्पोरेट स्वीकृतियों की है।

इसी तरह, बैंक ने अपना सीडी अनुपात दिनांक 31 मार्च, 2024 के 71.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 31 मार्च, 2025 तक 71.3 कर दिया है।

कॉर्पोरेट क्रेडिट की दो स्तरीय संगठनात्मक संरचना एक विशिष्ट क्रेडिट डिलीवरी संरचना है जो सुसंगत और जिम्मेदार ऋण देने की प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए समर्पित क्रेडिट डेस्क से सुसज्जित है।

यह संरचना तीन स्तंभों को सुधार कर अर्थात ग्राहक संतुष्टि समय पर डिलीवरी और उचित ऋण प्रथाएं ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए कार्य कर रही है।

2 स्तरीय संरचना को देश के विभिन्न हिस्सों में खोली गई 2 अतिरिक्त बड़ी कॉर्पोरेट शाखाओं (ईएलसीबी) और 13 बड़ी कॉर्पोरेट शाखाओं (एलसीबी) द्वारा पूरा किया जा रहा है।

ये 15 ईएलसीबीध्एलसीबी कुल घरेलू ऋण का लगभग 45.40. प्रतिशत हैं।

5. **रिटेल ऋण**

हमारे बैंक के रिटेल आस्ति कारोबार में पिछले 3 वर्षों के दौरान लगातार दोहरे अंकों की वृद्धि देखी गई है। यह मजबूत गति आर्थिक स्थिति में सुधार, बढ़ते मध्यम वर्ग, बढ़ते शहरीकरण, उच्च प्रयोज्य आय और उत्पाद के प्रसार को सुविधाजनक बनाने वाले तकनीकी नवाचारों द्वारा संचालित है। वृहद स्तर पर, प्रतिस्पर्धी बाजार परिदृश्य से इस वृद्धि को और गति मिली है। इस बीच, सूक्ष्म स्तर पर, उत्पाद भेदभाव, विपणन रणनीतियों, रिटेल ऋणों के लिए

3. **Customer Engagement**

Bank has implemented a Customer Engagement Program aimed at strengthening customer relationships and enhancing satisfaction. As part of this initiative, customers receive a personalized welcome message on activation of newly opened account, also details of products and charges are shared to ensure transparency. Furthermore, non-transacting customers are encouraged to initiate account usage.

Customer feedback on the account opening experience is actively gathered to identify areas for improvement. All these measures highlight bank's commitment to customer-centricity, increased account activity and fostering a trust-based, mutually beneficial relationship.

4. **Credit Deployment and Delivery**

Gross Global Advances of the Bank stood at Rs. 11.17 Lakh Crore as on 31st March, 2025 registering a YoY growth of 13.6 per cent.

Fresh Corporate Sanctions with external rating 'A' and above formed a major part of the sanctions.

The Bank's CD Ratio has declined marginally to 71.3 per cent as on 31st March, 2025 from 71.8 per cent as on 31st March, 2024.

Two tier organisational structure of Corporate Credit is a specialised Credit Delivery Structure equipped with dedicated Credit desks ensuring consistent and responsible lending practices.

The structure is functioning to meet the customer expectation by augmenting three pillars viz; Customer Ecstasy, Timely delivery and Fair Lending Practices.

The 2 tier structure is being catered by 2 Extra Large Corporate Branches (ELCBs) and 13 Large Corporate Branches (LCBs) opened in different parts of the country.

These 15 ELCBs/LCBs constitute approx. 45.40 per cent of total domestic credit.

5. **Retail Credit**

The Retail Assets business of the Bank has consistently witnessed double-digit growth over the past 3 years. This strong momentum has been driven by improvements in the economic environment, a rising middle class, increasing urbanization, higher disposable incomes and technological innovations facilitating product dissemination. At the macro level, a competitive market landscape has further fueled this growth. Meanwhile, at the micro level, initiatives such as product differentiation, strategic marketing, digital channels for retail loans, specialized verticals and cross-selling

डिजिटल चैनल, विशेष वर्टिकल और क्रॉस–सेलिंग अवसरों जैसी पहलों ने रिटेल पोर्टफोलियो के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उल्लेखनीय रूप से, चूक का स्तर नियंत्रण में रहा और बढ़े हुए क्रेडिट अंडरराइटिंग मानकों के कारण इसमें गिरावट आई है।

वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान, बैंक का कुल रिटेल ऋण पोर्टफोलियो बढ़कर ₹ 2,61,523 करोड़ हो गया, जिसमें वार्षिक आधार पर(YoY) 17.93% की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। इसमें से, कोर रिटेल क्रेडिट पोर्टफोलियो बढ़कर ₹ 1,79,250 करोड़ हो गया, जो वार्षिक आधार पर 13.27% की वृद्धि दर्शाता है।

**कोर रिटेल क्रेडिट पोर्टफोलियो के अंतर्गत प्रमुख खंडीय वृद्धि :**

ए. आवास ऋण ₹ 93,694 करोड़ से बढ़कर ₹ 1,02,672 करोड़ हो गए (वर्ष दर वर्ष वृद्धि: 9.58%)।

बी. वाहन ऋण ₹ 20,696 करोड़ से बढ़कर ₹ 25,997 करोड़ हो गए (वर्ष दर वर्ष वृद्धि: 25.64%)।

सी. व्यक्तिगत ऋण ₹ 20,766 करोड़ से बढ़कर ₹ 22,367 करोड़ हो गए (वर्ष दर वर्ष वृद्धि: 7.71%)।

### नई पहल

बैंक ने अपने रिटेल ऋण कारोबार को मजबूत करने और विस्तारित करने के लिए कई पहल की हैं:

i. **उत्पाद प्रतिस्पर्धात्मकता**: रिटेल आस्ति उत्पादों में आकर्षक उत्पाद सुविधाओं और प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों की निरंतर पेशकश।

ii. **केंद्रित अभियान**: रिटेल पोर्टफोलियो में आवास ऋण का अंश बढ़ाने के लिए लक्षित अभियान और ग्राहक आउटरिच कार्यक्रमों को अपनाना।

iii. **शिक्षा ऋण पर फोकस**: शिक्षा ऋण योजना के अंतर्गत ऋण को बढ़ाने के लिए विशिष्ट रणनीति अपनाई जा रही है।

iv. **मजबूत साझेदारी**: कार डीलरों, होम बिल्डर्स, मार्केटिंग एसोसिएट (एमए), मार्केटिंग कंसल्टेंट (एमसी), रिटेल ऋण काउंसलर (आरएलसी) के साथ टाई–अप बढ़ाया गया, तथा संपत्ति खोज पोर्टलों के उपयोग नें गुणवत्तापूर्ण रिटेल ऋण लीड्स का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित किया है।

v. **पीएनबी कार्ड्स एंड सर्विसेज लिमिटेड** (PNBCSL): बैंक की सहायक कंपनी और केंद्रीकृत पीएनबी लोन प्वाइंट (पीएलपी) देश भर में सक्रिय रूप से आवास, कार और शिक्षा ऋण उपलब्ध कराती है।

vi. **ग्राहक अधिग्रहण केंद्र** (CACs): रिटेल ऋण लीड प्राप्त करने तथा कॉर्पोरेट संस्थानों और गृह निर्माणकर्ताओं के साथ साझेदारी स्थापित करने के लिए देश भर में 57 समर्पित सीएसी स्थापित किए गए हैं।

vii. **सरकार–संरेखित पहल**: भारत सरकार के प्रायोजन के अंतर्गत किफायती आवास और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पीएनबी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0, पीएम विद्यालक्ष्मी, पीएम सूर्यघर योजना और क्रेडिट जोखिम गारंटी गृह ऋण योजना जैसी योजनाओं का शुभारंभ।

opportunities have significantly contributed to the expansion of the Retail portfolio. Notably, delinquency levels have remained under control and have declined due to enhanced credit underwriting standards.

During FY 2024–25, the Bank's Total Retail Credit portfolio grew to Rs. 2,59,363 Crore, registering a robust YoY growth of 16.5 per cent. Within this, the Core Retail Credit portfolio increased to Rs. 1,99,889 Crore, reflecting a YoY growth of 18.2 per cent.

Key segmental growth within the Core Retail Credit portfolio:

a. Housing Loans grew to Rs. 1,16,312 Crore as on 31st March, 2025 from Rs. 98,293 Crore as on 31st March, 2024 (YoY growth: 18.3 per cent).

b. Vehicle Loans increased to Rs. 26,056 Crore as on 31st March, 2025 from Rs. 20,767 Crore as on 31st March, 2024 (YoY growth: 25.5 per cent).

c. Personal Loans rose to Rs. 23,281 Crore as on 31st March, 2025 from Rs. 22,493 Crore as on 31st March, 2024 (YoY growth: 3.5 per cent).

### New Initiatives

The Bank has undertaken several initiatives to strengthen and expand its Retail Credit business:

i. **Product Competitiveness:** Continued offering of attractive product features and competitive interest rates across retail asset products.

ii. **Focused Campaigns:** Adoption of targeted campaigns and customer outreach programs to increase the share of home loans within the retail portfolio.

iii. **Education Loan Focus:** A distinctive strategy is being pursued to enhance the ticket size under the education loan scheme.

iv. **Strengthened Partnerships:** Expanded tie-ups with car dealers, home builders, marketing associates (MAs), marketing consultants (MCs), retail loan counsellors (RLCs) and increased use of property search portals to ensure a steady flow of quality retail loan leads.

v. **PNB Cards & Services Ltd. (PNBCSL):** The Bank's subsidiary and centralized PNB Loan Point (PLP) continue to actively source home, car and education loan leads nationwide.

vi. **Customer Acquisition Centres (CACs):** 57 dedicated CACs have been established across the country to source retail loan leads and forge partnerships with corporate institutions and home builders.

vii. **Government-Aligned Initiatives:** Launch of schemes like PNB Pradhan Mantri Awas Yojana Urban 2.0, PM Vidyalakshmi, PM Surya Ghar scheme and Credit Risk Guarantee Home Loan Scheme, promoting affordable housing and education under Government of India's sponsorship.

viii. **युवा–केंद्रित उत्पादः** आकांक्षी युवा वर्ग (18–35 वर्ष आयु वर्ग) की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पीएनबी युवा घर, पीएनबी युवा वाहन और पीएनबी युवा सहयोग योजना की शुरूआत।

**डिजिटल पहल**

बैंक ने ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और ऋण प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए अपने डिजिटल पेशकशों का आक्रामक रूप से विस्तार किया है:

,- ekStnk fMftVy mRikn % बैंक डिजिटल होम लोन, डिजिटल कार लोन, डिजिटल एजुकेशन लोन, ODeFD और PAPL प्रदान करता है। इन डिजिटल यात्राओं ने आशाजनक प्रगति दिखाई है, वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान डिजिटल उत्पादों के अंतर्गत कुल स्वीकृतियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

ch vkxkeh y,Up % डिजी सूर्य घर, डिजी टू–व्हीलर लोन और डिजी होम लोन टॉप–अप के लिए नई डिजिटल यात्राएँ योजना के उन्नत चरणों में हैं और जल्द ही लॉन्च होने की उम्मीद है। इन पहलों का उद्देश्य ग्राहकों की सुविधा में और सुधार करना और ऋण उपलब्धता को बढ़ावा देना है।

6. **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र**

सामाजिक बैंकिंग की जिम्मेदारी संभालते हुए, बैंक ने इस वर्ष प्राथमिकता क्षेत्र के सभी लक्ष्यों को पार कर लिया है। वित्त वर्ष 2024–25 के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनंतिम अनुमानों के अनुसार, भारत में कृषि क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2024–25 में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 2024–25 में भारत की वास्तविक जीडीपी में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। रिकॉर्ड खरीफ उत्पादन और अनुकूल कृषि स्थिति के कारण ग्रामीण मांग के साथ कृषि और सेवाओं द्वारा वित्त वर्ष 2024–25 में वृद्धि को समर्थन मिला।

31 मार्च, 2025 की स्थिति के अनुसार प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र, कृषि और उप–क्षेत्रों की तिमाही औसत आधार पर बकाया स्थिति निम्नानुसार है:

| बकाया स्थिति | खातों की संख्या (सं.) | 31.03.2025 (राशि) (तिमाही औसत आधार पर) | प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का लक्ष्य | समायोजित निवल बैंक ऋण (एएनबीसी) की प्राप्ति का: |
|---|---|---|---|---|
| प्राथमिकता क्षेत्र ऋण | 74,71,105 | 3,87,688 | 40.00: | 40.36: |
| **जिसमें से:** | | | | |
| कृषि क्षेत्र को ऋण | 53,02,864 | 1,73,677 | 18.00: | 18.08: |
| लघु एवं सीमांत किसानों को ऋण | 44,00,604 | 96,696 | 10.00: | 10.07: |
| सूक्ष्म उद्यमों को ऋण | 14,65,339 | 77,981 | 7.50: | 8.12: |
| कमजोर वर्गों को ऋण | 53,94,689 | 1,29,632 | 12.00: | 13.50: |

viii. **Youth-Focused Products:** Introduction of PNB Yuva Ghar, PNB Yuva Vahan and PNB Yuva Sahyog schemes to address the credit needs of the aspirational youth segment (aged 18–35 years).

**Digital initiatives**

The Bank has aggressively expanded its digital offerings to enhance customer experience and streamline loan processes:

a. **Existing Digital Products:** The Bank offers Digital Home Loan, Digital Car Loan, Digital Education Loan, ODeFD and Pre Approved Personal Loan (PAPL). These digital journeys have shown promising traction, with total sanctions under digital products registering significant growth during FY 2024–25.

b. **Upcoming Launches:** New digital journeys for Digi Surya Ghar, Digi Two-Wheeler Loans and Digi Home Loan Top-Up are in advanced stages of planning and are expected to be launched soon. These initiatives are aimed at further improving customer convenience and boosting loan availment.

6. **Priority Sector**

Shouldering the responsibility of social banking, the Bank has surpassed all the Priority Sector goals this year. As per the National Statistical Office provisional estimates for FY 2024-25, the agriculture sector in India rebounded to a growth of 4.6 percent in FY 2024-25. India's real GDP is estimated to grow by 6.5 percent in FY 2024-25. Growth in FY 2024-25 was supported by agriculture and services with rural demand on the back of record kharif production and favourable agriculture condition.

The outstanding position of Priority Sector, Agriculture and sub-sectors as on 31st March, 2025 on quarterly average basis is as under:

**Achievement Of National Goals**

(Amount in Rs. Crore)

| Outstanding Position | No. of Accounts (Nos.) | 31.03.2025 (Amount) (Qtrly Avg. Basis) | PSL Target | % Achievement to Adjusted Net Bank Credit (ANBC) |
|---|---|---|---|---|
| Priority Sector Credit | 74,71,100 | 3,87,682 | 40.00% | 40.36% |
| **Out of which:** | | | | |
| Loan to Agriculture Sector | 53,02,864 | 1,73,676 | 18.00% | 18.08% |
| Loan to Small & Marginal farmers | 44,00,604 | 96,696 | 10.00% | 10.07% |
| Loan to Micro enterprises | 14,65,338 | 77,981 | 7.50% | 8.12% |
| Loan to Weaker Sections | 53,94,688 | 1,29,630 | 12.00% | 13.50% |

## ए. वित्त वर्ष 2024–25 के प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएं

i. 31 मार्च 2025 तक प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण ₹ 3,87,688 करोड़ रहा। एएनबीसी को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम का प्रतिशत 40 प्रतिशत तक निर्धारित राष्ट्रीय लक्ष्य के विरुद्ध 40.36 प्रतिशत है।

ii. 31 मार्च 2025 तक कृषि क्षेत्र को ऋण ₹ 1,73,677 करोड़ रहा। एएनबीसी को कृषि अग्रिम 18.00 प्रतिशत के निर्धारित राष्ट्रीय लक्ष्य के विरुद्ध प्रतिशत 18.08 प्रतिशत रहा।

iii. मार्च 2025 तक लघु सीमांत किसानों (एसएफ/एमएफ) को ऋण ₹ 96,696 रहा। एनबीसी को एसएफ/एमएफ किसानों को अग्रिम 10.00 प्रतिशत के निर्धारित राष्ट्रीय लक्ष्य के विरुद्ध 10.07 प्रतिशत रहा।

iv. मार्च 2025 तक सूक्ष्म (पीएस) उद्योगों को ऋण ₹ 77,981 करोड़ रहा। एएनबीसी के लिए माइक्रो (पीएस) उद्यमों को अग्रिम का प्रतिशत 7.50 प्रतिशत के निर्धारित राष्ट्रीय लक्ष्य के विरुद्ध 8.12 प्रतिशत रहा।

v. मार्च 2025 तक कमजोर वर्ग के लिए अग्रिम राशि ₹ 1,29,632 करोड़ रही। एएनबीसी के 12.00 प्रतिशत के राष्ट्रीय लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि 13.50 प्रतिशत रही।

भारत सरकार समय–समय पर किसानों के लाभ के लिए विभिन्न कदम उठा रही है। केसीसी अनुदान सीमा को ऋण के लिए ₹ 3.00 लाख से बढ़ाकर ₹ 5.00 लाख तक कर दिया गया है, जिससे योजना के अंतर्गत ऋण लेने में वृद्धि होगी।

वर्ष 2020 में भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अंतर्गत कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), पशुपालन अवसंरचना विकास कोष (एएचआईडीएफ) और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई) जैसी कई योजनाएं आरंभ की हैं, जिससे बैंकों को कृषि ऋण और कटाई–पूर्व एवं कटाई–पश्चात प्रबंधन के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत लक्ष्य निर्धारण और वित्तपोषण में मदद मिली है। इन योजनाओं के अंतर्गत वित्तपोषण में अब तेजी आ रही है। ये सभी योजनाएं कृषि और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का हिस्सा हैं और इनसे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद मिली है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) आदि जैसे कई अन्य कार्यक्रम भी प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की प्रगति को बढ़ाने में सहायता कर रहे हैं।

## बी. कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ)

मूल्य समर्थन के माध्यम से किसानों को निश्चित लाभ सुनिश्चित करने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने और बाजार के बुनियादी ढांचे में सुधार करने के लिए, सरकार कृषि अवसंरचना कोष के माध्यम से बुनियादी ढांचा सुविधाओं में निवेश पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

## a. Performance Highlights of FY 2024-25

i. Credit to Priority Sector stood at Rs. 3,87,682 Crore as on 31st March 2025. The percentage of Priority Sector Advances to ANBC is 40.36 per cent as against the prescribed National Goal of 40.00 per cent.

ii. Credit to Agriculture sector stood at Rs. 1,73,676 Crore as on 31st March 2025. The percentage of Agriculture Advances to ANBC is 18.08 per cent against the prescribed National Goal of 18.00 per cent.

iii. Loans to Small/Marginal Farmers (SF/MF) stood at Rs. 96,696 Crore as on 31st March, 2025. The percentage of advances to SF/MF farmers to ANBC is 10.07 per cent as against the prescribed National Goal of 10.00 per cent.

iv. Credit to Micro (PS) Enterprises stood at Rs. 77,981 Crore as on 31st March, 2025. The percentage of advance to Micro (PS) Enterprises to ANBC is 8.12 per cent as against the prescribed National Goal of 7.50 per cent.

v. Advances to Weaker Section stood at Rs. 1,29,630 Crore as on 31st March, 2025. The achievement is 13.50 per cent as against National goal of 12.00 per cent of ANBC.

Government of India is taking various steps for the benefit of farmers from time to time. In the union budget 2025-26, GoI announced an increase in loan limits from ₹3 lakhs to Rs. 5 Lakh for loans taken through Kisan Credit Cards under modified interest subvention scheme which shall help in increasing the credit offtake under the scheme.

The Union Budget 2025-26 recognized Agriculture as 1st Engine of growth for economy. The Indian government has launched numerous schemes to support rural and agricultural development, aiming to improve farmers' livelihoods and increase agricultural productivity. Significant credit offtake is observed under the schemes launched by Govt. of India like Agriculture Infrastructure Fund (AIF), Animal Husbandry Infrastructure Development Fund (AHIDF) and Pradhan Mantri Formalisation of Micro Food Processing Enterprises Scheme (PMFME) which has helped Banks in targeting and financing under various activities under Farm credit and pre & post-harvest management. All these schemes are part of Agriculture and Priority Sector and have helped in achieving Priority Sector targets also. In addition to this, various other programmes like National Rural Livelihood Mission (NRLM), National Urban Livelihood Mission (NULM) etc. are also helping in increasing the Priority sector advances.

## b. Agriculture Infrastructure Fund (AIF)

To ensure certainty of returns to the farmers through price support, promote crop diversification and improve market infrastructure, Government is focussing on investment in infrastructure facilities through Agriculture Infrastructure Fund.

31 मार्च, 2025 तक ₹ 7,061 करोड़ की राशि की 9172 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

**सी. प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण (पीएमएफएमई) योजना**

इस योजना का उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के असंगठित क्षेत्र में मौजूदा व्यक्तिगत सूक्ष्म उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना और क्षेत्र के औपचारिकीकरण को बढ़ावा देना है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों, एफपीओ, स्वयं सहायता समूहों और सहकारी समितियों द्वारा ऋण तक पहुंच बढ़ाना है।

पीएनबी ने वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान ₹ 282 करोड़ की राशि के 3561 ऋण स्वीकृत किए हैं।

**डी. पहलें:**

प्रमुख उत्पादों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के साथ कृषि क्षेत्र के संवर्धित विकास की परिकल्पना करते हुए, बैंक ने निम्नलिखित रणनीतिक पहलें की हैः

i. एसएचजी पोर्टफोलियो को बढ़ावा देने के लिए लक्षित दृष्टिकोण के साथ प्रधान कार्यालय–कृषि प्रभाग में एक समर्पित एसएचजी निगरानी प्रकोष्ठ का निर्माण।

ii. प्रधान कार्यालयः कृषि प्रभाग में समर्पित स्वर्ण ऋण निगरानी प्रकोष्ठ का निर्माण।

iii. चाय कारोबार पर अधिक ध्यान देने के लिए कोलकाता में चाय प्रकोष्ठ का गठन।

iv. 1000 कृषि गहन शाखाओं की पहचान करना तथा कारोबार बढ़ाने के लिए इन शाखाओं में समर्पित कृषि अधिकारियों की नियुक्ति करना।

vi. **वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान निम्नलिखित नई योजनाएं शुरू की गई हैं:**

- **पीएनबी भंडारणः** हमारे मौजूदा उधारकर्ताओं के लिए भौतिक गोदाम रसीदों (डब्ल्यूएचआर) के आधार पर वित्तपोषण की योजना।
- **पीएनबी कोल्डवेयर सिक्योरः** कोल्ड स्टोरेज/वेयरहाउस समाधान के वित्तपोषण हेतु योजना।
- **ई–गोदामः** इलेक्ट्रॉनिक परक्राम्य गोदाम रसीदों की गिरवी के प्रति वित्तपोषण की योजना।
- **एनआरएलएम श्रेष्ठः** एनआरएलएम प्रायोजित एसएचजी की महिला सदस्यों को उद्यमशीलता गतिविधियों हेतु धन की पहुंच की सुविधा प्रदान करके सशक्त बनाने के लिए, बैंक ने लखपति दीदी पहल के अंतर्गत एनआरएलएम एसएचजी श्रेष्ठ योजना शुरू की है।

**ई. रणनीतियाँ:**

**कृषि–सहायक एवं कृषि अवसंरचना**

i. इस अवधारणा के अंतर्गत, क्षमता और भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार गतिविधि आधारित क्लस्टरों की पहचान की जाती है और ग्राहकों को इन क्लस्टरों के अंतर्गत उद्योगों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए अनुकूल ऋण पेशकशें प्रदान की जाती हैं तथा अंचल प्रबंधकों की अनुशंसा के आधार पर ब्याज दर में रियायत, प्रसंस्करण शुल्क, अग्रिम शुल्क, बाह्य रेटिंग की आवश्यकता में छूट, संपार्श्विक प्रतिभूति आदि जैसे लाभ प्रदान किए जाते हैं।

PNB has sanctioned 9172 projects amounting Rs. 7,061 Crore upto 31st March, 2025.

**c. Prime Minister Formalisation of Micro Food processing Enterprises (PMFME) Scheme**

The scheme aims to enhance the competitiveness of existing individual micro-enterprises in the unorganized segment of the food processing industry and promote formalization of the sector with the primary objective of increasing access to credit by existing micro food processing entrepreneurs, FPOs, Self Help Groups and Co-operatives. The Bank has sanctioned 3561 loans amounting to Rs. 282 Crore during the FY 2024-25.

**d. Initiatives**

Envisaging enhanced growth of Agriculture segment with special focus on major products, Bank has taken following strategic initiatives:

i. Creation of a dedicated SHG Monitoring Cell at the HO-Agriculture Division with a targeted approach to boost SHG portfolio.

ii. Creation of dedicated Gold Loan Monitoring Cell at HO: Agriculture Division.

iii. Creation of Tea Cell at Kolkata for enhanced focus on Tea business.

iv. Identification of 1000 Agriculture Intensive branches and posting of dedicated Agriculture Officers in these branches for sourcing of business.

v. Following new schemes have been launched during FY 2024-25:

- **PNB Bhandaran:** Scheme for financing against Physical Warehouse Receipts (WHR) for our existing borrowers.
- **PNB Coldware Secure:** Scheme for financing to Cold Storage/Warehouse Solutions.
- **e-Godam:** Scheme for financing against pledge of Electronic Negotiable Warehouse Receipts.
- **NRLM Shreshtha:** To empower women members of NRLM sponsored SHGs by facilitating access to funds for entrepreneurial activities, Bank has launched NRLM SHG Shreshtha Scheme under Lakhpati Didi Initiative.

**e. Strategies:**

**Agri-Ancillary & Agri-Infrastructure**

i. Under the concept, activity-based clusters are identified as per the potential and geographical area and customers are provided with tailored credit offerings to meet the specific needs of industries under these clusters and benefits like concession in interest rate, processing fee, upfront fee, relaxation of requirement of external rating, collateral security etc. are being provided.

ii. हमने कृषि खंड के अंतर्गत 56 क्लस्टर स्वीकृत किए हैं, जिनमें से अभी तक 36 क्लस्टर आज की तिथि तक सक्रिय हैं। वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान, हमने खाद्य एवं कृषि प्रसंस्करण तथा कोल्ड स्टोरेज इकाइयों के लिए सक्रिय क्लस्टरों के अंतर्गत ₹1672 करोड़ स्वीकृत किए हैं। विशिष्ट भौगोलिक स्थानों में गतिविधि और क्षमता के आधार पर और अधिक क्लस्टरों की पहचान की जा रही है।

**स्वयं सहायता समूहों को वित्तपोषण**

i. एनआरएलएम योजना के अंतर्गत ऋण देने में वृद्धि करने के लिए प्रधान कार्यालय की सख्त निगरानी में एस.एच.जी. निगरानी प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है।

ii. 6 उच्च क्षमता वाले अंचलों अर्थात् अंचल कार्यालय–कोलकाता, अंचल कार्यालय–दुर्गापुर, अंचल कार्यालय–पटना, अंचल कार्यालय–भुवनेश्वर, अंचल कार्यालय–गुवाहाटी और अंचल कार्यालय–रायपुर में कारोबार निष्पादन के संचालन, समीक्षा और निगरानी के लिए समर्पित नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

iii. नए पात्र समूहों का क्रेडिट लिंकेज और पात्र खातों को अधिक डोज प्रदान करना हमारे एसएचजी पोर्टफोलियो को बढ़ाने के लिए फोकस क्षेत्र है। हम स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ऋणों के औसत टिकट आकार को बढ़ाने का भी लक्ष्य बना रहे हैं जो वर्तमान में ₹2.25 लाख है। हमारे पास 445616 एसएचजी ऋण खाते हैं जिनमें केवल ₹10801 करोड़ बकाया 31 मार्च 2025 तक हैं। सरकारी पहल के अनुरूप लखपति दीदी के लिए बजट अलग से दिया गया है और ग्रामीण विकास मंत्रालय के दिशा–निर्देशों के अनुरूप नई योजना तैयार की गई है। बैंक ने मार्च 2025 तक ₹29.64 करोड़ की राशि के 2278 खातों को स्वीकृति दी है।

iv. स्वयं सहायता समूहों के वित्तपोषण को बढ़ावा देने के लिए, हमने अपने बैंक के लिए आवेदन प्रायोजित करने हेतु असम, बिहार, पंजाब, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, त्रिपुरा और केरल राज्यों में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के साथ गठजोड़ किया है।

v. हमने सीयूजी मोड में स्वयं सहायता समूहों को वित्तपोषित करने के लिए डिजिटल यात्रा आरंभ की है, जिसे इस खंड के अंतर्गत ऋण वृद्धि में सुधार के लिए शीघ्र ही लाइव किया जाएगा।

vi. हमारी योजना को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए एनयूएलएम के अंतर्गत ₹20 लाख तक के ऋण पर सेवा प्रभार माफ कर दिया गया है।

vi. दिनांक 01–03–2025 को एसएचजी केंद्रित ऋण आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ₹2556 करोड़ की राशि के 49540 लीड जेनरेट की गई।

**कृषि स्वर्ण ऋण के तहत वित्तपोषण**

i. हम इस योजना के अंतर्गत वित्तपोषण को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में अपनी अधिकृत शाखाएं बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

ii. हमने डिजिटल स्वर्ण ऋण की सीमा ₹2.00 लाख से बढ़ाकर ₹10.00 लाख कर दी है, जिससे योजना के तहत ऋण बढ़ाने में मदद मिलेगी।

ii. We have approved 56 Clusters under Agriculture Segment. During the FY 2024-25, we have sanctioned Rs. 1672 Crore under active clusters for Food & Agro Processing and Cold Storage Units. More clusters are being identified based on the activity and potential in specific geographical locations.

**Financing to Self Help Groups**

i. SHG Monitoring Cell at H.O. has been set up to increase lending under NRLM scheme with focused monitoring through HO.

ii. Dedicated Nodal Officers have been appointed for driving, reviewing and monitoring the business performance in high-potential states.

iii. Credit linkage of new eligible groups and providing higher dosage to eligible accounts is the focus area for increasing our SHG portfolio. We are also aiming to increase the average ticket size of SHG loans which is Rs. 2.25 lakh at present. The Bank has 4,45,616 SHG loan accounts with outstanding of Rs. 10,801 Crore as on 31st March, 2025. In line with government initiative, new scheme of Lakhpati Didi has been formulated. The Bank has sanctioned 2,278 accounts amounting to Rs. 29.64 Crore till March'25 under this scheme.

iv. For boosting SHG financing, we have executed tie ups with State Rural Livelihood Mission (SRLM) in the States of Assam, Bihar, Punjab, West Bengal, Odisha, Chhattisgarh, Uttar Pradesh, Maharashtra, Tripura and Kerala for sponsoring applications to our Bank.

v. The Bank has launched digital journey for financing to SHGs which shall help in improving the credit offtake under this segment.

vi. Service charges under NULM for loans upto Rs. 20 Lakh have been waived to make scheme more attractive.

vii. A SHG centric credit outreach programme was organized on 01-03-2025 wherein 49,540 leads were generated amounting to Rs. 2556 Crore.

**Financing under Agri-Gold Loan**

i. The Bank is planning to increase our authorized branches in Rural and Semi-urban areas to boost financing under the Scheme.

ii. The Bank has increased the limit of digital gold loan journey from Rs. 2.00 Lakh to Rs. 10.00 Lakh which shall help in improving the credit offtake under the scheme.

iii. पिछले दो वर्षों के दौरान इस योजना में विभिन्न संशोधन किए गए हैं, जिससे हमारे कृषि स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो को बेहतर बनाने में मदद मिली है।

iv. हम सभी नियामक दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए योजना के तहत ऋण प्रदान करने की स्थिति में और सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**कृषि मशीनीकरण**

i. हमने ट्रैक्टर/कम्बाइन हार्वेस्टर के मॉडल परीक्षण रिपोर्ट की आवश्यकता को समाप्त करके ट्रैक्टर/कम्बाइन हार्वेस्टर मॉडलों के लिए अनुमोदन की प्रक्रिया को सरल बना दिया है।

ii. बैंक ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 80 से अधिक ट्रैक्टर/कम्बाइन हार्वेस्टर मॉडलों को मंजूरी दी है और 22.10.2024 से लागू मॉडल अनुमोदन प्रक्रिया में संशोधनों के बाद, हमने अपनी शाखाओं द्वारा वित्तपोषण के लिए 200 से अधिक कंबाइन हार्वेस्टर और ट्रैक्टर मॉडलों को मंजूरी दी है।

iii. हम लीड उत्पन्न करने और अप्रयुक्त किसानों के लिए अपनी पेशकश का विस्तार करने के लिए कृषि–मशीनरी कंपनियों के साथ साझेदारी स्थापित कर रहे हैं।

**डिजिटल पेशकश:** परिचालन को सुव्यवस्थित करने और अपने ग्राहकों को निर्बाध अनुभव प्रदान करने के लिए, बैंक कृषि खंड के अंतर्गत निम्नलिखित डिजिटल उत्पादों की पेशकश कर रहा है:

i. किसानों के लिए किसान तत्काल ऋण

ii.. डिजिटल गोल्ड लोन

iii. केसीसी डीपी समीक्षा और संवर्द्धन

iv. सीयूजी वातावरण में डिजिटल ई–गोदाम (ईएनडब्ल्यूआर के विरुद्ध वित्तपोषण)।

v. स्वयं सहायता समूहों को वित्तपोषण हेतु डिजिटल यात्रा।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, निम्नलिखित डिजिटल यात्राएं भी पाइपलाइन में हैं:

vi. ट्रैक्टरों के वित्तपोषण के लिए डिजिटल यात्रा।

vii. केसीसी डेयरी योजना के तहत वित्तपोषण के लिए डिजिटल यात्रा।

**कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियाँ**

**i. किसान प्रशिक्षण केंद्र (एफटीसी):** बैंक ने 12 किसान प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हैं। एफटीसी कृषि और संबद्ध गतिविधियों पर प्रशिक्षण प्रदान करते हैं जिनमें जैविक खेती, उर्वरक प्रबंधन, मधुमक्खी पालन, डेयरी फार्मिंग, मशरूम उत्पादन, ट्रैक्टर और अन्य कृषि मशीनरी का रखरखाव, फलों और सब्जियों का प्रसंस्करण और संरक्षण, कंप्यूटर पाठ्यक्रम, ब्यूटी पार्लर, मोमबत्ती और साबुन बनाना, पापड़ बनाना, सॉफ्ट टॉय बनाना, कटिंग, सिलाई और कढ़ाई आदि शामिल हैं। इन प्रशिक्षण केंद्रों को किसानों को सूचनात्मक वीडियो क्लिप के ऑडियो विजुअल डिस्प्ले के लिए मोबाइल वैन और एलईडी से सुसज्जित किया गया है। बैंक ने वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान इसके तहत रु.1002.38 लाख खर्च किए। स्थापना के बाद से, FTC ने 65,062 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करके 19,32,179 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया है।

iii. Various modifications in the Scheme have been made during last 2 years' which has helped in improving our Agri Gold Loan portfolio.

iv. The Bank is focussing on further improving credit offtake under the scheme while ensuring compliance of all the regulatory guidelines.

**Farm Mechanization**

i. The Bank has simplified the process of approval for Tractor/ Combine Harvester models by doing away with requirement of model testing report of Tractors/ Combine Harvesters.

ii. The Bank had approved more than 80 Tractors/ Combine Harvester models during FY 2023-24. After the modifications in the model approval process which was implemented w.e.f. 22.10.2024, more than 200 Combine Harvester and Tractor Models approved for financing by the Bank.

iii. The Bank is establishing partnerships with farm-machinery companies to generate leads and expand offerings for untapped farmers.

**Digital Offerings:** To streamline operations and provide customers a seamless experience, the Bank is offering following digital products under Agriculture Segment:

i. Kisan Tatlkal Rin for Farmers

ii. Digital Gold Loan

iii. KCC DP review and enhancement

iv. Digital E-Godam (finance against eNWR).

v. Digital journey for financing to SHGs.

In addition to the above, following digital journeys are under customisation:

vi. Digital Journey for financing Tractors.

vii. Digital Journey for financing under KCC Dairy scheme.

**Corporate Social Responsibility (CSR) Activities**

**i. Farmers Training Centres (FTCs):** The Bank has established 12 Farmers Training Centres. FTCs provide training on agriculture & allied activities which include organic farming, fertilizer management, bee keeping, dairy farming, mushroom production, maintenance of tractor and other farm machineries, processing and preservation of fruits and vegetables, computer courses, beauty parlour, candle and soap making, papad making, making of soft toys, cutting, tailoring & embroidery, etc. These Training Centres have been equipped with the Mobile Van and LED for audio visual display of informative video clips to the farmers. During FY 2024-25, 1,04,155 persons were trained in these centres. Out of which 49,205 were women. Since inception, FTCs have imparted training to 19,32,179 persons by conducting 65,062 training programs. The Bank spent Rs. 10.02 Crore under this during FY 2024-25.

ii. **ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान** (RSETIs): ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD) के तत्वावधान में 78 RSETIs और भारत में 2 ग्रामीण विकास केंद्र (पीएनबी पहल) संचालित हैं जो ग्रामीण आबादी और उनके परिवारों को स्वरोजगार उपक्रम/नौकरी करने के लिए कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण प्रदान करने में लगे हुए हैं। वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान, इन केंद्रों में 79,989 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया, जिनमें से 65,636 गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों के हैं और 63,535 महिलाएं थीं। स्थापना के बाद से प्रशिक्षित उम्मीदवारों की कुल संख्या 6,82,671 है, जिनमें से 3,55,307 बीपीएल परिवारों से थे और 4,66,580 महिलाएं थीं। हमारे RSETIs समावेशी विकास के लिए पर्याप्त ऋण सुनिश्चित करके प्रतिभागियों के निपटान पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं वित्त वर्ष 2024–25 के दौरान इसके अंतर्गत रु. 6767.34 लाख का प्रावधान किया गया है।

ii. **Rural Self Employment Training Institutes (RSETIs):** There are 78 RSETIs under aegis of Ministry of Rural Development (MoRD) and 2 Rural Development Centres (PNB initiatives) operating in India which are engaged in providing training to rural population and their families for skill upgradation to undertake self-employment ventures/ jobs. During the FY 2024-25, 79,989 persons were trained in these centres, out of which, 65,636 belong to Below Poverty Line (BPL) families and 63,535 were women. Total number of trained candidates since inception is 6,82,671, out of which 3,55,307 were from BPL families and 4,66,580 were women. Our RSETIs are focusing for settlement of participants by ensuring adequate credit for inclusive growth. Total settled candidates are 4,74,977 since inception. The Bank spent Rs. 67.67 Crore under this during FY 2024-25.

वित्तीय प्रशिक्षण केन्द्र, इटावा में प्रशिक्षण कार्यक्रम।
Training Program at Financial Training Centre, Etawah

iii. वित्तीय साक्षरता केंद्रः बैंक के पास 175 वित्तीय साक्षरता केंद्र (FLCs) हैं। एफएलसी द्वारा संचालित कार्यक्रमों के लक्ष्य समूह किसान, स्वयं सहायता समूह, सूक्ष्म और लघु उद्यमी, वरिष्ठ नागरिक आदि हैं। 1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक वित्तीय शिक्षा, निवारक परामर्श और ग्राहक अधिकारों पर एफएलसी द्वारा आयोजित

iii. **Financial Literacy Centres:** The Bank has 175 Financial Literacy Centers (FLCs). The Target groups of the programmes conducted by FLCs are Farmers, Self Help Groups, Micro and Small Entrepreneurs, Senior Citizens etc. Total number of seminars/programmes/camps

आरएसईटीआई (RSETI), हमीरपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम
Training Program at RSETI, Hamirpur

सेमिनारों/कार्यक्रमों/शिविरों की कुल संख्या 10514 है और इन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले व्यक्तियों की संख्या 3,72,369 है।

7. **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई)**

31 मार्च 2025 तक एमएसएमई ऋण खंड ₹ 1,62,693 करोड़ पर रहा। सूक्ष्म और लघु उद्यमों का अग्रिम ₹ 1,34,077 करोड़ रहा, जबकि सूक्ष्म खंड में बकाया ₹ 79,695 करोड़ रहा।

**मुद्राः** बैंक ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत वित्त वर्ष 2024–25 में ₹ 21,236 करोड़ वितरित किए हैं।

ए. **एमएसएमई कारोबार को बढ़ावा देने के लिए की जा रही पहलों का विवरण**

i. **क्लस्टर आधारित वित्तपोषणः** बैंक ने क्लस्टर आधारित ऋण देने का दृष्टिकोण अपनाया है और रियायती मूल्य, सेवा शुल्क, रियायती ऋण मानदंड आदि के साथ अनुकूलित योजनाओं वाले 60 क्लस्टर हैं।

(राशि ₹ करोड़ में)

| के अनुसार स्थिति | 31.03.2025 |
|---|---|
| स्वीकृत खातें | 2331 |
| स्वीकृत राशि | 6278 |

ii. **TreDS प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऋण देनाः** हमारा बैंक TReDS के तीन प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहा है, अर्थात, (1) RXIL (2) M1xchange और (3) A-TredsA TReDS एक संस्थागत तंत्र है जो सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) सहित कॉर्पोरेट और अन्य खरीदारों से MSMEs के व्यापार प्राप्तियों के वित्तपोषण के लिए स्थापित किया गया है।

(राशि ₹ करोड़ में)

| के अनुसार स्थिति | 31.03.2025 |
|---|---|
| खातों की संख्या | 3358 |
| बकाया राशि | 1629 |

iii. **नकदी प्रवाह आधारित वित्तपोषण – जीएसटी एक्सप्रेस** – यह योजना जीएसटी पंजीकृत व्यावसायिक उद्यमों को कार्यशील पूंजी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए निर्बाध ऋण प्रदान करती है। इस योजना की अनूठी विशेषता यह है कि वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने की कोई आवश्यकता नहीं है और अनुमत ऋण की मात्रा ₹ 10 लाख से ₹ 500 लाख तक है।

(राशि ₹ करोड़ में)

| के अनुसार स्थिति | 31.03.2025 |
|---|---|
| स्वीकृत खातें | 18314 |
| स्वीकृत राशि | 13209 |

iv. **ई–जीएसटी एक्सप्रेस** – यह मॉड्यूल एक 'near to STP' उत्पाद है, जिसमें रु. 10 लाख से रु. 1 करोड़ तक की ऋण राशि है, जिसमें जीएसटी रिटर्न (जीएसटीआर–3बी) में दर्ज बिक्री के 25 प्रतिशत या पिछले एक वर्ष (पिछले 12 महीने) में चालू खातों में व्यापार से संबंधित क्रेडिट योग जो भी कम हो, के आधार पर नकद ऋण सुविधा की अनुमति दी जाएगी।

conducted by FLCs on Financial Education, Preventive Counselling and Customer Rights from 1st April, 2024 to 31st March, 2025 is 10,514 and number of persons attended these programs are 3,72,369.

7. **Micro, Small and Medium Enterprises (MSME)**

As on 31st March 2025, credit to MSME segment stands at Rs. 1,62,693 Crore. The advance to Micro and Small Enterprises stood at Rs. 1,34,077 Crore with outstanding in Micro segment at Rs. 79,695 Crore.

**Mudra:** The Bank has disbursed Rs. 21,236 Crore in FY 2024-25 under the Pradhan Mantri MUDRA Yojana (PMMY).

a. **Details of initiatives being taken to boost MSME business**

i. **Cluster Based Financing:** The Bank has adopted the Cluster based lending approach and 60 clusters are there with customized schemes having concessional pricing, service charges, relaxed lending norms, etc.

(Amt. in Rs. Crore)

| Position As on | 31.03.2025 |
|---|---|
| Sanctioned A/c | 2331 |
| Sanctioned Amt | 6278 |

ii. **Lending through TreDS Platform:** The Bank is using three platforms of TReDS, i.e., (1) RXIL (2) M1xchange & (3) A.Treds. TReDS is an institutional mechanism set up for financing of trade receivables of MSMEs from corporate and other buyers including Government Departments and Public Sector Undertakings (PSUs).

(Amt. in Rs. Crore)

| Position As on | 31.03.2025 |
|---|---|
| No. of A/c | 3358 |
| Outstanding Amt | 1629 |

iii. **Cash Flow based Financing-GST Express-** The scheme provides hassle free credit to meet working capital requirement to GST registered business enterprises. Unique feature of the scheme is that there is no requirement of submitting financial statements and the quantum of loan permitted is above Rs. 10 Lakh to Rs. 500 Lakh.

(Amt. in Rs. Crore)

| Position As on | 31.03.2025 |
|---|---|
| Sanctioned A/c | 18314 |
| Sanctioned Amt | 13209 |

iv. **e-GST Express -** The module is a 'near to STP' product having loan amount from Rs.10 Lakh to Rs.1 Crore, wherein Cash Credit Facility shall be allowed based on 25 per cent of the sales reported in the GST returns (GSTR-3B) or the trade related credit summation in current accounts in the last one year (last 12 months) whichever is lower.

(राशि ₹ करोड़ में)

| के अनुसार स्थिति | 31.03.2025 |
|---|---|
| स्वीकृत खातें | 1029 |
| स्वीकृत राशि | 278 |

v. **एमएसएमई प्राइम प्लसः** एमएसएमई प्राइम प्लस के नाम से एक प्रमुख योजना शुरू की गई है, जिसे चार एमएसएमई योजनाओं अर्थात् पीएनबी उद्योग योजना, पीएनबी सेवा योजना, पीएनबी व्यापार योजना और पीएनबी ठेकेदार योजना को एकीकृत करके शुरू किया गया है। बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी और स्वीकार्य होने के लिए, बैंक निम्नलिखित पेशकश कर रहा है–

- रियायती ब्याज दर और सेवा शुल्क,
- संपार्श्विक मानदंड और मार्जिन मानदंड में छूट
- एमएसएमई विशेष (कार्यशील पूंजी सीमा में स्वतः वृद्धि) जैसी सुविधाएँ
- ओपन टर्म लोन (एक पूर्व–स्वीकृत टर्म लोन सुविधा जो हमारे बैंक से क्रेडिट सुविधाओं का आनंद लेने वाली अच्छी मौजूदा इकाइयों को लचीलापन प्रदान करती है और
- व्यक्तिगत उपयोग के लिए फर्म/कंपनी के नाम पर कार ऋण।

(राशि ₹ करोड़ में)

| के अनुसार स्थिति | 31.03.2025 |
|---|---|
| स्वीकृत खातें | 39593 |
| स्वीकृत राशि | 61875 |

vi. **पीएनबी ट्रेड ग्रोथ** – यह योजना रियायती दरों पर ₹ 1.00 करोड़ तक का निर्बाध ऋण प्रदान करती है क्योंकि मूल्यांकन के लिए किसी वित्तीय कागजात की आवश्यकता नहीं होती है, मूल्यांकन जीएसटी रिटर्न या खाते में क्रेडिट योग के आधार पर किया जाता है। इसके अलावा इस योजना में कई तरह की रियायतें भी दी जाती हैं।

(राशि ₹ करोड़ में)

| के अनुसार स्थिति | 31.03.2025 |
|---|---|
| स्वीकृत खातें | 12936 |
| स्वीकृत राशि | 4959 |

vii. **डिजी एमएसएमई ऋणः** यह मॉड्यूल एमएसएमई खंड के लिए डिजिटल ऋण के माध्यम से सीधा काम करता है, ताकि उन ग्राहकों को व्यवसाय ऋण के तहत ₹ 1 लाख से ₹ 25 लाख तक की ऋण सुविधा प्रदान की जा सके, जिनका हमारे साथ चालू खाता रखते हैं और यह पूरी तरह से सिस्टम संचालित होगा। ऋण मूल्यांकन पिछले 12 महीनों में क्रेडिट योग के माध्यम से चालू खातों में आए व्यापार संबंधी क्रेडिट (TRC) और PABL स्कोर पर आधारित होगा। PAPL की सफलता को देखते हुए, इस मॉड्यूल के तहत अच्छी संख्या में व्यवसाय मिलने की उम्मीद है।

(राशि ₹ करोड़ में)

| के अनुसार स्थिति | 31.03.2025 |
|---|---|
| स्वीकृत खातें | 15238 |
| स्वीकृत राशि | 927 |

(Amt. in Rs. Crore)

| Position As on | 31.03.2025 |
|---|---|
| Sanctioned A/c | 1029 |
| Sanctioned Amt | 278 |

v. **MSME Prime Plus:** A flag ship scheme under the name of MSME Prime Plus has been launched by consolidating four MSME schemes namely; PNB Udyog Scheme, PNB Seva Scheme, PNB Vyapar Scheme and PNB Contractor Scheme. To be more competitive and acceptable in the market, Bank is offering-

- Concessional Rate of Interest and Service Charges,
- Relaxed collateral norms and margin criteria
- Features like MSME Vishesh (Auto increase of Working Capital Limits)
- Open Term Loan (A pre-approved term loan facility which provides flexibility to the good existing units enjoying credit facilities from our Bank) and
- Car Loan in the Name of Firm/Company for Personal use.

(Amt. in Rs. Crore)

| Position As on | 31.03.2025 |
|---|---|
| Sanctioned A/c | 39593 |
| Sanctioned Amt | 61875 |

vi. **PNB Trade Growth –** The scheme provides hassle free loan above Rs. 10.00 Lakh to Rs. 1.00 Crore at concessional rates as no financial papers are required for assessment. The assessment is done on the basis of GST return or Credit summation in account. Apart from that various concessions are also provided in the scheme.

(Amt. in Rs. Crore)

| Position As on | 31.03.2025 |
|---|---|
| Sanctioned A/c | 12936 |
| Sanctioned Amt | 4959 |

vii. **Digi MSME Loan:** This module is a straight through digital lending to MSME segment to provide loan facility above Rs.1 Lakh to Rs. 25 Lakh under Business loan to those customers who are maintaining current account with us and it will be completely system driven. Loan assessment will be based on trade related credits (TRC) arrived in current accounts through credit summation in last 12 months and the Pre Approved Business Loan (PABL) Score. Keeping in view of the success of PAPL, it is expected to garner a good number of business under this module.

(Amt. in Rs. Crore)

| Position As on | 31.03.2025 |
|---|---|
| Sanctioned A/c | 15238 |
| Sanctioned Amt | 927 |

viii. **ई–नवीनीकरण योजना–** मूल्यांकन प्रक्रिया की दक्षता बढ़ाने, TAT को कम करने और छोटे उधारकर्ताओं को सुविधा प्रदान करने के लिए, सरल नवीनीकरण लागू किया गया है जहां ग्राहक केवल एसएमएस के माध्यम से अपनी सहमति देगा और पूरी प्रक्रिया बिना किसी शाखा की भागीदारी के डिजिटल रूप से पूरी हो जाएगी।

| खंड | 01.04.2024 से 31.03.2025 तक | |
|---|---|---|
| | खातो की संख्या | राशि करोड़ में |
| सरल नवीनीकरण | 100930 | 4769 |

**8. सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाएँ**

ए. **पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि):** यह आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू की गई केंद्र की योजना है, जो स्ट्रीट वेंडर्स के लिए औपचारिक रूप से रु. 10,000 तक का वित्त प्रदान करती है, जिसने इस क्षेत्र के लिए आर्थिक सीढ़ी पर आगे बढ़ने के नए अवसर खोले हैं। यह योजना 02.07.2020 को शुरू की गई थी और यह 24 मार्च, 2020 तक या उससे पहले शहरी क्षेत्रों में लगे सभी स्ट्रीट वेंडर्स के लिए उपलब्ध है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत ऋण देने की अवधि दिसंबर 2024 तक बढ़ा दी गई है। सभी ऋणों पर ऋण गारंटी और ब्याज सब्सिडी दावों का भुगतान मार्च 2028 तक किया जाएगा।

इसके अलावा, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत पूर्व के ऋण के समय पर पुनर्भुगतान पर पीएम स्वनिधि लाभार्थियों को बढ़ा हुआ ऋण (₹ 20,000 की दूसरी किस्त और ₹ 50000 की तीसरी किस्त) प्रदान करने के लिए मौजूदा योजना के लाभ को विस्तार दिया गया है।

(संख्या में)

| के अनुसार स्थिति | 31.03.2025 |
|---|---|
| स्वीकृत आवेदन | 7,44,009 |
| संवितरित आवेदन | 7,41,187 |

बी. **ई–पीएम स्वनिधि–** सभी पात्र शहरी स्ट्रीट वेंडरों के लिए पीएम स्वनिधि ऋण को अधिक लचीला और आसानी से सुलभ बनाने के लिए, "ई–पीएम स्वनिधि" योजना उन सभी आवेदकों के लिए शुरू की गई है, जिनके पास सीबीएस में उपलब्ध आधार, पैन के आधार पर हमारे बैंक में केवाईसी अनुपालित बचत और चालू खाता है। इस योजना के तहत बिना किसी मैनुअल हस्तक्षेप के ऋण स्वीकृत किया जाता है और राशि सीधे उधारकर्ता के बचत, चालू खाते में वितरित की जाती है।

(राशि ₹ करोड़ में)

| के अनुसार स्थिति | 31.03.2025 |
|---|---|
| स्वीकृत खाता | 45,569 |
| स्वीकृत राशि | 49 |

सी. **पीएम विश्वकर्मा** – पीएम विश्वकर्मा को 17 सितंबर, 2023 को लॉन्च किया गया था, जो एक समग्र योजना है जिसका उद्देश्य

viii. **Easy-Renewal Scheme-** To increase efficiency of the appraisal process, reduce TAT and to provide ease to small borrowers, Easy renewal has been implemented where customer will give his/her consent through SMS only and the entire journey will be completed digitally without any Branch involvement.

| Segment | From 01.04.2024 to 31.03.2025 | |
|---|---|---|
| | No. of A/c | Amt. in Crore |
| Easy Renewal | 100930 | 4769 |

**8. GOVT. SPONSORED SCHEMES**

a. **PM Street Vendor's AtmaNirbharNidhi (PM SVANidhi):** This is a Central Sector Scheme launched by Ministry of Housing and Urban Affairs formalized for Street vendors providing finance upto Rs. 10,000 which opened up new opportunities for this sector to move up the economic ladder. The scheme was launched on 02.07.2020 and it is available to all street vendors engaged in urban areas as on or before March 24, 2020. Credit Guarantee and interest Subsidy claims on all loans will be paid till March 2028.

In addition to this, Ministry of Housing and Urban Affairs has extended the benefit of existing scheme to provide enhanced loan (2nd tranche of Rs. 20,000 and 3rd tranche of Rs.50000) to PM SVANidhi beneficiaries on timely repayment of earlier loan under PM SVANidhi Scheme.

(In Numbers)

| Position As on | 31.03.2025 |
|---|---|
| Application Sanctioned | 7,44,009 |
| Application Disbursed | 7,41,187 |

b. **e-PM SVANidhi-** To make the PM SVANidhi loan more flexible and easily accessible to all eligible urban street vendors, "e-PM SVANidhi" scheme is launched for all applicants who are having KYC complied saving and current account with bank based on Aadhar/Pan available in CBS. Under the scheme the loan is sanctioned without any manual intervention and the amount is disbursed directly into the saving/current account of the borrower.

(Amt. in Rs. Crore)

| Position As on | 31.03.2025 |
|---|---|
| Sanctioned A/c | 45,569 |
| Sanctioned Amt | 49 |

c. **PM Vishwakarma -** PM Vishwakarma was launched on 17th September, 2023, is a holistic scheme that envisages

कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करना है।

योजना की शुरुआत पीएम विश्वकर्मा लाभार्थी के बैंक खाते के सत्यापन से हुई थी, जिसमें बैंकों को पीएमवी पोर्टल पर अपलोड किए गए लाभार्थी के बैंक खाते के विवरण को सत्यापित करना था। यह एक सतत प्रक्रिया है क्योंकि लाभार्थियों को दैनिक आधार पर पीएमवी पोर्टल पर जोड़ा जाता है।

31.03.2025 तक हमारे बैंक की स्थिति इस प्रकार है:

(संख्या में)

| प्राप्त बैंक खाता सत्या. पन | सत्यापित बैंक खाता विवरण | अस्वीकृत बैंक खाता विवरण | लंबित बैंक खाता विवरण | % लंबित |
|---|---|---|---|---|
| 19,70,617 | 16,17,803 | 2,90,570 | 60,333 | 3% |

राष्ट्रीय संचालन समिति वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) की दिनांक 25.04.2024 को ई–मेल के माध्यम से प्राप्त निर्देशानुसार पोर्टल पर आवेदन स्वीकृत करने और संवितरित करने की कार्यक्षमता 24.04.2024 से लाइव कर दी गई है और बैंक अब पोर्टल पर प्राप्त ऋण आवेदन को स्वीकृत और संवितरित कर सकते हैं। 31.03.2025 तक हमारे बैंक की स्थिति इस प्रकार है:

(संख्या में)

| çkIr vkosnu | lalkf/kr vkosnu ¼vFkkZr Loh—r vLoh—r½ | Loh—r vkosnu | vLoh—r vkosnu | lforfjr vkosnu | yfcr vkosnu |
|---|---|---|---|---|---|
| 85,952 | 75,274 | 32,683 | 42,591 | 30,701 | 10,678 |

योजना के ऋण घटक के अंतर्गत 31.03.2025 तक बैंक की स्थिति

ऋण स्वीकृतियाः 32,683 आवेदन कुल ₹ 316.50 करोड़

ऋण संवितरणः 30,701 आवेदन कुल ₹ 296.43 करोड़

**डी. ई–पीएम विश्वकर्मा** – डिजिटल पहल के एक हिस्से के रूप में और जटिलताओं को कम करने के लिए, बैंक ने 25 जुलाई, 2024 को ई–पीएम विश्वकर्मा – एक शुरुआत से अंत तक डिजिटल यात्रा शुरू की है।

31.03.2025 तक, योजना के तहत डिजिटल चैनल के माध्यम से ₹ 206.57 करोड़ की राशि के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं।

**ई. अन्य पहल**

i. एमएसएमई व्यवसाय को बढ़ाने के लिए क्षेत्र–स्तरीय रणनीतिक पहल शुरू की गई है। बैंक ने 1000 एमएसएमई गहन शाखाएँ खोली हैं। शाखाओं की पहचान एमएसएमई ऋण देने में तेजी लाने के लिए केन्द्र बिन्दु के रूप में की गई है। एमएसएमई विपणन और लीड

to provide end-to-end support to the artisans and craftspeople.

The scheme initially started with Bank account verification of the PM Vishwakarma beneficiary wherein the banks were required to verify the Bank account details of the beneficiary uploaded on the PMV Portal. It is an ongoing process since the beneficiaries are on boarded on the PMV portal on daily basis.

The position of the Bank as on 31st March, 2025 is as under:

(In Numbers)

| Bank Account verification received | Bank Account details verified | Bank Account details rejected | Bank Account details pending | % Pendency |
|---|---|---|---|---|
| 19,70,617 | 16,17,803 | 2,90,570 | 60,333 | 3% |

As per the instruction of National Steering Committee, DFS vide email dated 25th April, 2024 has informed that the functionality to sanction and disburse the application on the portal has been made live w.e.f., from 24th April, 2024 and banks can sanction & disburse the loan application received on the portal.

The position of the Bank as on 31st March, 2025 is as under:

(In Numbers)

| Application received | Application Processed (i.e, Sanctioned + Rejected) | Application Sanctioned | Application Rejected | Application Disbursed | Application Pending |
|---|---|---|---|---|---|
| 85,952 | 75,274 | 32,683 | 42,591 | 30,701 | 10,678 |

**Bank's position as on 31st March, 2025 under the credit component of the scheme**

**Loan sanctions:** 32,683 applications, totaling Rs. 316.50 Crore.

**Loan disbursements:** 30,701 applications, totaling Rs. 296.43 Crore.

**d. e-PM Vishwakarma -** As a part of digital initiative and to reduces the complexities, the Bank has launched e-PM Vishwakarma - an end to end digitized journey on 25th July 2024. Till 31.03.2025, 21,045 applications amounting to Rs. 206.57 Crore. have been sanctioned through Digital Channel under the scheme.

**e. Other Initiatives**

i. Field-level strategic initiatives have been introduced to augment MSME Business. The Bank has 1000 MSME intensive branches. Branches have been identified as the focal point for accelerating MSME lending through focused approach. These branches shall be supported

निर्माण के लिए विपणन अधिकारियों (एमओ) की प्रत्यक्ष भागीदारी के माध्यम से इन शाखाओं का सहयोग किया जाएगा। विपणन अधिकारी (एमओ) कारोबारी लीड सोर्सिंग, गुणवत्तापूर्ण अग्रिमों को प्रचारित करने और एमएसएमई ऋण को बढ़ावा देने में सहायता करेंगे।

ii. **ग्राहक अधिग्रहण केंद्र (सीएसी)** की स्थापना ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करने के साथ की गई है, जिसमें ग्राहकों की प्राथमिकताओं को समझने और विपणन रणनीतियों के साथ उत्पादों और सेवाओं को विकसित करने के लिए व्यापक शोध और बाजार अध्ययन किया जाता है। एमएसएमई पर प्राथमिक रूप से ध्यान देने के साथ रु. 10 लाख से अधिक के कारोबारी ऋण की सोर्सिंग के लिए एमएसएमई कारोबारी ऋण खंड को सीएसी में अलग किया गया है।

iii. **लीड प्रबंधन मॉड्यूल** एमएसएमई लीड को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए डिजाइन किया गया है, जो लीड निर्माण, प्रसंस्करण और समापन के लिए एक संरचित प्रक्रिया प्रदान करता है। यह मॉड्यूल शाखाओं, ग्राहक सेवा, ई–मेल, एसएमएस, इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग जैसे विभिन्न चैनलों को एकीकृत करता है, जिससे व्यापक लीड प्रबंधन सुनिश्चित होता है।

iv. **बैंक द्वारा 190 से अधिक स्थानों पर एमएसएमई आउटरीच अभियान शुरू किया गया है।** आउटरीच कार्यक्रम के तहत ₹ 23,652.04 करोड़ की राशि की 15,743 लीड प्राप्त हुई हैं, जिनमें से ₹ 5,353 करोड़ की राशि की 5,092 लीड स्वीकृत की गई हैं।

## 9. वित्तीय समावेशन (एफआई)

बैंक वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में पहल करने में अग्रणी रहा है। बैंक 2012 से व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) सेवाएं प्रदान कर रहा है और उप–सेवा क्षेत्र (एसएसए) और गैर एसएसए क्षेत्र में बीसी के प्रभावी उपयोग के माध्यम से व्यापक वित्तीय समावेशन कार्यक्रम को लागू कर रहा है। एसएसए कुछ गांवों का समूह है जो बैंक की एक आधार शाखा से जुड़ा हुआ है।

**एफआई पहलों में शामिल कुछ निम्नलिखित है:**

ए. बैंक ने पूरे भारत में बी.सी. के माध्यम से प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) और अन्य वित्तीय समावेशन पहलों को लागू किया है। पात्र खाताधारकों (आयु वर्ग 18–65) को पीएमजेडीवाई खातों में 10,000 रुपये तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा प्रदान की जाती है।

बी. बी.सी. स्थानों पर बायोमेट्रिक आधारित ई–केवाईसी खाता खोलना और आधार सीडिंग।

सी. सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ (एसएसएस), अर्थात प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) सुविधाएँ, बी. सी. स्थानों, शाखाओं, साथ ही इंटरनेट बैंकिंग, मोबाईल बैंकिंग के माध्यम से उपलब्ध हैं। 31 मार्च, 2025 तक सक्रिय सामाजिक सुरक्षा योजनाओं (एसएसएस) की प्रगति निम्नानुसार है।

i. पीएमजेजेबीवाई ₹ 73.08 लाख नामांकित ग्राहक ।

ii. पीएमएसबीवाई ₹ 291.97 लाख नामांकित ग्राहक।

iii. एपीवाई ₹ 46.81 लाख नामांकित ग्राहक।

through direct involvement of Marketing Officers (MOs) for MSME marketing & lead creation. MOs shall assist in sourcing business leads, canvassing quality advances and boosting MSME credit.

ii. **Customer Acquisition Centres (CACs)** have been set up on customer centric approach by way of conducting extensive research & market study to understand the customer preferences and develop products & services along with marketing strategies. MSME Business Loans Segment have been segregated in CACs for sourcing business loans above Rs.10 Lakh with primary focus on MSME.

iii. **The Lead Management Module** is designed to handle MSME leads effectively, providing a structured process for lead creation, processing and closure. This module integrates various channels such as branches, Customer Care, e-mail, SMS, Internet & Mobile Banking, ensuring comprehensive lead management.

iv. **MSME Outreach campaign has been launched by the Bank at 190+ locations.** Under the outreach programme 15,743 number of leads amounting to Rs 23,652 Crore has been received. Out of which 5092 number of leads amounting to Rs 5353 Crore have been sanctioned.

## 9. Financial Inclusion (FI)

The Bank has been the pioneer in taking initiative in the area of financial inclusion. The Bank is providing Business Correspondents (BCs) services since 2012 & implementing comprehensive Financial Inclusion Program through effective utilization of BCs in Sub-Service Area (SSA) & non SSA area. SSA is a cluster of few villages and is linked to one base branch of the Bank.

**Some of the FI initiatives include:**

a. The Bank has implemented Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana (PMJDY) and other financial inclusion initiatives through BCs Pan-India. Overdraft facility up to Rs. 10,000 in PMJDY accounts is provided to eligible account holders (age group 18-65 years).

b. Biometric based e-KYC account opening and Aadhaar seeding at BC Locations.

c. Social Security Schemes (SSS), i.e. Pradhan Mantri Jeevan Jyoti Bima Yojana (PMJJBY), Pradhan Mantri Suraksha Bima Yojana (PMSBY) and Atal Pension Yojana (APY) facilities, are available at BC locations, branches, as well as through Internet Banking/Mobile Banking. The Progress of active Social Security Schemes (SSS) till 31st March, 2025 is as under:

i. PMJJBY: 73.08 Lakh customers enrolled.

ii. PMSBY: 291.97 Lakh customers enrolled.

iii. APY: 46.81 Lakh customers enrolled.

डी. 31 मार्च, 2025 तक बैंक के पास 33,349 बीसी एजेंट/बैंक मित्र हैं जो बैंक की आवश्यकता के आधार पर ग्रामीण, अर्ध–शहरी, शहरी और मेट्रो क्षेत्रों में बुनियादी बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करते हैं। बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने के लिए बीसी एजेंट/बैंक मित्र पैक्स/लैपटॉप/डेस्कटॉप आदि का उपयोग करते हैं। वर्तमान में वित्तीय सेवा विभाग (DFS) के EASE एजेंडे के अनुसार निम्नलिखित सेवाएँ कियोस्क बैंकिंग समाधान के माध्यम से बीसी स्थानों पर उपलब्ध हैं:

i. ई–केवाईसी खाता खोलना।

ii. सावधि जमा रसीद (टीडीआर)/ आवर्ती जमा (आरडी) खोलना, टीडी/आरडी का नवीनीकरण करना।

iii. नकद जमा (अपना बैंक/अन्य बैंक)।

iv. नकद निकासी (अपना बैंक/अन्य बैंक)।

v. निधि अंतरण (अपना बैंक), निधि अंतरण (अन्य बैंक – आधार सक्षम भुगतान प्रणाली {एईपीएस})।

vi. तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस), राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एनईएफटी), भारत–नेपाल विप्रेषण

vii. शेष राशि की पूछताछ (अपना बैंक/अन्य बैंक)।

viii. रुपे डेबिट कार्ड के लिए आवेदन करें, डेबिट कार्ड ब्लॉक करें।

ix. सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यानी सूक्ष्म आकस्मिक मृत्यु बीमा (पीएमएसबीवाई), सूक्ष्म जीवन बीमा (पीएमजेजेबीवाई), पेंशन योजना (एपीवाई) के लिए नामांकन करें।

x. आधार सीडिंग।

xi. स्वयं सहायता समूह (एसएचजी): गठन और संवर्धन के लिए, जिसमें क्रेडिट लिंकेज भी शामिल है।

xii. पासबुक अपडेट, मिनी स्टेटमेंट।

xiii. चेक कलेक्शन।

xiv. नई चेक बुक का अनुरोध, चेक का भुगतान रोकना, चेक की स्थिति की पूछताछ।

xv. एसएमएस अलर्ट/ईमेल स्टेटमेंट (पंजीकृत मोबाइल नंबर, ई–मेल) के लिए अनुरोध।

xvi. बैंक द्वारा स्वीकृत सीमा तक वसूली/संग्रह।

xvii. खुदरा/मुद्रा/कृषि के लिए ऋण अनुरोध।

xviii. चालू खाता खोलने के लिए अनुरोध।

xix. तीसरे पक्ष उत्पादों के लिए अनुरोध।

## VI. जोखिम और चिंताएँ

जोखिम बैंक के व्यवसाय संचालन का अभिन्न अंग है। बैंक को क्रेडिट जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम, चलनिधि जोखिम, ब्याज दर जोखिम जैसे बड़े जोखिमों का सामना करना पड़ता है और इन जोखिमों को प्रबंधित करने और कम करने के लिए बैंक ने उपाय, नीतियाँ, प्रणालियाँ और प्रक्रियाएँ लागू की हैं। बैंक के पास प्रतिष्ठा जोखिम, रणनीतिक जोखिम, आईटी जोखिम, साइबर जोखिम, अनुपालन जोखिम, ईएसजी जोखिम, जलवायु जोखिम, आचरण जोखिम और अन्य अवशिष्ट जोखिमों जैसे महत्वपूर्ण जोखिमों को प्रबंधित करने के लिए एक विश्वसनीय आंतरिक नियंत्रण वातावरण भी है। बैंक के निदेशक मंडल ने रणनीतिक महत्व के विभिन्न क्षेत्रों पर विचार करने के लिए बोर्ड की विभिन्न उप–समितियों और/या कार्यात्मक समितियों का गठन किया है।

d. As on 31st March, 2025, the Bank has 33,349 BC Agents/ Bank Mitras providing basic banking services in Rural, Semi-Urban, Urban and Metro centres. The BC Agents / Bank Mitras use PAX /Laptop /Desktop etc. for providing the banking services. At present following services as per EASE agenda of Department of Financial Services (DFS) are available at BC locations through Kiosk Banking Solution:

i. e-KYC Account Opening.

ii. Term Deposit Receipt (TDR)/ Recurring Deposit (RD) opening, Renew TD/RD.

iii. Cash Deposit (own bank / other bank).

iv. Cash Withdrawal (own bank / other bank).

v. Fund transfer (own bank), Fund transfer (other bank - Aadhaar Enabled Payment System {AEPS}).

vi. Immediate Payment Service (IMPS), National Electronic Funds Transfer (NEFT), Indo-Nepal Remittance.

vii. Balance enquiry (own bank / other bank).

viii. Apply for RuPay debit cards, Block debit card.

ix. Enrollment for social security schemes i.e. micro accidental death insurance (PMSBY), micro life insurance (PMJJBY), pension scheme (APY).

x. Aadhaar Seeding.

xi. **Self Help Group (SHG):** For formation & promotion, including credit linkage.

xii. Passbook update, Mini statement.

xiii. Cheque collection.

xiv. Request new cheque book, Stop payment of cheque, cheque status enquiry.

xv. Request for SMS alert / email statement (registered mobile number/e-mail).

xvi. Recovery/Collection up to bank approved limits.

xvii. Loan request initiation for Retail/Mudra/Agriculture.

xviii. Request initiation for Current account opening.

xix. Request initiation for Third Party Products.

## VI. Risks & Concerns

Risk is integral part of the Bank's business operations. The Bank is exposed to major risks namely credit risk, market risk, operational risk, liquidity risk, interest rate risk, among others and has put in place measures, policies, systems and procedures to manage and mitigate those risks. The Bank also has a reliable internal controlling environment to manage materials risks such as Reputational risk, Strategic Risk, IT Risk, Cyber Risk, Compliance Risk, ESG Risk, Climate Risk, Conduct Risk and other residual risks. The Board of Directors of the Bank has constituted various Sub-Committees of Board and/or Functional Committees to look into different areas of strategic importance.

## 1. क्रेडिट जोखिम प्रबंधन

बैंक के पास एक मजबूत क्रेडिट जोखिम प्रबंधन ढांचा है और उसने व्यापक जोखिम स्कोरिंग/रेटिंग प्रणाली विकसित की है जो नियमित रूप से क्रेडिट निर्णय लेने के लिए प्रतिपक्षों के विविध जोखिम कारकों के एकल बिंदु संकेतक के रूप में कार्य करती है। बैंक के पास उधारकर्ताओं के जोखिम मूल्यांकन के लिए इन–हाउस क्रेडिट जोखिम रेटिंग मॉडल हैं और उसने खुदरा अग्रिम एमएसएमई और कृषि क्षेत्र अग्रिम क्रेडिट स्कोरिंग मॉडल के लिए स्कोरिंग मॉडल भी विकसित और कार्यान्वित किए हैं ताकि किसी विशेष खंड जैसे पीएनबी सम्पत्ति, पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेस लोन, प्री–अप्रूव्ड पर्सनल लोन स्कीम, ई–मुद्रा और एनबीएफसी के साथ सह–उधार व्यवस्था के तहत उधार देने के लिए डिजाइन की गई विशिष्ट उधार योजनाओं की महत्ता को प्राप्त किया जा सके।

बैंक अपनी क्रेडिट जोखिम रेटिंग और स्कोरिंग मॉडल की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए समय–समय पर सत्यापन अभ्यास करता है। बैंक अपने क्रेडिट जोखिम रेटिंग मॉडल की दृढ़ता का परीक्षण करने के लिए माइग्रेशन और डिफॉल्ट दर विश्लेषण भी करता है। क्रेडिट रेटिंग और स्कोरिंग मॉडल का आउटपुट, निर्णय लेने से जुड़ा हुआ है जिसमें क्रेडिट स्वीकृति, मूल्य निर्धारण, क्रेडिट पोर्टफोलियो की ऑडिट, समीक्षा और निगरानी के साथ–साथ ऋण देने की शक्तियाँ शामिल हैं। बैंक ने प्रभावी ऋण देने की प्रथाओं की एकरूपता के लिए ऋण जोखिम प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाली कई नीतियां लागू की हैं।

प्रक्रियाओं के स्वचालन और अनुपालन में वृद्धि के व्यापक उद्देश्य के अनुसरण में, बैंक ने विभिन्न ग्राहक खंडों को लक्षित करते हुए विभिन्न डिजिटल खुदरा ऋण उत्पाद लॉन्च किए हैं। ये उत्पाद नियम–आधारित, सिस्टम संचालित प्रसंस्करण और मंजूरी पर आधारित हैं, जो एंड टू एंड या एंड टू एंड के निकटतम तक होंगे। इन उत्पादों के जोखिमों का आकलन करने के लिए अलग–अलग स्कोरकार्ड विकसित किए गए हैं।

बैंक ने ई–नवीनीकरण योजना भी शुरू की है, जो एक निश्चित सीमा तक जोखिमपूर्ण कार्यशील पूंजी ऋण सुविधाओं हेतु ऋण सुविधाओं के नवीनीकरण के लिए एक स्वचालित/सीधी प्रक्रिया (एसटीपी) है।

बैंक ने ₹1 करोड़ से अधिक के अग्रिमों की प्रभावी निगरानी और ऋण खातों की स्थिति में गिरावट का शीघ्र पता लगाने के लिए एक पूर्णतया डिजिटलीकृत और स्वचालित प्रारंभिक चेतावनी निगरानी उपकरण 'पीएनबी सजग 2.0' स्थापित किया है। यह प्रणाली 133 प्रारंभिक चेतावनी संकेतों (ईडब्ल्यूएस) पर खातों की निगरानी करती है – जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) द्वारा निर्धारित सभी ईडब्ल्यूएस शामिल हैं।

बैंक ने क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड सपोर्ट डिपार्टमेंट (सीआईएएसडी) के तहत एक अलग उद्योग अनुसंधान डेस्क की स्थापना की है जो उद्योगों का आंतरिक जोखिम मूल्यांकन करता है और गणना किए गए उद्योग जोखिम स्कोर के आधार पर 160 से अधिक उद्योगों के लिए उद्योग दृष्टिकोण तैयार करता है। उद्योग जोखिम मूल्यांकन अभ्यास आउटपुट को उद्योग हैंडआउट में अनुवादित किया जाता है जो विभिन्न उद्योग जोखिम मापदंडों का कार्यकारी सारांश और संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करता है। इसके अलावा, तिमाही के दौरान

## 1. Credit Risk Management

The Bank has a robust Credit Risk management framework and has developed comprehensive risk scoring/rating system that serves as a single point indicator of diverse risk factors of counterparties for taking credit decisions in a consistent manner. The Bank has in-house credit risk rating models for risk assessment of borrowers and has also developed and implemented scoring models for Retail advances, MSME and Farm sector advances credit scoring models to capture the peculiarity of specific lending schemes designed for a particular segment such as PNB Sampatti, PNB GST express loan, Pre-Approved Personal Loan scheme, e-Mudra and lending under co-lending arrangements with NBFCs.

The Bank undertakes periodic validation exercise of its credit risk rating and scoring models to ensure their efficacy. The Bank also conducts migration and default rate analysis to test robustness of its credit risk rating models. Output of credit rating and scoring models is linked to decision making which includes credit sanctioning, pricing, loaning powers alongside audit, review & monitoring of credit portfolio. The Bank has put in place several policies covering various aspects of credit risk management to have a uniform set of effective lending practices.

In pursuance of overarching objective of automation of processes and increased compliance, the Bank has launched various digital retail lending products targeting different customer segments. These products are based on rule-based, system driven processing & sanctioning, which shall be end-to-end or near end-to-end. Separate scorecards have been developed to assess the risks for these products.

The Bank has also launched E-Renewal Scheme, an automatic/ Straight Through Process (STP) for renewal of credit facilities for working capital credit facilities having exposure up to a certain threshold.

The Bank has in place a fully digitized and automated Early Warning monitoring tool 'PNB SAJAG 2.0' for effective monitoring of advances above Rs. 1 Crore and early detection of deterioration in health of loan accounts. The system monitors the accounts on 133 Early Warning Signals (EWS) - including all EWS prescribed by Reserve Bank of India (RBI) and Department of Financial Services (DFS).

The Bank has established a separate Industry Research Desk under Credit Intelligence and Support Department (ClaSD), which carries out in-house risk assessment of industries and prepares industry outlook for more than 160 industries based on calculated industry risk scores. Output of industry risk assessment exercise is translated into Industry Handout which presents executive summary and brief of various industry risk parameters. Further, 'Up', 'Stable' and 'Down' Quarterly

उद्योगों में महत्वपूर्ण विकास को समाहित करके उद्योग दृष्टिकोण में 'ऊपर', 'स्थिर' और 'नीचे' तिमाही रुझान भी प्रदान किए जाते हैं।

ये प्रक्रियाएं ऋण की त्वरित एवं सटीक सुपुर्दगी और निगरानी करने, मूल्यांकन में एकरूपता लाने तथा आंकड़ों के भंडारण एवं विश्लेषण में सहायता करती हैं।

## 2. बाजार जोखिम और आस्ति देयता प्रबंधन

बैंक ने बाजार जोखिम प्रबंधन के लिए एक अच्छी तरह से परिभाषित संगठनात्मक संरचना स्थापित की है जो बाजार जोखिम के समग्र प्रबंधन की प्रक्रिया को देखती है, जैसे ब्याज दर जोखिम, इक्विटी मूल्य जोखिम और विदेशी मुद्रा जोखिम और निवेश पोर्टफोलियो को स्वस्थ और तरल बनाए रखने के लिए जोखिमों को मापने और निगरानी करने के लिए कार्यप्रणाली को लागू करती है।

कोषागार परिचालन का मध्य कार्यालय, बैंक के निवेश पोर्टफोलियो के बाजार जोखिम की देखभाल करता है और ट्रेजरी परिचालन से इसके कामकाज की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए समूह मुख्य जोखिम अधिकारी (जीसीआरओ) को रिपोर्ट करता है। इसके अलावा, बाजार जोखिम प्रबंधन समिति (एमआरएमसी) बैंक की एक कार्यात्मक समिति है, जो बाजार जोखिम के समग्र प्रबंधन की देखभाल करती है।

मिड–ऑफिस निवेश पोर्टफोलियो को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए सांख्यिकीय उपकरणों जैसे VaR, दबाव परीक्षण, जोखिम सीमा जैसे एम–अवधि, PV01, जोखिम सीमा आदि के माध्यम से विभिन्न जोखिम स्थितियों की निगरानी करता है। निगरानी को मजबूत और प्रणाली संचालित बनाने के लिए, बाजार जोखिम की बेहतर निगरानी और प्रबंधन के लिए फिनेकल ट्रेजरी एप्लिकेशन में उपकरण/सीमाओं को स्वचालित किया गया है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न देशों में जोखिम की आशंका के प्रभाव को समाविष्ट करने के लिए, प्रभावी मूल्य निर्धारण के लिए मूल्य निर्धारण संरचना में देश जोखिम प्रीमियम को सम्मिलित किया गया है।

बैंक का एक अलग आस्ति देयता प्रबंधन सेल है जो चलनिधि जोखिम और ब्याज दर जोखिम का सक्रिय रूप से प्रबंधन एवं निगरानी करता है। अल्पकालिक लचीलेपन के लिए चलनिधि जोखिम का आकलन करने के लिए, बैंक दैनिक आधार पर चलनिधि कवरेज अनुपात (LCR) की गणना और निगरानी करता है। दीर्घकालिक लचीलेपन हेतु, बैंक मासिक आधार पर निवल स्थिर निधि अनुपात (NSFR) की गणना और निगरानी करता है।

बैंक वैश्विक बाजारों में विकास पर कड़ी नजर रखता है और स्वयं को इस तरह की जोखिम घटनाओं से बचाने के लिए नियमित आधार पर अपने पोर्टफोलियो को स्कैन करता है। बैंक तिमाही आधार पर चलनिधि जोखिम के लिए विस्तृत दबाव परीक्षण करता है। दबाव परीक्षण एक ऐसा उपकरण है जो बैंक–विशेष, बाजार–व्यापी और संयुक्त दबाव की घटनाओं के मामले में बैंक की चलनिधि प्रोफाइल और चलनिधि बफर्स की पर्याप्तता का आकलन करने में सहायता करता है। दबाव परीक्षण में गंभीर लेकिन संभावित परिदृश्यों का उपयोग निम्न, मध्यम और उच्च दबाव परिदृश्यों के तहत चलनिधि स्थिति पर इसके प्रभाव का मूल्यांकन किया जाता है। इस प्रकार, बैंक चलनिधि दबाव परीक्षण और एलसीआर पर प्रभाव का आकलन करता है, इसके बाद आकस्मिक निधि योजना तैयार करता है जिससे चलनिधि की कमी से निपटा जा सके। बैंक हर समय चलनिधि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर आधार पर अपनी आस्तियों का प्रबंधन करता है।

trends in Industry Outlook is also provided by encapsulating significant developments in industries during the quarter.

These processes help to achieve quick & accurate delivery and monitoring of credit, bring uniformity in the appraisal and facilitate storage of data & analysis thereof.

## 2. Market risk and Asset Liability Management

The Bank has in place a well-defined organizational structure for market risk management which looks into the process of overall management of market risk viz. interest rate risk, equity price risk and foreign exchange risk and implements methodologies for measuring and monitoring the risks to keep the investment portfolio healthy and liquid.

Mid-office of Treasury Operations, looks after market risk of the investment Portfolio of the Bank and reports to Group Chief Risk Officer (GCRO) to ensure the independence of its functioning from treasury operations. Further, Market Risk Management Committee (MRMC) a functional committee is also in place to look after the overall management of Market Risk.

Mid Office monitors various risk positions through statistical tools like VaR, stress tests, risk limits like M-Duration, PV01, exposure limit etc. to effectively manage the Investment portfolio. In order to make the monitoring robust and system driven, tools/limits have been automated in Finacle treasury application for better monitoring and management of Market Risk. Further, in order to incorporate the impact of riskiness of exposure in different countries, Country Risk Premium has been incorporated in the pricing structure for effective pricing.

The Bank has a separate Asset Liability Management Cell that manages and monitors liquidity risk and interest rate risk proactively. To assess liquidity risk for short term resilience, the Bank computes and monitors Liquidity Coverage Ratio (LCR) on daily basis. For long term resilience, the Bank computes and monitors Net stable Funding Ratio (NSFR) on monthly basis.

The Bank keeps a close eye on development in the global markets and scans its portfolio on regular basis to protect itself from similar kind of risk incidents. The Bank carries out detailed stress testing for liquidity risk on quarterly basis. Stress test is a tool that helps in assessing the Bank's liquidity profile and the adequacy of liquidity buffers in case of bank-specific, market-wide and combined stress events. Stress test is conducted using severe but plausible scenarios and its impact on liquidity position is assessed under low, medium and high stress scenarios. Similarly, the Bank also conducts liquidity stress test and impact on LCR, followed by preparation of Contingency Funding Plan to tide over liquidity crunch if at all it arises. The Bank manages its assets on a continuous basis in a way to withstand liquidity requirements at all times.

बैंक तिमाही आधार पर बैंकिंग बही में ब्याज दर जोखिम (आईआरआरबीबी) की गणना करता है और आरबीआई को रिपोर्ट करता है। आईआरआरबीबी का मतलब बैंक की पूंजी और आय के लिए मौजूदा और संभावित जोखिम से है जो ब्याज दरों में प्रतिकूल बदलाव से उत्पन्न होता है जो इसकी बैंकिंग बही की स्थिति को प्रभावित करता है।

बैंक ने स्वचालित चलनिधि रिपोर्टिंग के लिए ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज एनालिटिकल एप्लीकेशन (ओएफएसएए) को शामिल किया है। सभी चलनिधि एवं ब्याज दर जोखिम संबंधी रिपोर्टें जैसे एलसीआर, एनएसएफआर, एसएलएस, टीजीए, डीजीए आदि ओएफएसएए एलआरएम और एएलएम मॉड्यूल से तैयार की जा रही हैं, जिससे रिपोर्टिंग प्रक्रिया में काफी सुधार हुआ है। सिस्टम–आधारित चलनिधि रिपोर्टिंग बैंक को संभावित चलनिधि जोखिमों और ट्रिगर्स की पहचान करने, समय पर हस्तक्षेप करने और इसे कम करने मे सहायता करती है।

### 3. परिचालन जोखिम प्रबंधन और आईटी जोखिम

परिचालन जोखिम प्रबंधन कार्यों के लिए बैंक के पास एक सुपरिभाषित संगठनात्मक ढांचा एवं रूपरेखा मौजूद है। बैंक, डेटा की आंतरिक/बाहरी हानि, घटना रिपोर्टिंग, नियर मिस ईवेंट्स, जोखिम नियंत्रण और स्व–मूल्यांकन सर्वेक्षण (आरसीएसए), प्रमुख जोखिम संकेतक (केआरआई), धन शोधन एवं आतंकवादी वित्तपोषण जोखिम के लिए तथा परिदृश्य विश्लेषण के लिए जोखिम आधारित आकलन जैसे उपकरणों के माध्यम से परिचालन जोखिम की पहचान, माप, निगरानी और नियंत्रण/कमी कर रहा है। विभिन्न स्तरों पर अनुमोदन के माध्यम से मौजूदा प्रक्रियाओं को शुरू करने/संशोधित करने से पहले उत्पाद/गतिविधियों/प्रक्रिया/सेवाओं और प्रणालियों में परिचालन जोखिम का विश्लेषण करने के लिए बैंक के पास एक मजबूत तंत्र मौजूद है। बैंक ने वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग से उत्पन्न होने वाले जोखिम के प्रभावी निरीक्षण, समुचित सावधानी और प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए ठोस और उत्तरदायी प्रथाएँ लागू की , साथ ही व्यवसाय निरंतरता योजना भी बनाई है, जिससे गंभीर व्यावसायिक व्यवधान से निपटने में तत्परता मिलती है। बैंक ने एंटरप्राइज–वाइड डेटा वेयरहाउस परियोजना के तहत एक ऑनलाइन परिचालन जोखिम समाधान सांख्यिकीय विश्लेषण सॉफ्टवेयर (एसएएस) लागू किया है और बैंक के संपूर्ण परिचालन जोखिम के प्रबंधन के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न स्तरों पर डेटा कैप्चरिंग और प्रबंधन सूचना प्रणाली के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुये इसे केंद्रीय सर्वर पर रखा है।

बैंक द्वारा सम्पूर्ण बैंक में प्रभावी आईटी और सूचना सुरक्षा जोखिम प्रबंधन के लिए जोखिम कार्य के तहत आईटी और सूचना सुरक्षा जोखिम प्रबंधन वर्टिकल की स्थापना की है। बैंक में घटना प्रबंधन के लिए ऑपरेशन जोखिम समाधान पोर्टल स्थापित किया गया है, जिसमें बैंक का कोई भी कर्मचारी पोर्टल में परिचालन जोखिम घटनाओं को दर्ज कर सकता है। इसके अतिरिक्त, बैंक में तृतीय पक्ष जोखिम के व्यापक प्रबंधन के लिए परिचालन जोखिम कार्य के अंतर्गत तृतीय पक्ष जोखिम प्रबंधन कक्ष की स्थापना की गई है।

बैंक ने सम्पूर्ण बैंक, में प्रभावी आईटी एवं सूचना सुरक्षा जोखिम प्रबंधन के लिए जोखिम कार्य के अंतर्गत नया आईटी और सूचना सुरक्षा जोखिम प्रबंधन वर्टिकल स्थापित किया है।

आईटी जोखिम की पहचान, आकलन, निगरानी और उसे कम करने के लिए बैंक द्वारा एक व्यापक आईटी एवं सूचना सुरक्षा जोखिम प्रबंधन ढांचा तैयार किया गया है। आंतरिक निरीक्षण को सक्षम

The Bank also computes and report Interest Rate Risk in Banking Book (IRRBB) to RBI on quarterly basis. IRRBB refers to current and prospective risk to bank's capital and earnings arising from adverse movement in interest rates that affects its banking book position.

The Bank has automated its liquidity reporting. All the liquidity & Interest rate risk related reports such as LCR, NSFR, SLS, TGA, DGA etc. are being generated from LRM and ALM modules, which has significantly improved the reporting process. The system-based liquidity reporting allows Bank to identify potential liquidity risks and triggers, for timely intervention and mitigation.

### 3. Operational Risk Management and IT Risk

The Bank has in place a well-defined organizational structure and framework for operational risk management functions. The Bank is identifying, measuring, monitoring and controlling/ mitigating the operational risk through tools viz. Internal/ External Loss Data, Incident Reporting, Near Miss Events, Risk Control & Self-Assessment surveys (RCSAs), Key Risk Indicators (KRIs), Risk Based Assessment for Money Laundering & Terrorist Financing Risk and Scenario Analysis. The Bank has a robust mechanism in place to analyse the operational risk in product/activities/process/services and systems before introducing/modifying existing processes through approvals at various levels. The Bank has in place sound and responsive practices to ensure effective oversight, due diligence and management of risk arising from outsourcing of financial services along with Business Continuity Plan that leads to readiness in tackling serious business disruption. The Bank has implemented Statistical Analysis Software (SAS), an online Operational Risk Solution under Enterprise-wide Data Warehouse Project and placed it on central server to take care of various aspects of data capturing and management information system at various levels to provide technological support for managing entire Operational Risk of the Bank.

The Bank has newly established IT and Information Security Risk Management vertical under risk function for effective IT and information security risk management bank wide. The Op Risk solution portal has been established for incident management in the Bank, wherein any employee of the bank can lodge the operational risk incidents in the portal. Further, Third-Party Risk Management Cell under Operational Risk function has been established to have comprehensive management of third-party risk in the Bank

The Bank has newly established IT and Information Security Risk Management vertical under risk function for effective IT and information security risk management bank wide.

The Bank has in place a comprehensive IT and Information Security Risk Management Framework to identify, assess, monitor and mitigate IT risk. A well-defined Incident Escalation

करने, प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र को सुविधाजनक बनाने के लिए एक सुपरिभाषित इंसिडेंट एस्कलेशन मैट्रिक्स मौजूद है। बैंक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों के लिए आवधिक जोखिम आकलन, तृतीय पक्ष के आईटी सेवा प्रदाताओं के अंतर्निहित जोखिमों का मूल्यांकन जैसी कई गतिविधियों के माध्यम से आईटी जोखिम की पहचान, माप, निगरानी और नियंत्रण/कमी कर रहा है।

### 4. आंतरिक पूंजी पर्याप्तता आकलन प्रक्रिया (आईसीएएपी) एवं दबाव परीक्षण

बैंक ने आंतरिक पूंजी पर्याप्तता आकलन प्रक्रिया (आईसीएएपी) पर एक व्यापक नीति बनाई है, जिसकी वार्षिक समीक्षा की जाती है और आईसीएएपी दस्तावेज को छमाही आधार पर बोर्ड के समक्ष रखा जाता है। आईसीएएपी पिलर–I और पिलर–II दोनों जोखिमों को देखता है और विभिन्न जोखिमों के प्रभाव का समग्र दृष्टिकोण रखने के लिए, जो बैंक के सामने आते है, ऐसे सभी जोखिमों को मापने/मूल्यांकन करने के लिए कार्य करता है। जोखिम प्रबंधन प्रक्रियाओं को आईसीएएपी दस्तावेज में विस्तार से शामिल किया गया है। दस्तावेज को समूह स्तर पर एकल और समेकित दोनों आधारों पर तैयार किया जाता है।

बैंक ने प्रतिकूल लेकिन संभावित परिदृश्यों के तहत कमियों की पहचान करने और पूंजी/चलनिधि आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए दबाव परीक्षण पर व्यापक नीति भी बनाई है। नियमित आधार पर ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालन जोखिम, संकेन्द्रण जोखिम, आईआरआरबीबी, चलनिधि जोखिम, देश जोखिम, समूह जोखिम, पेंशन दायित्व जोखिम आदि, जैसे जोखिमों की सम्पूर्ण श्रेणी में दबाव परीक्षण किए जाते हैं। बैंक ने हाल ही में अनुमानों को अधिक सटीक, दूरदर्शी और विस्तृत बनाने के लिए दबाव परीक्षण ढांचे को उन्नत किया है। खुदरा और एमएसएमई पोर्टफोलियो को 1,000+ जोखिम वाले सजातीय माइक्रो क्लस्टर (खाता विशेषताओं, जनसांख्यिकी आदि के आधार पर) में विभाजित किया गया है और समष्टि आर्थिक (मैक्रो–इकोनॉमिक) परिवर्ती के साथ जोड़ा गया है।

### 5. जोखिम वहन की क्षमता रूपरेखा

बैंक के पास जोखिम वहन की क्षमता के लिए एक व्यापक रूपरेखा है। यह रूपरेखा बैंक के भीतर इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए शासन और निगरानी तंत्र के साथ–साथ जोखिम वहन करने की क्षमता का विवरण निर्धारित करता है। जोखिम उठाने की क्षमता को विभिन्न प्रमुख जोखिम मापदंडों के साथ–साथ प्रत्येक पैरामीटर के लिए जोखिम सीमा और जोखिम सीमा स्तर के संदर्भ में परिभाषित किया गया है। वास्तविक जोखिम स्तरों की नियमित आधार पर अनुमोदित सीमाओं के विरूद्ध निगरानी की जाती है।

### 6. समूह जोखिम

समूह स्तर पर जोखिम प्रबंधन का उद्देश्य समूह के हिस्से के रूप में बैंक के जोखिमों का प्रबंधन करना और बैंक के समग्र जोखिम प्रोफाइल पर अन्य समूह संस्थाओं के संभावित प्रभाव का आकलन करना है। बैंक के पास समूह जोखिम प्रबंधन ढांचा/संरचना है जो पिरामिड दृष्टिकोण पर आधारित है, जो शीर्ष पर समूह जोखिम नीति से शुरू होकर जोखिम क्षमता, अभिशासन, प्रक्रियाओं और जोखिम रिपोर्टिंग के माध्यम से आगे बढ़ती है। बैंक ने समूह जोखिम के

Matrix is in place to enable internal oversight, facilitate effective response mechanisms. The Bank is identifying, measuring, monitoring and controlling/mitigating the IT Risk through several activities viz. periodical Risk assessments for critical and significantly important applications, evaluating the inherent risks of third-party IT service providers.

### 4. Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP) & Stress Testing

The Bank has in place a comprehensive policy on Internal Capital Adequacy Assessment Process (ICAAP), which is reviewed annually and ICAAP document is put up to the Board on half yearly basis. ICAAP addresses both the Pillar-I and Pillar-II risks and to have a holistic view of impact of various risks which the Bank is exposed to and an exercise is carried out to quantify/assess all such risks. The risk management processes are covered at length in the ICAAP document. The document is prepared on both solo and consolidated basis at the group level.

The Bank also has put in place comprehensive Policy on Stress Test to identify the vulnerabilities and assess capital/liquidity requirements under adverse but plausible scenarios. Stress tests are conducted across whole gamut of risks namely Credit risk, Market risk, Operational risk, Concentration risk, IRRBB, Liquidity risk, Country risk, Group risk, Pension Obligation risk, etc. on a regular basis. The Bank has recently upgraded the stress testing framework to make the estimates more accurate, forward looking and granular. The retail and MSME portfolios have been further segregated into 1,000+ risk homogeneous micro clusters (based on account characteristics, demographics etc.) and linked with macro-economic variables.

### 5. Risk Appetite Framework

The Bank has a comprehensive Risk Appetite Framework in place. The Framework sets out the Risk Appetite Statement along with governance and monitoring mechanism for its effective implementation within the Bank. Risk Appetite has been defined in terms of different key risk parameters along with the Risk limit and Risk threshold level for each parameter. Actual risk levels are monitored against the approved limits on an ongoing basis.

### 6. Group Risk

Risk Management at Group Level is to manage the risks of the Bank as part of the group and assess the potential impact of other group entities on the overall risk profile of the Bank. The Bank has group risk governance framework/structure which is based on pyramid approach, starting with Group Risk Policy at top and progressing through risk appetite, governance, processes and risk reporting. The Bank has formed a Group

प्रभावी प्रबंधन के लिए एक समूह जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया है। सहायक कंपनियों, सहयोगियों और संयुक्त उद्यम (जेवी) का समूह जोखिम मूल्यांकन, समेकित स्तर पर सहायक कंपनियों और विदेशी शाखाओं के दबाव परीक्षण का प्रभाव, समूह तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर), समेकित विवेकपूर्ण रिपोर्ट (सीपीआर), विवेकपूर्ण सीमा और आकस्मिक निधि योजना (सीएफपी) के माध्यम से चलनिधि जोखिम प्रबंधन सहित सभी समूह संस्थाओं का बैंक के पास एक मजबूत समूह जोखिम दृष्टिकोण है। इसके अलावा आईसीएएपी समूह होने वाले विभिन्न जोखिमों (पिलर I और पिलर II दोनों) का आकलन करने, इन जोखिमों को कम करने और इन जोखिमों के अनुरूप पूंजी पर्याप्तता के आंतरिक रूप से गणना किए गए स्तर पर पहुंचने के लिए तैयार है।

## 7. जलवायु जोखिम

जलवायु–संबंधी जोखिम उन संभावित चुनौतियों को संदर्भित करते हैं जो जलवायु परिवर्तन या इसके प्रभावों को कम करने के लिए किए गए उपायों, उनके संबन्धित प्रभाव और आर्थिक और वित्तीय परिणामों से उत्पन्न हो सकते हैं। ये जोखिम मुख्य रूप से दो चैनलों के माध्यम से वित्तीय क्षेत्र को प्रभावित कर सकते हैं– भौतिक जोखिम और संक्रमण जोखिम। भौतिक जोखिम में चरम मौसम की घटनाओं की बढ़ती आवृत्ति और गंभीरता, जलवायु में दीर्घकालिक क्रमिक बदलाव और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के क्षरण जैसे अप्रत्यक्ष प्रभावों के परिणामस्वरूप होने वाली आर्थिक लागत और वित्तीय हानि शामिल है। दूसरी ओर, संक्रमण जोखिम, निम्न–कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने की प्रक्रिया से उत्पन्न होते हैं, जिसमें नीति, कानूनी रूपरेखा, प्रौद्योगिकी और बाजार की गतिशीलता में परिवर्तन शामिल हैं।

इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में प्रयासों को गति देने के लिए, बैंक ने एक समर्पित क्लाइमेट रिस्क मैनेजमेंट सेल का गठन किया है, जिसका काम चार रणनीतिक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक संरचित योजना को लागू करना है। नेट जीरो महत्वाकांक्षा, जोखिम प्रबंधन, परिचालन एकीकरण और जलवायु जोखिम प्रशासन। स्थिरता पहलों की निगरानी और समन्वय को मजबूत करने के लिए, बैंक ने एक स्थिरता और लचीलापन समिति (SARC) का भी गठन किया है। इसके अतिरिक्त, बैंक ने हरित जमा नीति अपनाई है। बैंक ने स्थायी वित्तपोषण उद्देश्यों को समर्थन देने के लिए हरित बॉन्ड जारी करने की रूपरेखा के साथ हरित, सामाजिक और स्थिरता से जुड़ी गतिविधियों/परियोजनाओं के लिए एक वित्तपोषण ढांचा भी स्थापित किया है, जिसकी बाहरी समीक्षा की गई है।

बैंक ने जलवायु संबंधी जोखिमों के प्रबंधन के लिए अपनी आंतरिक क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि की है। अंतर्निहित परिसंपत्तियों की कमजोरियों के आकलन के लिए संपूर्ण ऋण पोर्टफोलियो का एक व्यापक भौतिक जोखिम मूल्यांकन किया गया है। इसके समानांतर, उधारकर्ताओं का स्कोप 1 और स्कोप 2 उत्सर्जन सहित उनके कार्बन उत्सर्जन डेटा को एकत्रित करके संक्रमण जोखिम मूल्यांकन किया गया है। बैंक ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत जीएचजी प्रोटोकॉल के आधार पर एक मजबूत हरित गृह गैस (जीएचजी) मापन ढांचे को लागू करने के साथ, कार्बन अकाउंटिंग फाइनेंशियल्स (पीसीएएफ) मानकों के लिए साझेदारी के अनुरूप वित्तपोषित उत्सर्जन की गणना के लिए एक पद्धति भी तैयार की है। इसके साथ ही, जलवायु जोखिम प्रबंधन में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को ध्यान में रखते हुए एक गुणात्मक जलवायु जोखिम रणनीति तैयार की गई है।

